सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 19.7 अधि |
| धर्मशाला | 18.6 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,922 |
| निफ्टी | 24,005 |

सोना 1,40,000 चांदी 2,21000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 2 जुलाई 2026 | 18 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 184, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## हिमाचल में बारिश का कहर, 44 सड़कें बंद

### मंडी सबसे ज्यादा प्रभावित, कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ तेज बारिश और भूस्खलन ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। हालांकि, बारिश से किसानों और बागवानों को राहत मिली है, लेकिन कई इलाकों में मुश्किलें बढ़ गई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भूस्खलन और भारी बारिश के चलते 44 सड़कें बंद हैं और 254 बिजली ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित है।

सबसे ज्यादा असर मंडी जिले में देखा गया है, जहां 28 सड़कें बंद हैं। कुल्लू में 12, लाहौल-स्पीति में 2 और ऊना में 2 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। वहीं, मंडी में 198, सिरमौर में 44 और कुल्लू में 11 ट्रांसफार्मर खराब होने से आपूर्ति बाधित है। इसी बीच लाहौल-स्पीति के जिस्पा क्षेत्र में मंगलवार रात बादल फटने से नाले में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित हुआ और वाहन फंस गए। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मार्ग बहाल कर दिया है। फिलहाल राजमार्ग पर यातायात सामान्य बताया जा रहा है। मौसम विभाग ने कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और अगले कुछ दिनों तक सतर्क रहने की सलाह दी है।

## चंबा के सलूणी में फटा बादल दो गांवों में हुई भारी तबाही




अनंत ज्ञान

**सलूणी।** हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के तहत आने वाले सलूणी उपमंडल की ग्राम पंचायत लनोट से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां के गांव लनोट और फगड़ोग में अचानक बादल फटने से भारी तबाही हुई है। बादल फटने के कारण क्षेत्र में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिससे स्थानीय निवासियों के घरों को भारी नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार, इस दैवीय आपदा के कारण फगड़ोग गांव के निवासी तानी पुत्र कंठ और नारद पुत्र लछ्मण के घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। बादल फटने के बाद पहाड़ों से आया भारी मलबा और तेज पानी का बहाव सीधे इन दोनों के घरों के भीतर घुस गया। मलबे के भारी दबाव के कारण नारद (पुत्र लछ्मण) के मकान में गंभीर दरारें आ गई हैं, जिससे मकान के ढहने का खतरा पैदा हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत लनोट के प्रधान देसराज तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। देसराज ने बताया कि बादल फटने से दोनों ग्रामीणों के मकानों को काफी नुकसान पहुंचा है। इसमें नारद के मकान को सबसे ज्यादा क्षति हुई है, क्योंकि घर के अंदर मलबा भरने से दीवारें चटक गई हैं। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और प्रशासन को सूचित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## स्वदेशी तकनीक से युद्ध जीतना लक्ष्य : सेना प्रमुख

**कार्यभार संभालते ही जनरल धीरज सेठ ने गिनाईं प्राथमिकताएं**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय सेना के नए प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को पदभार संभालने के बाद कहा कि सेना का सबसे बड़ा लक्ष्य स्वदेशी तकनीक और क्षमताओं के दम पर युद्ध जीतने की क्षमता विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि सेना सीमाओं पर पूरी सतर्कता बनाए रखते हुए हर चुनौती से निपटने के लिए उच्च स्तर की ऑपरेशनल तैयारी रखेगी।

साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद जनरल सेठ ने अपने पिता लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केएम सेठ और छोटे भाई रियर एडमिरल रविनीश सेठ को सैल्यूट किया। सैन्य परिवार से आने वाले जनरल सेठ 1997 के बाद आर्म्ड कोर से सेना प्रमुख बनने वाले पहले अधिकारी हैं।

अपने पहले संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को तकनीक-संचालित, भविष्य के लिए तैयार और आत्मनिर्भर बल बनाया जाएगा। उन्होंने नवाचार, आधुनिकीकरण और बदलते युद्धक्षेत्र के अनुरूप क्षमताएं विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि देश में विकसित स्वदेशी तकनीक सेना की ताकत बनेगी। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में 65 हजार से अधिक किशोरियों को मिलेगा निशुल्क टीका : सीएम सुक्खू

### एचपीवी टीकाकरण से बेटियों को मिलेगा मजबूत सुरक्षा कवच

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने किशोरियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य अभियान की शुरुआत की है। प्रदेश में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 65 हजार से अधिक बालिकाओं को निशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाई जाएगी। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सरकार ने 2 करोड़ 39 लाख रुपए का बजटीय प्रावधान किया है। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाना और उन्हें समय रहते प्रभावी सुरक्षा प्रदान करना है। जो एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है और समय पर लगाया गया टीका इस खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल इलाज पर नहीं, बल्कि बीमारी की रोकथाम पर भी समान रूप से ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बेटियां ही स्वस्थ हिमाचल की आधारशिला हैं और सरकार प्रत्येक बेटी को सुरक्षित भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी सोच का हिस्सा है, जिसके माध्यम से हजारों परिवारों को भविष्य में गंभीर बीमारी और उसके आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में सरकार किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगी और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, नियमित जांच और टीकाकरण जैसी योजनाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि किशोरियों को शुरुआती उम्र में ही आवश्यक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक टीकाकरण कार्यक्रम नहीं बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में दीर्घकालिक निवेश है, जिसका सकारात्मक प्रभाव आने वाले वर्षों में दिखाई देगा।

**नारी सशक्तीकरण से जनस्वास्थ्य तक, सरकार का दूरदर्शी कदम**

**सीएम** का मानना है कि महिलाओं का स्वास्थ्य मजबूत होगा तो समाज और आने वाली पीढ़ियां भी अधिक सुरक्षित होंगी। एचपीवी टीकाकरण अभियान उसी व्यापक सोच का हिस्सा है, जिसके तहत बेटियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि समय पर टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी और भविष्य में हजारों परिवार इस गंभीर बीमारी की पीड़ा से बच सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की हर बेटी सरकार की जिम्मेदारी है और उनके स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सम्मान की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की भी अपील की।

## प्रदेश में सरकारी जमीनों पर अब होगी डिजिटल निगरानी

**◆ हर भूखंड का बनेगा अलग रिकॉर्ड**
**अतिक्रमण पर लगेगी लगाम**

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी भूमि के संरक्षण, पारदर्शी प्रबंधन और अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से नई लैंड एसेट मैनेजमेंट गाइडलाइंस लागू कर दी हैं। नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक सरकारी भूखंड का अलग-अलग रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा और उसका डिजिटल डाटाबेस विकसित किया जाएगा। लिहाजा, इस पहल से सरकारी भूमि का वास्तविक रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, विवादों में कमी आएगी और भविष्य की विकास परियोजनाओं के लिए भूमि संबंधी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगी।

जानकारी के अनुसार नई गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक विभाग और संस्थान अपनी प्रशासनिक सीमा में आने वाली सरकारी भूमि का अद्यतन रिकॉर्ड रखेगा। यदि किसी विभाग की भूमि अलग-अलग स्थानों पर स्थित है तो प्रत्येक स्थान के लिए अलग लैंड रिकॉर्ड फाइल तैयार की जाएगी। इन अभिलेखों के रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष अथवा अधिकृत अधिकारी की होगी। साथ ही समय पर म्यूटेशन, राजस्व अभिलेखों का अद्यतन, जीआईएस आधारित मैपिंग, वार्षिक निरीक्षण और सीमा संरक्षण को भी अनिवार्य बनाया गया है, ताकि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे या रिकॉर्ड संबंधी गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके।

इतना ही नहीं सरकार ने भूमि प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकारी जमीनों को चार अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत करने का प्रावधान भी किया है। इसमें रिकॉर्ड और वास्तविक कब्जे में अंतर वाले भूखंड, लंबित म्यूटेशन वाले मामले, पूरी तरह सही रिकॉर्ड वाली भूमि तथा अतिक्रमण या विवादग्रस्त जमीन को अलग-अलग श्रेणियों में रखकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सभी विभागों और संस्थानों को इन गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे सरकारी भूमि का संरक्षण मजबूत हो और राज्य में भूमि प्रबंधन व्यवस्था अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा आधुनिक बन सके।

## अंबाला : 220 फुट बोरवेल में गिरे 4 साल के बच्चे की मौत

**एजेंसी, चंडीगढ़।** अंबाला के गांव धन्यौरा में बोरवेल में गिरे चार वर्षीय निरवैर उर्फ निर्भय सिंह की मौत हो गई। करीब 21 घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद बुधवार तड़के लगभग चार बजे उसका शव बाहर निकाला गया। खेत में खेलते समय बच्चा करीब 220 फीट गहरे खुले बोरवेल में गिर गया था। घटना के बाद सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाया, लेकिन बच्चे को बचाया नहीं जा सका। परिजनों के अनुसार, मंगलवार सुबह निरवैर अपने पिता के साथ खेत गया था। खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह बोरवेल में गिर गया। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सटीक कारण और समय का पता चलेगा। (अनंत ज्ञान)

## मंडी में पहाड़ी से गिरा पत्थर, महिला की मौत

**◆ औट में शनि मंदिर के पास हादसा**

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में मानसून की पहली तेज बारिश ने एक दर्दनाक हादसा हो गया। औट क्षेत्र में शनि मंदिर के समीप पहाड़ी से गिरे बड़े पत्थर की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतका जिला सोलन के नालागढ़ की रहने वाली थी। वह अपने परिवार के साथ वाहन से यात्रा कर रही थी। इसी दौरान उसे उल्टी महसूस होने पर वह सड़क किनारे उतर गई, तभी अचानक पहाड़ी से पत्थर गिर गया और वह उसकी चपेट में आ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। औट पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लगातार बारिश के कारण पहाड़ों में भूस्खलन और पत्थर गिरने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से संवेदनशील क्षेत्रों में सावधानी बरतने और अनावश्यक ठहराव से बचने की अपील की है।

## दौसा : एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रेलर टक्कर के बाद लगी आग, 8 की मौत

**एजेंसी, दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले के कोलवा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। खाली ट्रेलर और स्लीपर बस की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई, जिसमें 8 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसा रात करीब 2:38 बजे हुआ। टक्कर के बाद बस में आग तेजी से फैल गई, जिससे कई यात्री झुलस गए। मृतकों में कुछ की पहचान जलने के कारण कठिनाई से हो सकी है। दौसा अस्पताल के पीएमओ ने बताया कि 8 यात्रियों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी, जबकि 13 घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड के समय पर न पहुंचने का आरोप लगाया है। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश सचिवालय में नौ एचएएस और सचिवालय सेवा अधिकारियों के तबादले

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नौ एचएएस तथा राज्य सचिवालय सेवा अधिकारियों के तबादला एवं तैनाती आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के तहत कई अधिकारियों को नए विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि कुछ अधिकारियों को अपने वर्तमान कार्य के साथ अतिरिक्त विभागों का दायित्व भी दिया गया है।

आदेशों के अनुसार अवर सचिव (कृषि) जय प्रकाश का तबादला कर उन्हें अवर सचिव (गृह) नियुक्त किया गया है। वहीं, अवर सचिव (सचिवालय प्रशासन विभाग) कपिल मोहन को उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ अवर सचिव (कृषि) का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। इसी क्रम में संयुक्त सचिव (प्रशासनिक सुधार) डॉ. स्वाति गुप्ता को संयुक्त सचिव (प्रशिक्षण एवं विदेशी असाइनमेंट) तथा सैनिक कल्याण विभाग का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। अवर सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) प्रमिला शर्मा अपने वर्तमान पद पर कार्य करती रहेंगी। सरकार ने अवर सचिव (ग्रामीण विकास) सुख राम का तबादला कर उन्हें अवर सचिव (नगर एवं ग्राम नियोजन) नियुक्त किया है। इसके साथ ही उन्हें अवर सचिव (डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

इस व्यवस्था के तहत अवर सचिव (युवा सेवा एवं खेल) रंजना शर्मा को उक्त अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है। राज्य सचिवालय सेवा अधिकारी मोनिका सूद को पदोन्नत कर अवर सचिव (शिक्षा) नियुक्त किया गया है। वहीं, सचिवालय सेवा अधिकारी प्रवीण कुमार को पदोन्नति देते हुए अवर सचिव (ग्रामीण विकास) बनाया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री के कार्यालय का कार्य भी सौंपा गया है।

**प्रगति** सीमित संसाधनों के बावजूद एडवेंचर प्रेमियों की पहली पसंद बनी स्पीति घाटी की 'चंद्रताल झील'

## अर्धचंद्राकार झील में दिखता है पहाड़ों का अक्स

अनंत ज्ञान





स्पीति घाटी की प्रसिद्ध चंद्रताल झील। अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, काजा।** यदि आप इस मौसम में प्रकृति का अनोखा करिश्मा देखना चाहते हैं तो हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी स्थित चंद्रताल झील (मून लेक) इन दिनों पर्यटकों और ट्रैकर्स के लिए प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। शिमला, मनाली और सिस्सू जैसे हिल स्टेशनों से अलग यह झील रोजाना हजारों सैलानियों को आकर्षित कर रही है।

समुद्रतल से करीब 14,100 फीट ऊंचाई पर स्थित यह चंद्रताल झील अपने अर्धचंद्राकार आकार के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यह वही स्थान है जहां देवताओं के राजा इंद्र ने पांडवों के युधिष्ठिर को सशरीर स्वर्ग ले जाने के लिए आगमन किया था। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां रात में परियों के आने की भी मान्यता है। करीब 2.5 किलोमीटर चौड़ी यह मीठे पानी की झील अपने बदलते रंग के लिए जानी जाती है। इसका पानी सामान्यत: नीला और शीशे जैसा साफ दिखता है, जिसमें आसपास की पर्वत श्रृंखला का प्रतिबिंब दिखाई देता है। बर्फीली चोटियों और हरी घास के बीच स्थित यह झील अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य प्रस्तुत करती है।

**जून से अगस्त तक ही मिलता है यात्रा का मौका**

**स्पीति** घाटी स्थित चंद्रताल झील तक पहुंचने का अवसर पर्यटकों को केवल जून से अगस्त के बीच ही मिलता है। भारी बर्फबारी के कारण यह क्षेत्र वर्ष के अधिकांश समय दुनिया से कटा रहता है और झील जमी रहती है। मनाली से चंद्रताल की दूरी करीब 120 किलोमीटर है और पर्यटक अटल टनल रोहतांग के रास्ते यहां पहुंचते हैं। आगे का सफर बेहद दुर्गम है। यह झील ट्रैकर्स के बीच बेहद लोकप्रिय है और हामटा पास से भी यहां तक ट्रैकिंग रूट मौजूद है। चांदी जैसे चमकते पहाड़, ग्लेशियर और नदियां इस यात्रा को रोमांचक बनाते हैं। झील के पास ठहरने की सुविधा सीमित है, जहां टेंट, स्थानीय गेस्ट हाउस और पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह ही प्रमुख विकल्प हैं।



# शिमला में चिट्टा सप्लाई करने वाला मुख्य सरगना पंजाब से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिला के ऊपरी क्षेत्र में दर्जनों लोगों को नियमित रूप से चिट्टा (हेरोइन) सप्लाई करने वाले एक मुख्य सरगना को शिमला पुलिस ने पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शिव चरण महतो ऊपरी शिमला के करीब 50 लोगों को नशे की खेप पहुंचा चुका था।

पुलिस का कहना है कि ठियोग में चिट्टा बरामदगी के एक मामले की जांच के दौरान पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ और इसके बाद मुख्य सप्लायर तक पहुंचने में सफलता मिली। पुलिस के अनुसार यह मामला 21 जून का है। उस दिन पुलिस थाना ठियोग की टीम फागू क्षेत्र में गश्त और अपराध रोकथाम के लिए तैनात थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन को जांच के लिए रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से करीब 9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। मौके पर वाहन चालक ठियोग के फागू निवासी साहिल वर्मा (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया और मामले की विस्तृत जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। मोबाइल फोन और व्हाट्सएप से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया गया। इसी पड़ताल में पुलिस को नशे की सप्लाई चेन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जांच में सामने आया कि बरामद चिट्टे की खेप मोहाली निवासी शिव चरण महतो से लाई गई थी, जो इस नेटवर्क का प्रमुख सप्लायर माना जा रहा है। इसके बाद शिमला पुलिस ने 29 जून को मध्यरात्रि को मोहाली के एसएएस नगर क्षेत्र में दबिश दी और शिव चरण महतो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान साधु महतो के पुत्र शिव चरण महतो निवासी जगतपुरा, एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब के रूप में हुई है।

# राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही सरकार : डॉ. सिकंदर

## सांसद ने स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान



सांसद डॉ. सिकंदर कुमार को सम्मानित करते हुए भाजपा नेता चेतन बरागटा।

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने जुब्बल में जिला महासू प्रशिक्षण महाभियान के समापन सत्र में प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अराजकता और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रूनिंग कैंची खरीद मामले में कथित अनियमितताएं, अवैध कब्जों पर सरकार का रवैया और स्थानीय निकायों में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास कांग्रेस सरकार की कार्यशैली को उजागर करते हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

डॉ. सिकंदर कुमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है और जहां भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों का बहुमत है, वहां स्थानीय निकायों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव जानबूझकर टाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है तथा किसान, बागवान, युवा, कर्मचारी, महिलाएं और व्यापारी सरकार की नीतियों से निराश हैं।

◆ **प्रूनिंग कैंची खरीद और अवैध कब्जों के मामलों में निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

भाजपा के राज्यसभा सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मुद्दों का समाधान करने के बजाय राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दे रही है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता दोनों प्रभावित हो रही हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान

**समापन** सत्र में डॉ. सिकंदर कुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर कांग्रेस सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के मुद्दों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा और पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने भी संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

# आश्वासन सबसे उत्तम आसन, योग सबसे अच्छा सहयोग : डॉ. सर्वेश्वर

अनंत ज्ञान



भगवान शिव कथामृत के दूसरे दिन समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते डॉ. सर्वेश्वर।

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के खलीनी स्थित क्योंथल बैंक्वेट हॉल में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित सात दिवसीय भगवान शिव कथामृत के दूसरे दिन समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए डॉ. सर्वेश्वर ने भगवान शिव के नीलकंठ स्वरूप का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने संपूर्ण सृष्टि के कल्याण के लिए अपने कंठ में धारण किया, जो त्याग, सहनशीलता और लोकमंगल का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों का भी दायित्व है कि वे व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज, मानवता और जरूरतमंदों के हित में अपना योगदान दें।

उनके अनुसार सबसे श्रेष्ठ आसन आश्वासन, सबसे उत्तम योग सहयोग और सबसे बड़ी श्वास 'विश्वास' है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ. सर्वेश्वर ने कहा कि भगवान शिव का एक स्वरूप पशुपतिनाथ भी है, इसलिए प्रत्येक जीव के प्रति दया, करुणा और संवेदनशीलता रखना ही सच्ची शिवभक्ति है। उन्होंने लोगों से सेवा और त्याग जैसे मानवीय मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान नरोत्तम दास ने परिवार सहित पूजन किया। वहीं महाशिवरात्रि महोत्सव भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत और नृत्य के माध्यम से सहभागिता की। पावन आरती में वरिष्ठ एआईजी जेल सुशील कुमार ठाकुर ने भी भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पंचायत समिति रामपुर के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए आज होगी दूसरी बैठक

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** उपमंडलाधिकारी रामपुर बुशहर हर्ष अमरेंद्र सिंह द्वारा जारी अधिसूचनाओं के अनुसार पंचायत समिति रामपुर, पंचायत समिति ननखड़ी तथा नगर परिषद रामपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन के लिए द्वितीय बैठकें 2 जुलाई, 7 जुलाई तथा 6 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जाएंगी। अधिसूचना के अनुसार पंचायत समिति रामपुर के 19 नवनिर्वाचित सदस्यों की द्वितीय बैठक 2 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे खंड विकास अधिकारी कार्यालय, रामपुर बुशहर के पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगी।

इसी प्रकार पंचायत समिति ननखड़ी के 15 नवनिर्वाचित सदस्यों की द्वितीय बैठक 7 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे खंड विकास अधिकारी कार्यालय, ननखड़ी के पंचायत समिति सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति रामपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन के लिए 24 जून तथा पंचायत समिति ननखड़ी के लिए 25 जून को प्रथम बैठक आयोजित की गई थी। दोनों बैठकों में आवश्यक गणपूर्ति (कोरम) पूर्ण नहीं होने के कारण पंचायती राज निर्वाचन नियमों के अनुसार अब द्वितीय बैठकें बुलाई गई हैं। उपमंडलाधिकारी नागरिक रामपुर ने अधिसूचना जारी कर नगर परिषद रामपुर के 9 नवनिर्वाचित सदस्यों की द्वितीय बैठक 6 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे नगर परिषद रामपुर के बैठक कक्ष में निर्धारित की गई है।

◆ **नगर परिषद रामपुर के सदस्यों की बैठक 6 जुलाई और पंचायत समिति ननखड़ी की 7 को आयोजित होगी**

नगर परिषद रामपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन के लिए प्रथम बैठक 27 जून को आयोजित की गई थी, लेकिन आवश्यक गणपूर्ति (कोरम) पूर्ण नहीं होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न नहीं हो सकी। इसलिए संबंधित नियमों के अनुसार द्वितीय बैठक बुलाई गई है।

### 40 तोला सोना और 250 ग्राम चांदी के आभूषण किए बरामद

# 50 लाख के गहने चुराने वाली दो महिलाएं काबू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस ने लोअर बाजार में लाखों रुपये के आभूषण चोरी मामले का पर्दाफाश करते हुए पंजाब के पटियाला से दो महिलाओं को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए करीब 40 तोला सोना और 250 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 45 से 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार 25 जून को सदर थाना में पवाबो निवासी खूब सिंह ठाकुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि लोअर बाजार में खरीदारी के दौरान अज्ञात महिलाओं ने उनके बैग से सोने-चांदी के कीमती गहने चोरी कर लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी शिमला के निर्देश पर विशेष जांच दल का गठन किया गया और आधुनिक तकनीक की मदद से जांच तेज कर दी गई।



जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल सहित आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जबकि साइबर सेल की सहायता से तकनीकी साक्ष्य जुटाकर आरोपियों और उनकी गाड़ी की पहचान की गई।

इसके बाद नारकंडा, लुहरी, कीरतपुर, मंडी, कुल्लू और बिलासपुर सहित विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाहन की आवाजाही को ट्रैक किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी 28 जून को पंजाब पहुंच चुके हैं। इसके आधार पर शिमला पुलिस की टीम तुरंत पटियाला रवाना हुई और वहां दबिश देकर दोनों महिलाओं चंद्रवती और रेखा को चोरी किए गए आभूषणों सहित गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार दोनों महिलाओं को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एएसपी मेहर पंवार ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी महिलाएं अन्य राज्यों या जिलों में हुई इसी प्रकार की चोरी की घटनाओं में भी शामिल रही हैं या नहीं। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से अंतरराज्यीय चोरी गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी तथा मामले से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं की भी विस्तार से जांच की जा रही है।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## 25 हजार जुर्माना, अदा नहीं किया तो 6 माह की अतिरिक्त जेल

अनंत ज्ञान

**शिमला।** जिले में वर्ष 2022 में हुए एक हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला शिमला की विशेष अदालत ने सुनाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच और अदालत में पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ आरोप साबित हुए। पुलिस के अनुसार थाना ढली में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 324 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।



जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी रामेश्वर, पुत्र स्वर्गीय बिहारी लाल, निवासी गांव थूंड, डाकघर सतलाई, तहसील जुंगा, जिला शिमला ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने पीड़ित को चोटें भी पहुंचाई थीं।

मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अदालत में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपना पक्ष रखा। इसके बाद विशेष न्यायाधीश, शिमला ने मंगलवार को आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने आदेश दिया है कि जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा अदालत ने आरोपी को धारा 324 के तहत दो वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। जिला शिमला पुलिस ने कहा है कि गंभीर अपराधों के मामलों में निष्पक्ष, वैज्ञानिक और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के प्रभावी संकलन और अदालत में मजबूत पैरवी के माध्यम से दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने की दिशा में काम जारी रहेगा। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई आगे भी जारी रखी जाएगी।

# भाजपा की चिंता छोड़ अपने बिखरे संगठन को संभाले कांग्रेस पार्टी : संदीपनी भारद्वाज

## बोले- अब सदस्यता अभियान के नाम पर जनता को किया जा रहा गुमराह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस संगठन महासचिव विनोद जिंटा के उस बयान पर तीखा पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने एक माह के भीतर 8 से 10 हजार भाजपा कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने का दावा किया था।

संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि यह दावा पूरी तरह निराधार, काल्पनिक और कांग्रेस की राजनीतिक हताशा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा के मजबूत और अनुशासित संगठन की चिंता करने के बजाय पहले अपने ही बिखरते संगठन और बढ़ती गुटबाजी पर ध्यान देना चाहिए। जिस पार्टी के अपने विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता लगातार सरकार तथा संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हों, वह भाजपा जैसे विचार आधारित संगठन को कमजोर करने के सपने देख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार और संगठन के बीच तालमेल पूरी तरह समाप्त हो चुका है और जनता के बीच सरकार की विश्वसनीयता लगातार गिर रही है।



संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस यदि वास्तव में जनता का विश्वास जीतना चाहती है तो उसे सबसे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियों का हिसाब देना चाहिए।

◆ **पूरी तरह समाप्त हो चुकी कांग्रेस सरकार संगठन के बीच नहीं रहा कोई तालमेल**

महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये, युवाओं को पांच लाख रोजगार, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, कर्मचारियों, किसानों और बागवानों से किए गए वादे आज भी अधूरे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस सरकार से जवाब मांग रही है।

उन्होंने राम मंदिर के मुद्दे पर कांग्रेस के आरोपों को भी पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि वर्षों तक भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण का विरोध करने वाली कांग्रेस आज राजनीतिक लाभ के लिए आस्था का सहारा ले रही है। वहीं पेपर लीक और युवाओं के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले यह बताना चाहिए कि उसकी सरकार ने युवाओं को कितने रोजगार दिए और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कौन-से ठोस कदम उठाए।

# यूजीसी-नेट परीक्षा में चार अभ्यर्थियों को प्रवेश करने से रोकने का मामला गरमाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के घनाहटी स्थित संस्कृति स्कूल में आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा के दौरान चार अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्य कमेटी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे छात्रों के भविष्य से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय बताया है। एसएफआई का कहना है कि प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन सहित चार अभ्यर्थी निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। संगठन ने कहा कि यदि यह तथ्य सही पाया जाता है तो यह परीक्षा संचालन में गंभीर लापरवाही का मामला है, जिसकी निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। एसएफआई ने कहा कि किसी भी छात्र को प्रशासनिक अव्यवस्था या परीक्षा केंद्र की लापरवाही का खामियाजा नहीं भुगतना चाहिए, क्योंकि एक परीक्षा छूटने से पूरे वर्ष की मेहनत और भविष्य प्रभावित हो सकता है। संगठन ने मांग की है कि प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने के लिए तत्काल उचित समाधान निकाला जाए, ताकि उनके शैक्षणिक हित सुरक्षित रह सकें। एसएफआई ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि छात्रों के साथ हुए कथित अन्याय की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई और प्रभावित अभ्यर्थियों को राहत नहीं मिली, तो संगठन छात्रों के साथ लोकतांत्रिक ढंग से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

◆ **एसएफआई ने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की उठाई मांग**

# किसानों को सिखाई आलू की वैज्ञानिक खेती

## आईसीएआर-सीपीआरआई के 'खेत बचाओ अभियान' से जुड़े 5456 किसान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** आलू उत्पादक किसानों को वैज्ञानिक खेती से जोड़ने, उत्पादन लागत घटाने व बेहतर गुणवत्ता के साथ अधिक उपज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आईसीएआर-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्था शिमला का एक माह तक चला राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अभियान के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को खेतों तक पहुंचकर आधुनिक तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य, फसल सुरक्षा और जलवायु-अनुकूल खेती की व्यावहारिक जानकारी दी, जिससे टिकाऊ कृषि को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आह्वान पर 1 से 30 जून तक आयोजित इस अभियान में सीपीआरआई मुख्यालय शिमला सहित पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु और मेघालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों ने एक साथ भागीदारी निभाई। अभियान के तहत 100 किसान-केंद्रित कार्यक्रम, 178 खेत स्तरीय प्रदर्शन और व्यापक जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से 5,456 किसानों को सीधे वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ा गया। किसानों को बताया गया कि संतुलित उर्वरक उपयोग, गुणवत्तायुक्त बीज, बीज उपचार, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन, जल संरक्षण तथा आधुनिक बुवाई तकनीकों को अपनाकर आलू की फसल में उत्पादन बढ़ाने के साथ लागत कम की जा सकती है।



किसानों को आधुनिक आलू उत्पादन तकनीक की जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ।

डॉ. ब्रजेश सिंह ने अभियान की सफलता पर कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी यह साबित करती है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक खेती के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल नई तकनीक विकसित करना नहीं, बल्कि उसे सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचाना है ताकि बदलती जलवायु, घटती मृदा उर्वरता और बढ़ती उत्पादन लागत जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान मिल सके।

# शिमला फल मंडी में डार्क बेरन गाला की पहली खेप पहुंची

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भट्टाकुफर फल मंडी में बुधवार को इस सीजन डार्क बेरन गाला किस्म के सेब की पहली खेप पहुंची। सीजन की शुरुआत में ही इस प्रीमियम किस्म को बेहतर दाम मिलने से बागवानों के चेहरे खिल उठे। भट्टाकुफर फल मंडी के आढ़ती मोहन ने बताया कि डार्क बेरन गाला की पहली खेप कुमारसेन क्षेत्र से मंडी पहुंची। इसमें कुल 28 हाफ बॉक्स शामिल थे, जिन्हें 2500 रुपये प्रति हाफ बॉक्स के भाव से खरीदा गया। उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में ही अच्छे दाम मिलने से बागवानों में इस सीजन को लेकर उत्साह बढ़ा है। आने वाले दिनों में सेब की अन्य किस्मों की आवक बढ़ने की भी उम्मीद है। आढ़ती मोहन के अनुसार, मंडी में इन दिनों टाइडमेन किस्म का सेब भी पहुंच रहा है। इसकी गुणवत्ता के अनुसार फुल बॉक्स 1600 से 2400 रुपये तक बिक रहा है। वहीं, नाशपाती 2000 रुपये प्रति हाफ बॉक्स के भाव से कारोबार कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस सीजन बागवानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और मंडियों में सेब की आवक लगातार बढ़ेगी।

# जुब्बल में कांग्रेस को बड़ा झटका 10 परिवार भाजपा में शामिल

## चेतन बरागटा बोले- नए साथियों के जुड़ने से मजबूत होगी पार्टी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब हाटकोटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 10 परिवारों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भाजपा नेताओं ने सभी नए सदस्यों का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और संगठन में पूरा सम्मान व सक्रिय भूमिका देने का भरोसा दिलाया।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष जगदीश ठाकुर (ग्राम गिलटाड़ी) सहित चंद्र ठाकुर, निशांत ठाकुर, पूजा ठाकुर (ग्राम गिलटाड़ी), समीर नेगी व सिकंदर नेगी (ग्राम क्वालटा), विनीत रावत (ग्राम कठासु), सतीश चौहान तथा नीटू (नावर) शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने इसे क्षेत्र में संगठन के निरंतर विस्तार और पार्टी की नीतियों पर बढ़ते जनविश्वास का संकेत बताया। जुब्बल-नावर-कोटखाई के वरिष्ठ भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा ने सभी नए सदस्यों का भाजपा परिवार में गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, विकास और जनसेवा की विचारधारा पर कार्य करने वाला संगठन है तथा नए साथियों के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और क्षेत्र में पार्टी और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नए कार्यकर्ता जनता की सेवा और संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



हाटकोटी में कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग।

# कांग्रेस का संगठन विस्तार अभियान आज से

## जिला से लेकर बूथ स्तर तक 30 जुलाई तक चलेगा अभियान का पहला चरण

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस राज्य में संगठन विस्तार का प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करने जा रही है। अभियान का शुभारंभ 2 जुलाई को शिमला स्थित राजीव भवन से होगा, जिसके बाद इसे जिला, ब्लॉक, पंचायत और बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विनोद ज़िंटा ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में दावा किया कि भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार की कार्यशैली से असंतुष्ट बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि आठ से दस हजार सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा जताई है, जबकि अन्य दलों के कई नेता और कार्यकर्ता भी कांग्रेस का दामन थामने के इच्छुक हैं।

जिंटा ने बताया कि संगठन विस्तार अभियान दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2 जुलाई से 30 जुलाई तक संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और नए लोगों को जोड़ने का अभियान चलेगा। इसके बाद दूसरे चरण में प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा, जिसे हर जिले, ब्लॉक, पंचायत और बूथ स्तर तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान विशेष रूप से युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने और संगठन में नई ऊर्जा का संचार करने पर जोर रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश भाजपा कई गुटों में बंट चुकी है और अब वह कार्यकर्ताओं की नहीं बल्कि नेताओं की पार्टी बनकर रह गई है। जिंटा ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार भी सार्वजनिक रूप से संगठन की आंतरिक स्थिति पर चिंता जता चुके हैं। उनका दावा था कि भाजपा के भीतर बढ़ रही नाराजगी के कारण आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल होंगे।

### विनोद जिंटा ने महंगाई और युवाओं के मुद्दों पर भाजपा पर साधा निशाना



**विनोद** जिंटा ने कहा कि राम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा अयोध्या राम मंदिर चंदा मामले पर पूरी तरह मौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक जैसे मामलों ने देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और संगठन विस्तार अभियान के माध्यम से प्रदेशभर में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का काम करेगी।

◆ **अभियान के दौरान भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा**

# शमशेर नेहरिया बने नगर निगम धर्मशाला के मेयर

## प्रेरणा को चुना डिप्टी मेयर; बैठक में 12 पार्षद रहे मौजूद, डीसी हेमराज ने दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान



चुनाव के बाद जश्न मनाते हुए।

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ, जिसमें वार्ड दो से भाजपा पार्षद शमशेर नेहरिया को मेयर और वार्ड-8 से भाजपा पार्षद प्रेरणा गुलेरिया को डिप्टी मेयर चुना गया। नवनिर्वाचित मेयर व डिप्टी मेयर को डीसी कांगड़ा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मेयर व डिप्टी मेयर के लिए एक-एक पार्षद की ओर से नामांकन भरे गए। डीसी हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में हुए चुनाव में 12 पार्षद मौजूद रहे, जिनमें भाजपा के 11 पार्षदों सहित एक निर्दलीय पार्षद शामिल रहे। गौरतलब है कि 29 जून को शपथ समारोह के बाद मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव होना था, लेकिन कोरम पूरा न होने के चलते उस दिन चुनाव नहीं हो पाया था, क्योंकि कोरम पूरा होने के लिए 13 पार्षदों की मौजूदगी अनिवार्य थी, जबकि बुधवार को चुनाव के लिए बुलाई गई बैठक में कोरम पूरा होने की कोई अनिवार्यता नहीं थी। डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि मेयर व डिप्टी मेयर के लिए एक-एक नामांकन आया था, जो कि नियमानुसार नामांकन पत्र सही पाए गए, जिसके चलते सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति शमशेर नेहरिया को मेयर और प्रेरणा गुलेरिया को डिप्टी मेयर चुना है।

### जनसेवा मेरा उद्देश्य : प्रेरणा

**नवनिर्वाचित** डिप्टी मेयर प्रेरणा गुलेरिया ने कहा कि मैं पार्टी और सुधीर शर्मा का धन्यवाद करती हूं। मेरा उद्देश्य जनसेवा है उसी के साथ मैं आगे बढ़ेंगे। आम समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा।

### रुके विकास को देंगे गति : शमशेर

**नवनिर्वाचित** मेयर शमशेर नेहरिया ने कहा कि नगर निगम में रुके विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए धर्मशाला को आदर्श शहर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों की अभी जानकारी नहीं है, लेकिन ऑफिस ज्वॉइन करने के साथ ही इस बारे में भी जानकारी हासिल की जाएगी। स्थानीय विधायक से भी स्मार्ट सिटी के कार्यों को समझते हुए उनकी सलाह से आगे बढ़ाया जाएगा।

### सरकार ने किया दबाव की राजनीति का प्रयास : सुधीर

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि सर्वसम्मति से शमेहर नेहरिया को मेयर और प्रेरणा गुलेरिया को डिप्टी मेयर चुना गया है। आशा करता हूं कि यह दोनों शहर के विकास के लिए पूरे समर्पित भाव से कार्य करेंगे। भाजपा पार्षदों पर लगे अतिक्रमण के आरोपों पर सुधीर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वेष भावना से काम कर रही है। दो-तीन दिन से सरकार ने दबाव की राजनीति करने का प्रयास किया है, मेरा मानना है कि प्रजातंत्र में इस तरह की रीति डालना कांग्रेस के लिए अच्छी बात नहीं है। अब उनके लोगों पर भी शिकायत हुई है तथा तथ्य सामने आएंगे।

### भाजपा में बड़े कद के नेता हैं सुधीर : बिक्रम

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता, प्रदेश सरकार से निराश है। नगर निगम के चुनाव में धर्मशाला की जनता ने भाजपा को जीत दिलाई है। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, भाजपा में बड़े कद के नेता हैं, धर्मशाला की राजनीति किस प्रकार से चलनी चाहिए, धर्मशाला को किस दिशा में लेकर जाना है, उसके लिए सुधीर शर्मा की सार्थकता है।

# नगरोटा बगवां में कांग्रेस का दबदबा कायम तीसरी बार विकास के नाम पर जनादेश

## नगर परिषद नगरोटा में राहुल धीमान अध्यक्ष, आशा वालिया बनीं उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान



ब्लॉक समिति नगरोटा, ब्लॉक समिति बड़ोह के बाद नगर परिषद नगरोटा में भी कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित। अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां की राजनीति में आज एक नया इतिहास दर्ज हुआ। विकास, विश्वास और जनसेवा की राजनीति को जनता ने लगातार तीसरी बार अपना समर्थन देते हुए कांग्रेस समर्थित नेतृत्व पर भरोसा जताया है।

ब्लॉक समिति नगरोटा, ब्लॉक समिति बड़ोह के बाद अब नगर परिषद नगरोटा में भी कांग्रेस समर्थित कार्यकारिणी के गठन के साथ कांग्रेस ने 3–0 की ऐतिहासिक क्लीन स्वीप दर्ज कर विकास की राजनीति पर जनता की एक बार फिर मुहर लगा दी है।

पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनादेश विकास की राजनीति, जनविश्वास और नगरोटा के उज्ज्वल भविष्य के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नगरोटा की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह सकारात्मक सोच, विकास और सभी को साथ लेकर चलने वाली राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है। नगर परिषद नगरोटा में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित राहुल धीमान अध्यक्ष निर्वाचित हुए, जबकि उपाध्यक्ष पद पर हाल ही में कांग्रेस परिवार से जुड़ीं आशा वालिया ने 5–3 के अंतर से विजय प्राप्त की। इस अवसर पर आरएस बाली ने आशा वालिया और सपना कटोच का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व एसडीएम नगरोटा मुनीष शर्मा की अध्यक्षता में नगर परिषद नगरोटा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुए। अध्यक्ष पद के लिए राहुल धीमान निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में आशा वालिया ने 5–3 के अंतर से जीत दर्ज की।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला विद्युत उपमंडल नंबर-1 के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 2 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक पुलिस लाइन, सिविल बाजार, समृद्धि भवन, जेल कांप्लेक्स, पुलिस ग्राउंड और आसपास के क्षेत्रों में कंडक्टर को केवल में बदलने के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर शटडाउन अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### कबीर रूहानी मंदिर बडघवार में भंडारा 5 को

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** कबीर पंथी समाज सुधार सभा भवारना द्वारा 5 जुलाई को श्री सद्गुरु कबीर रूहानी मंदिर बडघवार भवारना (नजदीक हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, भवारना) में कबीर प्रक्टोदिवस के उपलक्ष्य पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि इस अवसर पर कबीर साहेब की आरती व शब्द कीर्तन होगा। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संगत से अनुरोध है कि वे सभी इस आयोजन में पहुंचकर सद्गुरु कबीर साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### स्वरोजगार व बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला स्तरीय बैंक सलाहकार समिति (डीसीसी) की बैठक में स्वरोजगार, बैंकिंग योजनाओं और वित्तीय समावेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में 8984.84 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 8955.99 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया है। जिले में बैंक जमा राशि 51167.36 करोड़ रुपए तथा कुल ऋण 13545.15 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। बैठक में कृषि, डेयरी, केसीसी, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया गया। किसानों की आय वृद्धि, कोल्ड चेन विकास और कृषिका ऐप के माध्यम से केसीसी सुविधा बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए।

### अमरनाथ यात्रा : लखनपुर से जम्मू तक सुरक्षा कड़ी

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व सुविधा प्रबंधन किया है। आज लखनपुर में पहले जत्थे का स्वागत लेजर शो और शिव तांडव प्रस्तुति के साथ किया जाएगा। सभी श्रद्धालु वाहन केवल एनएच-44 से कन्वॉय सिस्टम के तहत जम्मू की ओर रवाना होंगे, जबकि शॉर्टकट मार्ग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। लखनपुर में दस्तावेजों की एक बार जांच के बाद 'वन टाइम टोकन' स्टिकर जारी किया जाएगा, जिससे बार-बार चेकिंग से राहत मिलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए आरएफआईडी काउंटर, ई-केवाईसी केंद्र, हेल्प डेस्क और लंगर की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम, मोबाइल इंटरसेप्टर और मल्टी-लेयर सुरक्षा घेरा तैनात रहेगा। मौसम खराब होने की स्थिति में 36 से 50 लॉजमेंट सेंटरों में ठहरने की व्यवस्था भी की गई है, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित बनी रहे।

### एसपी इल्मा ने पुलिस टीम को किया सम्मानित




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मंडोल में हुए हत्या के सनसनीखेज मामले का नूरपुर पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय सुभाष चंद पर 24 जून 2026 को नयाली में तेजधार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। सूचना मिलते ही ज्वाली पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 22 वर्षीय आरोपी रशपाल सिंह को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त दराट भी बरामद कर लिया। मामले की जांच धारा 103 बीएनएस के तहत की जा रही है। उत्कृष्ट जांच के लिए एसपी नूरपुर ने डीएसपी प्रिय सिंह, थाना प्रभारी देव राज और एएसआई तेज सिंह सहित पूरी टीम को कमेंडेशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में 'इम्प्रेशन्स' कार्यक्रम, भावी शिक्षकों ने ली शपथ



द्रोणाचार्य में शपथ ग्रहण करते भावी शिक्षक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत में स्टूडेंट्स काउंसिल एसोसिएशन द्वारा प्रशिक्षण एवं विकास प्रकोष्ठ के सहयोग से 'इम्प्रेशन्स' कार्यक्रम के अंतर्गत भावी शिक्षकों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 21वीं सदी के मूल्यों एवं कौशलों से युक्त शिक्षकों को तैयार करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और श्लोक वाचन से हुई। मुख्य अतिथि एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. बी. एस. पठानिया ने विद्यार्थियों को नैतिक, संवेदनशील और उत्तरदायी शिक्षक बनने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने 'परख' गतिविधि के तहत अपने अनुभव साझा किए तथा माइक्रो-टीचिंग से जुड़े अपने प्रशिक्षण अनुभव प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने भावी शिक्षकों को शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में ईमानदारी, समर्पण और नैतिक मूल्यों के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित शर्मा ने किया तथा अंत में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीएस पठानिया, डॉ. अनीता चंदेल सहित समस्त प्राध्यापक एवं बीएड अंतिम सत्र के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# आरटीआई में खुलासा : राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में नहीं धरोहर गांव परागपुर

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** धरोहर गांव का गौरव प्राप्त परागपुर का अस्तित्व अब सवालों के घेरे में आ गया है। प्रदेश सरकार से लेकर पर्यटन विभाग तक जिस गांव को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उसी गांव का राजस्व रिकॉर्ड में कोई अता-पता नहीं है। यह खुलासा तब हुआ जब एक जागरूक स्थानीय निवासी ने सूचना के अधिकार के तहत पर्यटन विभाग से इस धरोहर गांव के सटीक खसरा नंबर और भौगोलिक क्षेत्रफल की जानकारी मांगी।

हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर पर्यटन निदेशालय, डीसी कांगड़ा और स्थानीय विधायक के दफ्तर तक, किसी के पास भी इस बात का लिखित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है कि आखिर परागपुर में धरोहर गांव कहां स्थित है। धरोहर गांव के विकास के नाम पर पिछले कुछ वर्षों में म्यूजियम, हर्बल पार्क, सूचना केंद्र, पार्किंग स्थल और लाइब्रेरी जैसे कई निर्माण कार्य किए गए हैं। जब इन स्थलों के खेवट, खतौनी और खसरा नंबर के बारे में जवाब मांगा गया, तो पर्यटन विभाग ने गेंद राजस्व विभाग के पाले में डाल दी। अब परागपुर तहसील प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि मांगी गई सूचना पटवार वृत्त परागपुर में मौजूद नहीं है और इन तमाम निर्माण कार्यों का राजस्व रिकॉर्ड में कोई इंद्राज दर्ज नहीं है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि फिर सरकार द्वारा वेबसाइटों पर दी गई जानकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जा रहे प्रश्नों का आधार क्या है। यदि रिकॉर्ड में ही कोई एंट्री नहीं है, तो फिर इन निर्माण कार्यों के लिए खर्च किए गए लाखों रुपए किसकी जेब में गए। क्या धरोहर गांव का दर्जा महज एक प्रशासनिक छलावा है, यह अब जांच का विषय बन गया है।

> **आवेदक** ने पूछा था मुख्यमंत्री, पर्यटन सचिव, निदेशक पर्यटन, डीसी कांगड़ा व विधायक को धरोहर गांव की जानकारी है। इस पर मांगी गई सूचना दे दी गई है कि धरोहर गांव का कोई भी रिकॉर्ड राजस्व विभाग के पास उपलब्ध नहीं है और म्यूजियम, हर्बल पार्क व अन्य निर्माण कार्य परागपुर की किस भूमि पर हुआ, उसका रिकॉर्ड में कोई इंद्राज दर्ज नहीं है।
>
> -बलविंदर सिंह पठानिया, नायब तहसीलदार परागपुर।

# कांगड़ा में तीन और पांच जुलाई को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा ने मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर जिलेवासियों और पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 1, 2 और 4 जुलाई को जिले के कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना है, जबकि 3 और 5 जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज-चमक, मूसलाधार बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों, खड्डों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। पर्यटकों को ट्रैकिंग और अन्य जोखिम वाले स्थानों पर नहीं जाने तथा स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मानसून के दौरान नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, इसलिए इनके आसपास जाने से बचना ही सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन मौसम विभाग की प्रत्येक चेतावनी पर लगातार नजर बनाए हुए है। आवश्यकता पड़ने पर समय-समय पर एडवाइजरी जारी की जाएगी और पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय निकायों के माध्यम से लोगों तक सूचना पहुंचाई जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि को रोका जा सके। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक जिला आपदा प्रबंधन केंद्र (डीडीएमए) कांगड़ा के टोल-फ्री नंबर 1077 या मोबाइल नंबर 7650991077 पर संपर्क कर सकते हैं।

◆ नदी-नालों से रहें दूर

# धर्मशाला फॉरेंसिक लैब बन रही देश और विदेश के छात्रों की पहली पसंद



ट्रेनिंग में 75 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आज के दौर में फॉरेंसिक साइंस अपराधों की जांच का अहम आधार बन चुकी है। ऐसे में केवल किताबों तक सीमित ज्ञान नहीं, बल्कि वास्तविक मामलों की व्यावहारिक समझ भी छात्रों के लिए बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य को पूरा करने में धर्मशाला स्थित क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जहां देश-विदेश के छात्र इंटर्नशिप के माध्यम से अपराध जांच की बारीकियां सीख रहे हैं।

धर्मशाला स्थित क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला देशभर के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रही है। प्रयोगशाला में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशी छात्रों को भी इंटर्नशिप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। धर्मशाला फॉरेंसिक लैब में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा अफ्रीकी देशों, नेपाल तथा अन्य देशों से जुड़े छात्र भी प्रशिक्षण के लिए पहुंचते हैं, जिससे यह प्रयोगशाला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है। हिमाचल प्रदेश फॉरेंसिक सेवा निदेशालय की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि फॉरेंसिक साइंस के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में इंटर्नशिप प्रशिक्षण अनिवार्य हिस्सा है। इस दौरान छात्रों को वास्तविक आपराधिक मामलों के माध्यम से साक्ष्यों के संरक्षण (चेन ऑफ कस्टडी), जांच प्रक्रिया, वैज्ञानिक परीक्षण और रिपोर्ट तैयार करने की पूरी प्रक्रिया सिखाई जाती है। इससे छात्रों को अकादमिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलता है। उन्होंने बताया कि इस समर सीजन में अब तक 75 से अधिक छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

# पहली बारिश से फोरलेन निर्माण की खुली पोल, सिहुवा क्षेत्र में कई घरों में घुसा पानी

## विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया औचक निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** फोरलेन निर्माण कार्य के चलते पहली ही बारिश में शाहपुर विधानसभा के तहत सिहुवा क्षेत्र के कई घरों में पानी घुसने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने उप-मंडल अधिकारी (एसडीएम) गणेश ठाकुर सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर प्रभावित क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। पठानिया ने प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बरसात के मौसम को देखते हुए स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।



प्रभावित क्षेत्र का औचक निरीक्षण करते केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

### जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**केवल** सिंह पठानिया ने कहा कि फोरलेन निर्माण से जुड़े सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में बारिश के दौरान लोगों के घरों में पानी न घुसे और किसी भी प्रकार की जन-धन हानि से बचा जा सके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि बरसात के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए सभी तकनीकी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में गति लाकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और जनजीवन सामान्य रूप से चलता रहे।

# मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से बड़ा भंगाल की कपूरी देवी को मिला जीवन

अनंत ज्ञान



◆ वर्ष 2024 में गंभीर बीमार होने पर चौपर से किया था कपूरी देवी को रेस्क्यू

◆ सरकार ने टांडा मेडिकल अस्पताल में करवाया इलाज सीएम का किया धन्यवाद

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अति दुर्गम क्षेत्रों में बीमार होने पर कई बार गंभीर बीमार लोगों को चौपर के माध्यम से रेस्क्यू किया और उनका इलाज प्रदेश के सर्वोच्च स्वास्थ्य संस्थानों में करवाया है। कांगड़ा जिले के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल की कपूरी देवी के साथ भी ऐसा ही मामला पेश आया।

मुख्यमंत्री ने अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल की कपूरी देवी के बीमार होने पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उनको चौपर के माध्यम से टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करने के निर्देश दिए। सरकार के इस निर्णय से कपूरी देवी को नया जीवन मिला और उनका इलाज डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा में हुआ। कपूरी देवी का कहना है कि डॉक्टरों ने उनका इलाज मुख्यमंत्री की माता समझकर किया। नया जीवन देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कपूरी देवी कहती हैं कि वर्ष 2024 में वह गंभीर बीमार हो गई थीं। इसके बाद उनको हेलिकॉप्टर के माध्यम से सरकार ने रेस्क्यू किया। टांडा पहुंचने के बाद उनको होश नहीं रहा। इसके बाद उनका इलाज सरकार ने किया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार हेलिकॉप्टर के माध्यम से उनको अस्पताल नहीं पहुंचाते तो उनके जीवन को खतरा हो सकता था, लेकिन संवेदनशील मुख्यमंत्री ने उनके जीवन को बचा लिया।

### चीन के नए कानून के खिलाफ तिब्बतियों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज में चार प्रमुख तिब्बती संगठनों और वैश्विक तिब्बती कार्यकर्ताओं ने चीन में 1 जुलाई से लागू हुए 'लॉ ऑन प्रोमोटिंग एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस' के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह कानून तिब्बती भाषा, संस्कृति, धर्म और पहचान को कमजोर करने की दिशा में उठाया गया कदम है। संगठनों का कहना है कि इस कानून के तहत तिब्बती बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में भेजकर उनकी मातृभाषा और सांस्कृतिक मूल्यों से दूर किया जा रहा है तथा धार्मिक परंपराओं पर नियंत्रण बढ़ाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने संयुक्त राष्ट्र और लोकतांत्रिक देशों से इस कानून की निंदा करने, स्वतंत्र जांच कराने और चीन पर दबाव बनाने की मांग की। उनका कहना है कि समय रहते हस्तक्षेप न हुआ तो तिब्बती सांस्कृतिक विरासत को गंभीर खतरा हो सकता है।

◆ अंतरराष्ट्रीय समुदाय से की हस्तक्षेप की मांग

# बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती पर किया मंथन



देवेंद्र राणा व सुभाष शर्मा ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन विधायक किशोरी लाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार एवं जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत चौबीन के देवेंद्र राणा तथा दयोल पंचायत के सुभाष शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक किशोरी लाल सहित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दोनों नए साथियों के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और क्षेत्र में जनसेवा के कार्यों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों, विकास और जनहित की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध रही है। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शशि राणा, रमेश चड्ढा, रविंद्र राव, कार्तिक राणा, मिलाप राणा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसएमआई कांगड़ा ने डॉक्टरों के समर्पण को किया सलाम

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर एसएमआई हॉस्पिटल कांगड़ा ने प्रदेश के सभी चिकित्सकों एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, सेवा भावना और मानवीय संवेदनाओं को नमन किया। अस्पताल के संस्थापक एवं वरिष्ठ नेत्र शल्य चिकित्सक डॉ. संदीप महाजन ने कहा कि यह दिन उन सभी डॉक्टरों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने अपने ज्ञान और निस्वार्थ सेवा से लाखों लोगों के जीवन में नई रोशनी और उम्मीद जगाई है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों तक आधुनिक नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुंचाकर उल्लेखनीय कार्य किया है। आज प्रदेश के लगभग हर जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेजों, निजी एवं ट्रस्ट अस्पतालों के माध्यम से मोतियाबिंद, रेटिना, ग्लूकोमा, कॉर्निया, बाल नेत्र चिकित्सा तथा लेज़र उपचार जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे लोगों को अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल रहा है। डॉ. महाजन ने अपना विजन साझा करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश को विश्वस्तरीय आई केयर डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सकता है। उनका मानना है कि प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के कारण देश-विदेश के मरीज यहां किफायती एवं उच्च गुणवत्ता वाला उपचार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार, चिकित्सा संस्थानों, निजी अस्पतालों और समाज के सामूहिक प्रयासों से यह सपना अवश्य साकार होगा।

◆ हिमाचल बन सकता है विश्वस्तरीय आई केयर डेस्टिनेशन : डॉ. महाजन

## न्यूज ब्रीफ

### जिले में 31,099 बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप्स



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिले में सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवाई पिलाई गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय अत्री ने बताया कि जिला हमीरपुर में 5 वर्ष तक की आयु के 29,924 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जबकि, मंगलवार शाम तक जिले में कुल 31,099 बच्चों को यह दवाई पिलाई गई। उन्होंने बताया कि रविवार को विभिन्न बूथों पर 29,830 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई थी। इस अभियान से छूटे बच्चों को भी दवाई पिलाने के लिए सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर दस्तक दी और प्रवासी श्रमिकों की कई बस्तियों को भी विशेष रूप से कवर किया। इससे पोलियो ड्रॉप्स पीने वाले बच्चों का आंकड़ा 31,099 तक पहुंच गया।

### सुजानपुर में बंदर के हमले से युवती घायल

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर के वार्ड नंबर 9 में एक युवती को बंदर ने काट खाया, जिससे युवती घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुजानपुर के वार्ड नंबर 9 में टीरा रोड पर एक युवती टीरा की तरफ जा रही थी कि अचानक बंदर ने हमला कर दिया, जिससे युवती घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे स्थानीय उप अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसका उपचार किया गया। टीरा पंचायत प्रधान रमेश चंद ने बताया कि एक युवती के घायल होने की सूचना उन्हें मिली है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए।

### नियमित अध्ययन और व्यक्तित्व विकास पर जोर

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय, सुजानपुर टीहरा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पाठ्यक्रम, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और रोजगार अवसरों की जानकारी दी गई। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने अनुशासन, नियमित अध्ययन और व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। विभिन्न प्राध्यापकों ने एनएसएस, एनसीसी, खेल, संगीत एवं करियर संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना रहा।

### भोटा में बस स्टैंड में शौचालय पर लटका डाला



अनंत ज्ञान, भोटा। भोटा में नए बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू होने पर यहां पर बने हुए सुलभ शौचालय को स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है जिसके कारण यहां पर आने जाने वाली सवारियों एवं स्थानीयव्यापारी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बस स्टैंड के टेंडर को लेकर यहां पर अस्थाई रूप से एक सुलभ शौचालय बना देना चाहिए था यह बात नगर पंचायत के वाइस चेयर मैन बड़े एवं पूर्व वी वाइस अध्यक्ष देशराज शर्मा एवं व्यापार मंडल के प्रधान सनी शर्मा ने कही उन्होंने बताया कि यहां पर लगभग 150 के करीब बसों का आना जाना होता है जिससे सवारियों और लोगों को असुविधा हो सकती है इस बारे में जब एचआरटीसी के मंडलीय महाप्रबंधक राजकुमार पाठक ने बताया कि शौचालय को अस्थायी रूप से बनाए जाने के बारे में प्रशासन से बात की जाएगी और जल्द ही इसका निर्माण कर दिया जाएगा।

# चंदरुही बाजार में सड़क निर्माण की खामियों पर ग्रामीणों का रोष

## नालियों का गलत ढलान बना परेशानी का कारण, दुकानों व घरों में आ रहा बारिश का पानी

अनंत ज्ञान

भोरंज। भोरंज उपमंडल की कक्कड़ पंचायत के अंतर्गत चंदरुही बाजार में हाल ही में हुए सड़क निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है।

ग्रामीणों ने इस संबंध में उपमंडलीय अधिकारी (नागरिक), भोरंज को शिकायत पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के साथ बनाई गई नालियों का ढलान (स्लोप) सही दिशा में नहीं दिया गया है, जिससे बारिश का पानी आगे बहने के बजाय वापस दुकानों और मकानों की ओर लौट रहा है। इससे बाजार क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन रही है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा सड़क के बीच में डाली गई कुछ पाइपों के बंद होने से भी पानी की निकासी बाधित हो रही है। कक्कड़ पंचायत की प्रधान जुल्मी देवी, उपप्रधान जगत राम, वार्ड पंच मनोज शर्मा सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग और ठेकेदार को तुरंत नालियों का ढलान तकनीकी मानकों के अनुसार ठीक करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या से संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को पहले भी अवगत कराया जा चुका है तथा कार्यकारी अभियंता ने भी मौके का निरीक्षण किया था, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोगों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी।



सड़क निर्माण अनियमितताओं पर ग्रामीणों ने सौंपा शिकायत पत्र।

## सुजानपुर-पालमपुर मार्ग पर ब्यास पुल के पास भूस्खलन, बड़ा हादसा टला



ब्यास नदी के पुल के पास मलबे को हटाती जेसीबी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। सुजानपुर-पालमपुर रोड पर ब्यास नदी के समीप बने पुल के पास मंगलवार देर रात से जारी भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो गया। पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा और बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर आ गिरने से मार्ग कुछ समय के लिए बाधित हो गया। गनीमत यह रही कि उस समय सड़क से गुजर रहे वाहन और पैदल यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में स्थित ऊंची और अस्थिर पहाड़ी से बरसात के मौसम में लगातार भूस्खलन की समस्या बनी रहती है। इसी तरह सुजानपुर-संधोल मार्ग पर भी कई स्थानों पर पहाड़ी से पत्थर गिरने का खतरा बना रहता है, जो बारिश के दौरान और बढ़ जाता है। इस वर्ष की पहली ही भारी बारिश में इस घटना ने लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

बीते कुछ वर्षों में भी इस क्षेत्र में मानसून के दौरान कई बार नुकसान हो चुका है और यह मार्ग अक्सर प्रभावित होता रहा है। बुधवार दोपहर भी अचानक बड़े पत्थर पुल के पास सड़क पर आ गिरे। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ नीतीश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर मार्ग को शीघ्र बहाल कर दिया गया है और यातायात सामान्य कर दिया गया है।

## हिम अकादमी स्कूल के तैराकों का शानदार प्रदर्शन, 37 पदक जीते



स्कूल प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को दी बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हमीरपुर के विकास नगर स्थित हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के तैराकों ने 28 जून को ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में आयोजित ओपन जिला तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 37 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इनमें 17 स्वर्ण, 15 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं।

प्रतियोगिता में गीतिशा, अमायरा, प्लाक्षा, ईवा, आर्यश, नक्श, अंशज चंदेल, स्टैनजिन खेनराब, रागेन और जैवर्धन ने स्वर्ण पदक जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं अनिका, वास्वी, वामिका, लखित और शेराब सहित अन्य खिलाड़ियों ने रजत और कांस्य पदक जीतकर टीम की उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों तथा प्रशिक्षक पूनम को बधाई दी। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासित अभ्यास और प्रशिक्षक के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि हिम अकादमी पब्लिक स्कूल खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस सफलता से विद्यालय में उत्साह का माहौल है और अन्य छात्रों को भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली है।

## नादौन पुलिस को चोरी के मामले में बड़ी सफलता लाखों के आभूषण बरामद

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन पुलिस ने चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए मूल्य के चोरी हुए सोने-चांदी के आभूषण बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस थाना नादौन में दर्ज एफआईआर संख्या 93/2026, धारा 305, 331(3) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामले की जांच के दौरान यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने लगभग 7 से 8 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद पुलिस ने वैज्ञानिक, तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी ईशान धीमान और कार्तिक कौशल को गिरफ्तार कर न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। लगातार पूछताछ और साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने एक ज्वेलरी विक्रेता के माध्यम से 45 ग्राम पिघला हुआ सोना और 195 ग्राम पिघली हुई चांदी बरामद की। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत 6 से 7 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इन्हें केस प्रॉपर्टी के रूप में कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में शेष बरामदगी और अन्य पहलुओं को लेकर जांच जारी है तथा आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## समग्र प्रतियोगिता में डीएवी ग्रयोह स्कूल की टीम विजेता



प्रदेश क्लस्टर-2 निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज के अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी द्वारा डीएवी हिमाचल प्रदेश क्लस्टर-2 निशानेबाजी प्रतियोगिता 2026-27 का सफल आयोजन कैरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में डीएवी घुमारवीं और डीएवी ग्रयोह के लगभग 55 निशानेबाजों ने प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी के प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर के स्वागत भाषण और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कमांडर साजन कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्कारी योग गुरु डॉ. राम अवतार तथा क्लस्टर हेड एवं डीएवी ग्रयोह के प्रधानाचार्य संजीव ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कैरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र के सह-निदेशक प्रो. कुंदन लाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समग्र परिणाम में डीएवी ग्रयोह की टीम विजेता रही, जबकि डीएवी घुमारवीं उपविजेता रही। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## हमीरपुर में कोल्ड स्टोर बना बागवानों के लिए वरदान, फसल को मिला बेहतर दाम

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। सालभर मेहनत करने के बाद भी कई बार किसानों और बागवानों को अपनी उपज के उचित दाम नहीं मिल पाते, जिससे उन्हें कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश सरकार कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क को बढ़ावा दे रही है, जिससे उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखकर बेहतर दामों पर बेचा जा सके।

जिला हमीरपुर में एचपीशिवा परियोजना के तहत बागवानी को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ कोल्ड स्टोरेज निर्माण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में तहसील हमीरपुर के गांव कधरियाणा के सुरेश पटियाल ने गांव भीड़ा में 30 मीट्रिक टन क्षमता वाला कोल्ड स्टोर स्थापित किया है।

इस परियोजना के लिए उन्हें बैंक से 52 लाख रुपए का ऋण मिला, जबकि एकीकृत बागवानी तकनीकी मिशन के तहत 50 प्रतिशत यानी 26 लाख रुपए की सब्सिडी प्रदान की गई। उद्यान विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में बने इस कोल्ड स्टोर में 10 किलोवाट का हाइब्रिड सोलर प्लांट भी लगाया गया है, जिससे यह सौर ऊर्जा और बैटरी दोनों से संचालित हो सकता है। सुरेश पटियाल ने बताया कि उन्होंने बागवानों की मौसंबी को दो महीने तक स्टोर कर बाजार में कई गुना अधिक दाम पर बेचा, जिससे उन्हें बेहतर लाभ मिला। उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि जिला हमीरपुर में एचपीशिवा परियोजना के तहत मौसंबी, अमरूद, अनार और अन्य फलदार फसलों के क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इन क्लस्टरों के बागवानों के लिए सुरेश पटियाल का कोल्ड स्टोर बहुत ही उपयोगी साबित होगा।



कोल्ड स्टोरेज से किसानों-बागवानों की आय में बढ़ोतरी की नई उम्मीद। अनंत ज्ञान

## महरल में किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। कृषि विभाग की आत्मा परियोजना हमीरपुर द्वारा मंगलवार को विकास खंड बिझड़ी की ग्राम पंचायत महरल में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राकेश धीमान, उपनिदेशक राजेश शर्मा सहित विभागीय अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, खेत बचाओ अभियान, पीएम किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री तथा अन्य कृषि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। राकेश धीमान ने बताया कि 'एग्रीस्टैक' परियोजना के तहत जिला हमीरपुर में किसानों का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ समय पर मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार, भूमि दस्तावेज, बैंक विवरण, फोटो और मोबाइल नंबर आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान कई किसानों की मौके पर ही फार्मर रजिस्ट्री भी की गई। पंचायत प्रधान कर्म सिंह ने आयोजन के लिए विभाग का आभार जताया व सभी किसानों की रजिस्ट्री सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

## हिमाचल के कृषि नवाचारों से प्रभावित हुए उत्तराखंड के अधिकारी



प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 का किया भ्रमण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। ज्ञान, नवाचार और आधुनिक कृषि तकनीकों के आदान-प्रदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्तराखंड के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 (एचपीसीडीपी-2) का अध्ययन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के सफल मॉडलों, तकनीकों और किसानों के हित में चल रहे नवाचारों का गहन अध्ययन किया।

परियोजना मुख्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने की और टीम का स्वागत करते हुए परियोजना की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल संसाधन प्रबंधन, फसल विविधीकरण, गुणवत्तायुक्त पौध उत्पादन और किसानों की आय वृद्धि के लिए कई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उत्तराखंड टीम ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बड़ा (नादौन) का भी दौरा किया, जहां आधुनिक नर्सरी प्रबंधन, संरक्षित खेती और उन्नत सिंचाई तकनीकों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने हिमाचल की वैज्ञानिक कार्यप्रणाली और प्रशिक्षण मॉडलों की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि इस भ्रमण से प्राप्त अनुभवों को उत्तराखंड में बागवानी और नर्सरी प्रबंधन को मजबूत बनाने में उपयोग किया जाएगा। यह आदान-प्रदान दोनों राज्यों के बीच कृषि विकास सहयोग को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

## एनआईटी में जुटेंगे एनसीसी एयर विंग के सैकड़ों कैडेट्स

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-223) इस वर्ष 5 से 14 जुलाई तक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में आयोजित किया जाएगा। दस दिनों तक चलने वाले इस शिविर में प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे। कुल्लू स्थित एनसीसी की 1 एचपी एयर स्क्वॉड्रन के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के दौरान एयर विंग से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी, ड्रिल, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, शारीरिक प्रशिक्षण तथा अन्य सैन्य गतिविधियों का अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं, समूह गतिविधियां और व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों का मानना है कि यह प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक मजबूत करेगा।

◆ 5 से 14 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा एनुअल ट्रेनिंग कैंप

## तकनीकी विवि ने काउंसिलिंग के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ाई

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आवेदन करने की तिथि बढ़ाई है। अब अभ्यर्थी तकनीकी विवि परिसर व संबंधित सरकारी/निजी शिक्षण संस्थानों में बीटेक, बी फार्मेसी, एमटेक, एमबीए, एमसीए, बी आर्क सहित अन्य विषयों की काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन सात जुलाई तक कर सकते हैं।

तकनीकी विवि के कुलसचिव अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि पात्र अभ्यर्थी सात जुलाई तक काउंसिलिंग का ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। तकनीकी विवि और संबंधित शिक्षण संस्थानों में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री), बीएससी एचएमसीटी/बीएचएमसीटी, बीसीए, बीबीए, एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए/एमएससी योग और फार्म डी के लिए पात्र अभ्यर्थी सात जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि बी आर्क, बीटेक व बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री), एमटेक और एम फार्मेसी के लिए 25 जुलाई तक आवेदन करने की प्रक्रिया रहेगी। अभी तक यूजी और पीजी विषयों की काउंसिलिंग के लिए 6550 अभ्यर्थियों ने आवेदन आ चुके हैं।

उपरोक्त सभी स्नातक व स्नातकोत्तर विषय में प्रवेश के लिए पात्रता संबंधित जानकारी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर लगी सूचना विवरणिका में देख सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) दी है, उन्हें भी काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके अलावा बीटेक में डायरेक्ट एंट्री के लिए जेईई मेन परीक्षा देने वाले को भी काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

बता दें कि बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की 50 प्रतिशत सीटें एचपीसीईटी और 50 प्रतिशत सीटें जेईई की मेरिट के आधार पर भरी जाती हैं। काउंसिलिंग फार्म भरने की तिथि के बाद जल्द की उपरोक्त विषयों की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया जाएगा।

## कुल्लू प्रसूता मृत्यु मामले में निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रसूता की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए चिकित्सकीय संगठनों ने इसे अत्यंत दुखद घटना बताया है। उपलब्ध चिकित्सकीय तथ्यों के अनुसार यह मामला एम्नियोटिक फ्लूइड एम्बोलिज्म जैसी दुर्लभ और गंभीर प्रसूति जटिलता का प्रतीत होता है, जिसमें कई बार सभी प्रयासों के बावजूद भी जीवन बचाना संभव नहीं होता। चिकित्सकों द्वारा मृत्यु के वास्तविक कारण की पुष्टि हेतु पोस्टमार्टम का अनुरोध किया गया था, किंतु परिजनों द्वारा इससे इंकार किए जाने के कारण वैज्ञानिक निष्कर्ष सीमित रह गए। ऐसे में बिना ठोस साक्ष्यों के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाना उचित नहीं माना जा सकता। संगठन ने स्पष्ट किया कि किसी भी निष्कर्ष से पहले निष्पक्ष, पारदर्शी और विशेषज्ञ जांच आवश्यक है। यदि जांच में लापरवाही सिद्ध होती है तो नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। चिकित्सकीय संगठनों ने अस्पतालों के घेराव और भीड़ के दबाव की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होती हैं और चिकित्सकों में भय का वातावरण बनता है। उन्होंने सरकार से चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और निष्पक्ष जांच तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बचने का आग्रह किया है। फैकल्टी एसोसिएशन एवं रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक निलंबन को निरस्त कर प्रशासनिक अवकाश जैसी गैर-दंडात्मक व्यवस्था अपनाई जाए, ताकि न्याय वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर हो और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों।

## जागरुकता रैली सांसद बोले- युवाओं को खेल एवं सक्रिय जीवनशैली अपनानी होगी

# फिटनेस स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत की नींव: अनुराग

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सप्ताह के उपलक्ष्य में जिला ओलंपिक संघ हमीरपुर द्वारा स्वस्थ जीवनशैली, सद्भावना, सामाजिक एकता एवं फिट इंडिया मूवमेंट को समर्पित जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।

यह जागरूकता दौड़ सिंथेटिक ट्रैक, अणु स्थित डिग्री कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर हीरानगर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने फिटनेस, स्वास्थ्य और खेल भावना का संदेश देते हुए लोगों को नियमित व्यायाम तथा सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। अनुराग ने कहा कि आज की तेज रफ्तार और तकनीक आधारित जीवनशैली में शारीरिक फिटनेस पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। यदि हमें आने वाली पीढ़ी को नशामुक्त, अनुशासित, आत्मविश्वासी और ऊर्जावान बनाना है तो खेलों तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत खेलों के क्षेत्र में एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को पहली बार राष्ट्रीय विकास और युवा सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में प्राथमिकता दी गई है। खेलो इंडिया, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, खेल अवसंरचना का अभूतपूर्व विस्तार, खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, पोषण और अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर जैसी नीतियों ने देश में खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। वर्ष 2024 तक खेलो इंडिया के अंतर्गत 300 से अधिक खेल अवसंरचना परियोजनाओं पर लगभग 3,000 करोड़ का निवेश किया गया, जिससे देशभर में प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिले। अनुराग ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट केवल एक अभियान नहीं बल्कि जन-जन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने युवाओं से प्रतिदिन कुछ समय खेल, योग, दौड़, व्यायाम अथवा अन्य शारीरिक गतिविधियों के लिए निकालने का आह्वान करते हुए कहा कि फिट व्यक्ति ही परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है। उन्होंने आयोजन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, जिला ओलंपिक संघ, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



युवाओं से किया प्रतिदिन कुछ समय खेल, योग के लिए निकालने का आह्वान। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### इलेक्ट्रिशियन के 15 पदों के लिए इंटरव्यू 4 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि शर्मा क्रिएशन द्वारा इलेक्ट्रिशियन के 15 अस्थाई पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इन पदों के लिए अभ्यर्थी का आईटीआई इलेक्ट्रिशियन में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे और चयनित अभ्यर्थियों को 12,750 रुपये तक प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है तथा उनका कार्यस्थल मंडी रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों (आईटीआई के विस्तृत अंक प्रमाण पत्र), उनकी एक-एक छायाप्रति, दो पासपोर्ट आकार के फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, रोजगार कार्यालय पंजीकरण पत्र तथा नवीनतम बायोडाटा सहित 4 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय मंडी (खलियार) में आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### तल्याड़-पिंगला-सरकाघाट सड़क 7 तक बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) सरकाघाट ने लोक निर्माण विभाग, मंडल सरकाघाट की अनुशंसा पर तल्याड़-पिंगला-थोना-सरकाघाट सड़क को मरम्मत एवं पुनर्स्थापन कार्य के दृष्टिगत 1 से 7 जुलाई तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए अस्थायी रूप से बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सड़क खंड पर आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्स्थापन कार्य किया जाएगा। कार्य को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के उद्देश्य से सड़क को अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

**◆ रिस्सा-फागलू-मसदवान कुठेहड़-मछलाणा-चौक रहेगा वैकल्पिक मार्ग**

आदेशों के अनुसार, सड़क बंद रहने की अवधि के दौरान लोक निर्माण विभाग सभी डायवर्जन स्थलों पर आवश्यक सूचना एवं दिशा-सूचक संकेतक बोर्ड स्थापित करेगा, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभाग को निर्धारित अवधि के भीतर मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विभाग द्वारा वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था तथा संबंधित ठेकेदार का संपर्क नंबर उपलब्ध रखा जाएगा। सड़क बंद रहने के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन रिस्सा-फागलू-मसदवान-कुठेहड़-मछलाणा-चौक वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाएगा। उपमंडल प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों एवं वाहन चालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करें तथा बंद सड़क पर अनावश्यक आवाजाही से बचें, ताकि मरम्मत कार्य सुरक्षित एवं समयबद्ध ढंग से पूरा किया जा सके।

### पड्डल मैदान में 4 को होंगे हॉकी ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप-2026 के लिए हिमाचल प्रदेश की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के चयन हेतु ट्रायल 4 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे पड्डल मैदान, मंडी में आयोजित किए जाएंगे। हॉकी हिमाचल ने प्रदेश के पात्र खिलाड़ियों से चयन ट्रायल में भाग लेने का आह्वान किया है। द्रोणाचार्य अवॉर्डी रोमेश पठानिया, महासचिव, हॉकी हिमाचल ने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप 28 जुलाई से 8 अगस्त तक कोयंबटूर (तमिलनाडु) में आयोजित होगी। जूनियर पुरुष वर्ग में केवल वही खिलाड़ी पात्र होंगे जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 अथवा उसके बाद की हो। चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों के लिए यो-यो फिटनेस टेस्ट उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। सभी प्रतिभागियों को हिमाचल प्रदेश का वैध आयु प्रमाण पत्र, चिकित्सा प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण होना भी आवश्यक है। चयन प्रक्रिया का संचालन चयन समिति के सदस्य अजीत ठाकुर, अनिल खंतवाल (सीईओ), कुणाल शर्मा, बलजीत सिंह नागरा तथा आशीष सेन द्वारा किया जाएगा।

### तहसील कार्यालय परिसर सरकाघाट में स्टांप विक्रेता के एक पद के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील कार्यालय परिसर, सरकाघाट में स्टाम्प विक्रेता के एक रिक्त पद को भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण-पत्र, हिमाचली प्रमाण-पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर 21 जुलाई, 2026 तक कार्यालय समय के दौरान उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय, सरकाघाट में जमा कर सकते हैं। उपमंडलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

### केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बरोट में पंकज कोतवाल को दोबारा चुना एसएमसी प्रधान



**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बरोट में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी और सभी अभिभावकों की सर्वसम्मति से पंकज कोतवाल को लगातार दूसरी बार एसएमसी प्रधान तथा निशा ठाकुर को उपप्रधान चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगण, नव-निर्वाचित पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने नव-निर्वाचित प्रधान एवं उपप्रधान को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चुनाव के उपरांत उपस्थित सदस्यों और अभिभावकों ने विद्यालय की प्रगति तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

# डॉ. अंबेडकर भवन को गिराने के प्रस्ताव के विरोध में भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन

## भाजपा नेता रजत की अगुआई में संघर्ष समिति ने डीसी को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान




**रितेश चौहान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत सजाओपिपलू में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन को जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिए गिराने तथा भवन का नाम हटाकर वहां बैडमिंटन हॉल बनाए जाने के कथित प्रस्ताव के विरोध में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष समिति ने प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपकर प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई।

संघर्ष समिति द्वारा उपायुक्त, एसडीएम धर्मपुर, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग तथा खंड विकास अधिकारी धर्मपुर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जल जीवन मिशन के तहत लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन को गिराने और उसके स्थान पर बैडमिंटन हॉल बनाने की जानकारी मिली है।

समिति का कहना है कि यह भवन केवल एक सार्वजनिक भवन नहीं, बल्कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों की सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक उन्नति का प्रतीक है। भवन का निर्माण जनसहयोग और सरकारी अनुदान से हुआ था तथा इसका नाम संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में रखा गया है। ऐसे में भवन को गिराना अथवा उसका नाम बदलना समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कदम होगा। समिति ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि प्रभावित पक्ष और स्थानीय लोगों को विश्वास में लिए बिना इस प्रकार का कोई निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। संघर्ष समिति ने मांग की कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन को गिराने का प्रस्ताव तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए, भवन का नाम यथावत रखा जाए तथा यदि बैडमिंटन हॉल या अन्य निर्माण कार्य आवश्यक हो तो उसके लिए ग्राम पंचायत की अन्य उपलब्ध सरकारी भूमि का चयन किया जाए। इसके अलावा भविष्य में भवन से संबंधित किसी भी निर्णय से पूर्व संघर्ष समिति और ग्राम सभा की सहमति सुनिश्चित करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन, चक्का जाम और कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**◆ भवन का नाम यथावत रखने और वैकल्पिक भूमि पर निर्माण कराने की उठाई मांग**

## महादेव में बार-बार बिजली कट लगने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** विद्युत अनुभाग महादेव के अंतर्गत आने वाले नाचन विधानसभा क्षेत्र के बड़े ग्रामीण इलाके, विशेषकर महादेव गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोग इन दिनों बार-बार बाधित हो रही बिजली आपूर्ति से परेशान हैं। दिन हो या रात, बिजली के लगातार आने-जाने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इसका सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, लघु उद्यमियों, दुकानदारों और घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कई-कई बार गुल हो जाती है, जिससे दैनिक कार्यों के साथ-साथ पढ़ाई और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र के भगत सिंह, महेश शर्मा, लेखराज राणा, राजू, कमल और वीरेंद्र सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से यह समस्या लगातार बनी हुई है। उन्होंने विभाग से बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाने की मांग की है।लोगों का कहना है कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। वहीं गर्मी और उमस के बीच बार-बार बिजली कटने से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब महादेव के कनिष्ठ अभियंता (जेई) कमलेश राव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि समस्या लोड बढ़ने के कारण उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग द्वारा आवश्यक कार्य किया जा रहा है और जल्द ही स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा।

## अंबेडकर भवन सजाओपीपलू का हो जीर्णोद्धार : भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** धर्मपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत सजाओपीपलू में स्थित अंबेडकर भवन को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रही चर्चाओं और अटकलों के बीच पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने भवन की स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत से इस संबंध में जल्द बैठक बुलाकर लोगों के समक्ष वास्तविक स्थिति रखने का आग्रह किया है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अंबेडकर भवन का निर्माण एक विशेष योजना के तहत हुआ है और इसका स्वामित्व ग्राम पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग के पास है। ऐसे में इसकी देखरेख, मरम्मत और विस्तार का अधिकार भी इन्हीं संस्थाओं के पास है। उन्होंने कहा कि भवन को किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग करने या नया निर्माण करने से पहले पंचायत की सहमति आवश्यक है। उन्होंने भवन की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि यहां शौचालय की सुविधा नहीं है, खिड़कियों के शीशे टूटे हुए हैं और विद्युत व्यवस्था भी क्षतिग्रस्त है। भवन के पीछे बना गड्ढा गंदगी और दुर्गंध का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र का प्रमुख सार्वजनिक भवन है, जहां सरकारी, सामाजिक और गैर-सरकारी कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

**◆ प्रतिमा, शौचालय व किचन निर्माण की भी उठाई मांग**

भूपेंद्र सिंह ने भवन के जीर्णोद्धार, अंबेडकर प्रतिमा स्थापना, शौचालय और रसोईघर निर्माण की मांग करते हुए कहा कि खाली भूमि का बेहतर उपयोग कर इसे और विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने भवन के नाम पर राजनीति से बचने और पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजने की भी अपील की।

## थुनाग में इस बार सुरक्षा प्रबंध पुख्ता

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आगामी मानसून और संभावित आपदा से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पिछले वर्ष सराज घाटी में आई त्रासदी से सबक लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। इसी कड़ी में थुनाग बाजार में जमा मलबा हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग को 10 लाख रुपये जारी किए गए हैं। आपात स्थिति में त्वरित राहत और बचाव कार्य के लिए बुधवार को थुनाग में एसडीआरएफ की 10 सदस्यीय टीम तैनात की जाएगी, जो क्षेत्र में ही मौजूद रहकर जरूरत पड़ने पर तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करेगी। एसडीएम संजीत शर्मा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में सभी विभागों को तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। थुनाग-जंजैहली मार्ग को सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। वहीं, जल शक्ति विभाग को पेयजल लाइनों की मरम्मत और विद्युत बोर्ड को पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम संजीत शर्मा ने बताया कि निगरानी के लिए सभी नोडल अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप सक्रिय कर दिया गया है।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करे सरकार : त्रिलोक ठाकुर

## सरकाघाट में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक में उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक बुधवार को सरकाघाट में प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में हिमाचल प्रदेश गैर-शिक्षक कर्मचारी महासंघ जिला मंडी के जिला अध्यक्ष राजेश राव, जिला महासचिव महेश कुमार और स्थानीय इकाई के अध्यक्ष रविंद्र कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के बाद त्रिलोक ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार के महंगाई भत्ते के बीच लगभग 15 प्रतिशत के अंतर को समाप्त करने तथा लंबित किस्त जारी करने की मांग उठाई। इसके अलावा 1 जनवरी 2016 से देय संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान करने और आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए प्रभावी एवं स्थायी नीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से संयुक्त परामर्शदात्री समिति (जेसीसी) की बैठक शीघ्र बुलाने का आग्रह किया, ताकि लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जा सकें। बैठक का समापन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।



सरकाघाट में आयोजित अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**◆ सीएम से जेसीसी की बैठक शीघ्र बुलाने का आग्रह**

# मानसून की पहली बारिश में फोरलेन बनी तालाब

## लोगों ने लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान



**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** लगातार बदलते मौसम के बीच मानसून ने अब पूरी तरह दस्तक दे दी है। मानसून की शुरुआती बारिश ने ही क्षेत्र में अव्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। जगह-जगह गड्ढों में तब्दील सड़कें बरसाती पानी से लबालब भरी हुई हैं, जबकि कई नालियां अवरुद्ध होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा प्लास्टिक और अन्य कचरा खुले में बिखरा पड़ा दिखाई दे रहा है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कीरतपुर-मनाली फोरलेन का बड़ा हिस्सा भी कई स्थानों पर तालाब जैसा दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। विशेष रूप से सर्विस मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। अधूरे निर्माण कार्य, गंदगी के ढेर और तकनीकी खामियों के कारण मार्ग के निचले हिस्सों में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है। इससे वाहन चालकों, स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। हर बारिश में फोरलेन और सर्विस रोड की खामियां उजागर हो जाती हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे। बरसाती पानी के जमाव से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। लोगों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क की खामियों को दूर करने की मांग की है। साथ ही सांसद कंगना रनौत और उपायुक्त मंडी से भी इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो मानसून के आगामी दिनों में स्थिति और अधिक विकट हो सकती है।

## बरोट स्कूल में वंदना ठाकुर को चुना एसएमसी अध्यक्ष



अनंत ज्ञान

**बरोट।** चौहार घाटी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट में मंगलवार को प्रधानाचार्य थमन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के लिए स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के चयनित सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। गत 25 जून को चयनित सदस्यों की इस बैठक में सर्वसम्मति से वंदना ठाकुर को लगातार दूसरी बार एसएमसी अध्यक्ष तथा रामदेव वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। प्रधानाचार्य थमन सिंह ठाकुर ने बताया कि समिति में कृष्ण कुमार, गुलाब सिंह, दुर्गा राम, गीता देवी, पंकज कोतवाल, रमेश कुमार, पूर्णमा देवी, शांता देवी, मदन लाल, संगीता देवी, सुमना देवी, रीनू देवी, सुरेंद्र पाल तथा संतोषी देवी को सदस्य चुना गया है। वहीं ग्राम पंचायत बरोट की प्रधान हिना देवी, वार्ड सदस्य बुद्धि सिंह, आशा कार्यकर्ता सीता देवी, सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी तिलक ठाकुर तथा सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता राजमल ठाकुर को नामांकित सदस्य बनाया गया है। प्रधानाचार्य ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

# संधोल अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अब जनप्रतिनिधि भी धरने पर बैठे

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर शुरू हुआ जनआंदोलन अब लगातार मजबूत होता जा रहा है। आंदोलन के चौथे दिन लोकतंत्र की जड़ों यानी ग्रामीण संसद के प्रतिनिधियों के भी क्रमिक अनशन में शामिल होने से आंदोलन को नई मजबूती मिली है। चौथे दिन विकास मढोत्रा, रमन सकलानी (उपप्रधान, ग्राम पंचायत भदेड़) तथा सुदेश ठाकुर (पूर्व बीडीसी सदस्य, कून) क्रमिक अनशन पर बैठे। उनके अनशन पर बैठने से यह संदेश गया कि अब यह आंदोलन केवल युवाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों का भी इसे व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने धरना स्थल पर भारी परेशानी खड़ी कर दी। तेज बारिश के कारण धरना स्थल पर पानी भर गया, जिससे आंदोलनकारियों के गद्दे, मैट और अन्य आवश्यक सामान पूरी तरह भीग गए। इसके बावजूद आंदोलनकारियों ने धरना स्थल नहीं छोड़ा और पूरी रात वहीं डटे रहे। युवाओं ने कहा कि बारिश ने उनके संघर्ष को कमजोर नहीं किया, बल्कि उनके हौसलों को और अधिक मजबूत कर दिया है। उनका कहना है कि प्राकृतिक कठिनाइयां उनके संकल्प को नहीं डिगा सकतीं और जब तक नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति तथा आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल नहीं की जातीं, तब तक उनका शांतिपूर्ण आंदोलन और क्रमिक अनशन जारी रहेगा। दिनभर क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचते रहे और आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाते रहे। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए सरकार से जल्द से जल्द अस्पताल में एमडी चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट सहित अन्य रिक्त पद भरने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग की।

**◆ जनआंदोलन और क्रमिक अनशन चौथे दिन भी जारी**

आंदोलनकारियों का कहना है कि संधोल अस्पताल की बदहाल व्यवस्था अब पूरे क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। उनका स्पष्ट कहना है कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या संगठन की नहीं, बल्कि क्षेत्र के हजारों लोगों के बेहतर स्वास्थ्य अधिकार की लड़ाई है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह जनआंदोलन और क्रमिक अनशन निरंतर जारी रहेगा।

**परेशानी** पूरी तरह उखड़ चुकी टारिंग, गहरे गड्ढों और बंद नालियों से बढ़ी परेशानी

# बरोट-मियोट सड़क की बदहाली से 4 गांवों में रोष

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित बरोट-मियोट लगभग नौ किलोमीटर सड़क मार्ग की जर्जर हालत को लेकर मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ और झरवाड़ गांवों के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोक निर्माण विभाग के उपमंडल झटिंगरी के अंतर्गत आने वाले इस सड़क मार्ग पर जगह-जगह टायरिंग उखड़ चुकी है, जिससे गहरे गड्ढे बन गए हैं और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2017 में लोगों को समर्पित किए गए इस मार्ग पर प्रतिदिन छोटे और बड़े वाहन चलते हैं, लेकिन सड़क की बिगड़ती स्थिति चिंता का विषय बन गई है। सड़क पर बिछाई गई तारकोल से रेत और बजरी अलग होकर मार्ग पर बिखर रही है, जिससे विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। वहीं पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियां भी मलबे से भर चुकी हैं। स्थानीय लोगों चंद्रशेखर, बलदेव, संतोष, रामचंद, त्वारू राम, मदन, पवन, कश्मीर, जीत, जानक, दिनेश, विपिन और सुरेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़कों की बेहतर स्थिति की अपेक्षा रहती है, लेकिन बरोट-मियोट सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है। उनका आरोप है कि पैचवर्क भी सही ढंग से नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि गत वर्ष बरसात के दौरान भूस्खलन और ल्हासे गिरने से सड़क का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सुरक्षा डंगे नहीं लगाए गए हैं। खलैहल पंचायत के प्रधान सुभाष चंद ठाकुर, उपप्रधान भागमल तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार से सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। इस संबंध में द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ने कहा कि लोगों की शिकायतें जायज हैं और सड़क को दुरुस्त करने के लिए विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।




बरोट-मियोट सड़क मार्ग पर बने गहरे गड्ढे, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनंत ज्ञान

**◆ लोगों ने विभाग से मरम्मत करने की उठाई मांग**

देश-प्रेम के दो शब्दों के सामंजस्य में वशीकरण मंत्र है, जादू का सम्मिश्रण है। यह वह कसौटी है जिस पर देश भक्तों की परख होती है।
– बलभद्र प्रसाद गुप्त 'रसिक'

## संपादकीय

# उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव

किसी भी देश का भविष्य उसके बच्चों के हाथों में होता है। यदि बचपन स्वस्थ, पोषित और शिक्षित होगा तो राष्ट्र का भविष्य भी मजबूत होगा। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के पोषण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। केवल स्कूल भेज देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि बच्चों को ऐसा पौष्टिक भोजन मिले, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास समान रूप से हो सके। इसी सोच को साकार करने की दिशा में हिमाचल प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आहार योजना एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल बनकर सामने आई है।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई यह योजना बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिड-डे मील योजना पहले से ही बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और कुपोषण कम करने में अहम भूमिका निभा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री आहार योजना ने इसे एक नया आयाम दिया है। अब प्रत्येक बुधवार को विद्यार्थियों को मिड-डे मील के साथ अतिरिक्त पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अतिरिक्त पोषण में उबले हुए अंडे तथा मौसमी फल शामिल किए गए हैं, जिससे बच्चों को आवश्यक प्रोटीन, विटामिन और अन्य पोषक तत्व मिल रहे हैं।

यह किसी से छिपा नहीं है कि बचपन में उचित पोषण का सीधा संबंध बच्चों की सीखने की क्षमता, स्मरण शक्ति और मानसिक विकास से होता है। जिन बच्चों को संतुलित और पौष्टिक भोजन मिलता है, वे पढ़ाई में अधिक एकाग्र रहते हैं, उनकी उपस्थिति बेहतर होती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसलिए मुख्यमंत्री आहार योजना केवल भोजन उपलब्ध कराने की योजना नहीं है, बल्कि यह बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में किया गया एक महत्वपूर्ण निवेश है। हिमाचल प्रदेश ने इस योजना के माध्यम से यह संदेश दिया है कि शिक्षा और पोषण एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि बच्चा भूखा या कुपोषित रहेगा तो वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाएगा। दूसरी ओर, यदि उसे पर्याप्त पोषण मिलेगा तो वह मानसिक और शारीरिक रूप से अधिक सक्षम बनेगा। यही कारण है कि विकसित देशों में भी विद्यालयी शिक्षा के साथ पोषण कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाती है।

मुख्यमंत्री आहार योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल भोजन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में स्वस्थ खान-पान की आदत विकसित करने का भी प्रयास करती है। मौसमी फल और प्रोटीन युक्त आहार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अनेक बीमारियों से भी बचाने में सहायक हैं। आज जब जंक फूड और असंतुलित खान-पान बच्चों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन चुके हैं, तब ऐसी योजनाएं और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती हैं।

ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनेक बच्चों के लिए स्कूल में मिलने वाला भोजन दिन का सबसे पौष्टिक भोजन होता है। ऐसे में मुख्यमंत्री आहार योजना उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ-साथ परिवारों पर आर्थिक बोझ भी कम करती है। यह योजना सामाजिक समानता को भी बढ़ावा देती है, क्योंकि सभी बच्चों को समान गुणवत्ता का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है। सरकार की यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बच्चों के समग्र विकास की अवधारणा पर आधारित है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि स्वस्थ, जागरूक और सक्षम नागरिक तैयार करना है। जब बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे, तभी वे मानसिक रूप से भी मजबूत बनेंगे और समाज व राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकेंगे।

हालांकि किसी भी योजना की सफलता केवल उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। इसलिए आवश्यक है कि स्कूलों में नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण फल और अंडों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जहां किसी कारणवश अंडे नहीं दिए जा सकते, वहां बच्चों को समान पोषण वाला वैकल्पिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाना चाहिए। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और समयबद्ध वितरण पर भी निरंतर निगरानी रखी जानी चाहिए ताकि योजना का वास्तविक लाभ प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचे। हिमाचल प्रदेश की यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है। यदि देशभर में मिड-डे मील के साथ इस प्रकार का अतिरिक्त पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए तो बाल कुपोषण कम करने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। स्वस्थ और शिक्षित बच्चे ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रख सकते हैं।

## आज की प्रमुख हस्ती

### अविस्मरणीय पार्श्वगायक

**सैयद** मोहम्मद अजीज-अन-नबी (जन्म- 2 जुलाई 1954, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 27 नवंबर 2018, मुंबई) भारत के प्रसिद्ध पार्श्वगायकों में से एक थे, जिन्होंने मुख्यत: बंगाली, ओड़िया और हिंदी फिल्मों में अपनी मधुर आवाज दी। वे अपनी शक्तिशाली और भावपूर्ण गायकी के लिए जाने जाते थे।



मोहम्मद अजीज
जन्म : 2 जुलाई, 1954
मृत्यु : 27 नवंबर, 2018

मोहम्मद अजीज ने अपने करियर की शुरुआत कोलकाता के गालिब रेस्टोरेंट में एक गायक के रूप में की थी। वर्ष 1984 में वे मुंबई आए और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अम्बर' रही। इसके बाद उन्हें फिल्म 'मर्द' (1984) में गीत 'मर्द टांगे वाला' से बड़ी पहचान मिली, जिसे संगीतकार अनु मलिक ने उन्हें दिया था। यह गीत अत्यंत लोकप्रिय हुआ और उनके करियर को नई दिशा मिली। उन्होंने अनेक सुपरहिट गीतों को अपनी आवाज दी, जिनमें 'आपके आ जाने से', 'इमली का बूटा', 'कागज कलम दवात ला', 'माई नेम इज लखन', 'तुझे रब ने बनाया होगा' और 'दिल दिया है जान भी देंगे' जैसे गीत शामिल हैं। उनकी आवाज में एक विशेष ऊर्जा और भावनात्मक गहराई थी, जो श्रोताओं को तुरंत आकर्षित कर लेती थी।

मोहम्मद अजीज को अक्सर महान गायक मोहम्मद रफी का उत्तराधिकारी कहा जाता था। वे रफी साहब को अपना आदर्श और प्रेरणा स्रोत मानते थे। उन्होंने कभी औपचारिक रूप से प्रशिक्षण नहीं लिया, लेकिन सुन-सुनकर गायकी सीखी और अपनी अलग पहचान बनाई। कहा जाता है कि उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर रफी साहब ने भी उनकी प्रशंसा की थी। अपने करियर में उन्होंने 20,000 से अधिक गीत विभिन्न भाषाओं में गाए और लता मंगेशकर, आशा भोंसले और कविता कृष्णमूर्ति जैसी महान गायिकाओं के साथ युगल गीत भी गाए। 27 नवंबर 2018 को 64 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।



गजल

### उड़ूं तो बाज हो जाऊं

आशा देवी, जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

**छुपा** लो तुम कहीं दिल में कि गहरा राज हो जाऊं,
सुनाऊं जो पसंद अब आपकी आवाज हो जाऊं।
कहा कब है सुना कब है सदाएं आ के गुजरी हैं,
करूं मैं फख्र तुम पर या तुम्हारा नाज हो जाऊं।
लुटा के जिंदगी तन्हा मिला न प्यार बदले में,
गया है बीत कल तेरा मगर मैं आज हो जाऊं।
मुहब्बत भी मिली उनको सदा जो दिल से खाली थे
बनो नगमा जो गाऊं मैं सुरीला साज हो जाऊं।
सहा है खूब तूने दर्द रोई आंख है जानम,
लगूं जख्मों में मरहम सी दवा हमराज हो जाऊं।
रहा दुश्मन जमाना तो मुहब्बत का सदा हमदम,
गुमां बनना सनम मेरे मैं तेरी लाज हो जाऊं।
बनो तुम आसमां मेरा भरूं परवाज पंखों की,
कहे 'आशा' जो थामों तुम उड़ूं तो बाज हो जाऊं।

# हीटवेव से उबलता यूरोप : जलवायु संकट और अनुकूलन

जून का महीना खत्म होने को है और यूरोप एक अभूतपूर्व और भीषण हीटवेव की चपेट में है। पूरे महाद्वीप में अटलांटिक के तटों से लेकर बाल्कन तक, मौसम के चार्ट गहरे लाल रंग में बदल गए हैं। जिन देशों में आम तौर पर गर्मियों का मौसम हल्का-फुल्का रहता था, वहां अब तापमान ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जो इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, जर्मनी के पूर्वी शहर कोस्चेन में हाल ही में तापमान 41.7°C तक पहुंच गया। यह तीन दिनों तक चले उस दौर का हिस्सा था जब 252 अलग-अलग मौसम केंद्रों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।



राजन कुमार शर्मा
डुगली, लंबलू, जिला हमीरपुर (हि.प्र)

फ्रांस ने अपने आधुनिक इतिहास के सबसे गर्म दिन देखे, जहां पुलुआउ में तापमान 43.8°C तक पहुंच गया, जबकि यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड में भीषण गर्मी के कारण ऐतिहासिक 'रेड वॉर्निंग' जारी की गई। यह अब मौसम में होने वाला कोई सामान्य बदलाव नहीं है, यह एक गंभीर क्षेत्रीय संकट है। बढ़ती मौतों, क्रोएशिया से लेकर स्पेन तक चीड़ के जंगलों में लगी आग और चरमराते इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ, यूरोप तेजी से अस्थिर होते मौसम के बीच हमारे सामूहिक भविष्य की एक भयावह तस्वीर पेश कर रहा है। यह समझने के लिए कि अभी चल रही हीटवेव इतनी खतरनाक क्यों है, हमें स्थानीय वायुमंडलीय भौतिकी और ग्लोबल वार्मिंग के मिले-जुले असर को देखना होगा।

**वायुमंडलीय ब्लॉकिंग और 'हीट डोम' :** स्थानीय स्तर पर, पश्चिमी और मध्य यूरोप के ऊपर एक शक्तिशाली हाई-प्रेशर सिस्टम बन गया है। यह सिस्टम हवा में एक विशाल ढक्कन की तरह काम करता है, जो गर्म हवा को ज़मीन की सतह के पास रोककर रखता है, बादलों को हटा देता है और तेज धूप को लगातार जमीन को तपाने देता है। इसके अलावा, यह सिस्टम एक पंप की तरह काम करता है, जो सहारा रेगिस्तान से सीधे झुलसा देने वाली गर्म हवाओं को ऊपर खींचता है।

**इंसानों की वजह से बढ़ा असर :** हालांकि हाई-प्रेशर सिस्टम गर्मियों के मौसम की आम बात हैं, लेकिन इनकी तीव्रता बहुत ज्यादा बढ़ गई है। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन कंसोर्टियम के एक तेजी से किए गए विश्लेषण से यह नतीजा निकला कि इतने बड़े इलाके और इतनी ज्यादा तीव्रता वाली जून की हीटवेव (लू) का आना, सिर्फ पांच दशक पहले लगभग नामुमकिन था। इंसानों की वजह से होने वाले



ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन ने दुनिया भर में बेसलाइन तापमान को 1.1°C से ज्यादा बढ़ा दिया है। नतीजतन, आज की हीटवेव, प्री-इंडस्ट्रियल दुनिया (औद्योगिक क्रांति से पहले की दुनिया) के मुकाबले 2°C से 4°C ज्यादा गर्म होती हैं।

**ट्रॉपिकल नाइट्स की समस्या :** वर्तमान और आने वाली हीटवेव पहले की तुलना में ज्यादा खतरनाक हो रही हैं, क्योंकि अब समस्या सिर्फ उच्च तापमान की नहीं बल्कि अत्यधिक नमी और लगातार गर्म रातों (ट्रॉपिकल नाइट्स) की भी है। पहला बड़ा मुद्दा 'वेट-बल्ब' प्रभाव है। जब हवा में नमी बहुत अधिक होती है, तो पसीना ठीक से वाष्पित नहीं हो पाता। इससे शरीर का प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम कमजोर पड़ जाता है और गर्मी का तनाव तेजी से बढ़ता है। यह स्थिति खासकर बुजुर्गों, पहले से बीमार लोगों और बाहर काम करने वालों के लिए जानलेवा हो सकती है। दूसरी गंभीर बात यह है कि रातें भी अब ठंडी नहीं हो रहीं। कुछ जगहों पर न्यूनतम तापमान 29एष्ट के आसपास दर्ज हो रहा है, जो शरीर को रिकवरी का समय नहीं देता। लगातार गर्म रातों से हृदय प्रणाली पर दबाव बढ़ता है, मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है और थकान जमा होती जाती है। यही वजह है कि इन्हें 'ट्रॉपिकल नाइट्स' कहा जाता है। शहरी ढांचा इस संकट को और बढ़ाता है। यूरोपीय और कई अन्य शहर ऐतिहासिक रूप से ठंड से बचाव के लिए बनाए गए थे, न कि अत्यधिक गर्मी से निपटने के लिए। कंक्रीट, डामर और घनी इमारतें 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव पैदा करती हैं, जिससे शहर रात में भी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा गर्म रहते हैं। इसके साथ, एयर कंडीशनिंग की सीमित उपलब्धता स्थिति को और कठिन बनाती है। इस चुनौती से निपटने के लिए दो स्तरों की रणनीति सुझाई गई है।

**तात्कालिक स्तर पर:** कूलिंग सेंटर, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं, गर्मी के समय बाहरी काम पर रोक, और बेहतर हीट अलर्ट सिस्टम जरूरी हैं-जो सिर्फ दिन की अधिकतम गर्मी नहीं बल्कि रात के तापमान और नमी को भी ध्यान में रखें।

**दीर्घकालिक स्तर पर :** शहरों के डिजाइन में बड़े बदलाव की आवश्यकता है। अधिक हरित क्षेत्र (पेड़, पार्क), 'ब्लू इंफ्रास्ट्रक्चर' (जल आधारित ठंडक प्रणाली), परावर्तक छतें, प्राकृतिक वेंटिलेशन और कम ऊर्जा-खपत वाली कूलिंग तकनीकें अपनानी होंगी। साथ ही बिजली ग्रिड और परिवहन ढांचे को भी गर्मी सहने लायक मजबूत करना होगा।

कुल मिलकर कहा जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन अब सिर्फ पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि शहरी जीवन और सार्वजनिक स्वास्थ्य का गंभीर संकट बन चुका है। इसका समाधान तकनीकी रूप से संभव है, लेकिन इसके लिए तेज़ नीति-निर्माण और ऊर्जा प्रणाली में बड़े बदलाव की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता : आत्ममंथन बेहद जरूरी?

अंग्रेजी भाषा का एक शब्द 'कॉमेडी', कदाचित जिसका अर्थ 'हास्य की वह विधा है, जिसका उद्देश्य स्वस्थ मनोरंजन और समाज को हंसी के माध्यम से सकारात्मक संदेश देना है' लेकिन इन दिनों भारत में कॉमेडी या स्टैंड-अप कॉमेडी और कॉमेडी शो के नाम पर डिजिटल मनोरंजन के क्षेत्र में कुछ ऐसी गंभीर और फूहड़ घटनाएं सामने आई हैं, जिनके बारे में जानकर यह कहना पड़ेगा कि बस अब बहुत हुआ! सरकार और सरकारी तंत्र से लेकर आम आदमी को 'आत्ममंथन' करने की आवश्यकता है।



डॉ. महेंद्र ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

यह भी सच है कि सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने अभिव्यक्ति के नए अवसर प्रदान किए हैं। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, क्योंकि हास्य और व्यंग्य किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के महत्त्वपूर्ण अंग होते हैं। वे समाज की विसंगतियों को उजागर करते हैं, सत्ता से प्रश्न पूछते हैं और लोगों को हंसाते हुए सोचने का अवसर देते हैं लेकिन जब हास्य की सीमाएं टूटकर अश्लीलता, अपमान, व्यक्तिगत कटाक्ष और संवेदनहीनता में बदलने लगती हैं, तब यह केवल मनोरंजन का विषय नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक चिंता का विषय बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं, जहां कॉमेडी के नाम पर माता-पिता, पारिवारिक संबंधों, धार्मिक भावनाओं, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों और यहां तक कि मृत्यु जैसे संवेदनशील विषयों और देहदान करके अस्पतालों में दान किए शवों पर भी फूहड़ मजाक बनाया गया है।

हाल ही में कुछ डिजिटल कार्यक्रमों और पॉडकास्टों और कॉमेडी शोज में जिस तरह से अशोभनीय भाषा और पारिवारिक संबंधों पर टिप्पणियां की गई हैं, उनको देखकर प्रश्न उठते हैं कि क्या सस्ती लोकप्रियता और व्यूज प्राप्त करने के लिए और पैसा कमाने के लिए इतना नीचे गिरना उचित है? क्या मनोरंजन



के नाम पर हर विषय को मजाक का हिस्सा बनाया जा सकता है? यहां मूल प्रश्न अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का नहीं है। कलाकारों और कॉमेडियनों को भी समाज पर टिप्पणी करने और व्यंग्य प्रस्तुत करने का अधिकार है, लेकिन हर अधिकार के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। जब अभिव्यक्ति दूसरों की गरिमा को आहत करने लगे, जब हास्य केवल चौंकाने और विवाद पैदा करने का साधन बन जाए, तब यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि कहीं हम मनोरंजन और अश्लीलता के बीच की रेखा तो नहीं मिटा रहे हैं। आज की डिजिटल संस्कृति में 'वायरल होने की दौड़' ने मनोरंजन की दिशा को प्रभावित किया है। सोशल मीडिया के एल्गोरिद्म अक्सर चौंकाने, विवाद पैदा करने या तीव्र प्रतिक्रिया देने वाली सामग्री को अधिक बढ़ावा देते हैं।

इससे कुछ कंटेंट निर्माता लोकप्रियता के लिए द्विअर्थी संवाद, गाली-गलौज और अश्लील टिप्पणियों का सहारा लेने लगते हैं। हालांकि, इसके लिए केवल कलाकारों या युवाओं को दोष देना उचित नहीं है। समाज, परिवार और शिक्षा व्यवस्था भी समान रूप से जिम्मेदार हैं, क्योंकि किसी भी पीढ़ी का व्यवहार उसके परिवेश और मूल्यों से निर्मित होता है। आज माता-पिता भौतिक सुविधाओं और सफलता पर अधिक ध्यान देते हैं, जबकि संस्कार, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की शिक्षा अपेक्षाकृत कम हो रही है। संयुक्त परिवारों में संवाद और नैतिक शिक्षा की परंपरा कमजोर होने से सोशल मीडिया कई युवाओं का प्रमुख मार्गदर्शक बन गया है।

साथ ही, रिश्तों, मानसिक स्वास्थ्य और यौन शिक्षा जैसे विषयों पर खुली चर्चा के अभाव में युवा इंटरनेट पर निर्भर हो जाते हैं। समाधान सेंसरशिप नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण है। कलाकारों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी होगी और दर्शकों को स्वस्थ हास्य व सार्थक मनोरंजन को प्रोत्साहित करना होगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ मानवीय गरिमा, संवेदनशीलता और सामाजिक मर्यादा का संतुलन ही एक जागरूक और संस्कारित समाज की वास्तविक पहचान है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मंदिरों में बढ़ती चोरी की घटनाएं और श्रद्धा की रक्षा की चुनौती

भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं, बल्कि उन मंदिरों से भी निर्मित होती है जो सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश देते आए हैं। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं, बल्कि विश्वास, संस्कृति और सामाजिक जीवन के केंद्र हैं। इसलिए जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और सामाजिक विश्वास पर भी गहरा आघात पहुंचता है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
सामाजिक विचारक

हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी और आभूषण चोरी करने तथा प्राचीन मूर्तियों की तस्करी जैसी घटनाएं लगातार सामने आई हैं। कई मामलों में आधुनिक तकनीक और अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा और समाज के नैतिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। जिस स्थान को सबसे सुरक्षित माना जाता है, यदि वही अपराधियों का आसान लक्ष्य बन जाए, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।

मंदिरों में चोरी सामान्य संपत्ति अपराध नहीं है। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और सेवा-भाव से दान करते हैं। उनका विश्वास होता है कि यह धन धर्मार्थ कार्यों और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो दानपेटी ही नहीं, श्रद्धालुओं का विश्वास भी टूटता है। यही कारण है कि ऐसी घटनाएं सामान्य चोरी की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं। इन घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। अधिकांश मंदिरों में आज भी बड़ी मात्रा में नकद दान आता है, लेकिन उसकी सुरक्षित गणना, भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई स्थानों पर दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं,



जिससे अपराधियों के लिए अवसर बढ़ जाता है। इसके साथ ही अधिकांश छोटे और मध्यम मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और नियमित निगरानी जैसी व्यवस्थाएं भी पर्याप्त नहीं हैं। कई जगह प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी के कारण अंदरूनी गड़बड़ियों की संभावना भी बनी रहती है। बेरोजगारी, नशे की लत, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास भी अपराध को बढ़ावा देते हैं। वहीं प्राचीन मूर्तियों और धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय तस्करी ने संगठित गिरोहों को सक्रिय बनाया है। मंदिर में चोरी का सबसे बड़ा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। इससे दान देने में हिचक, मंदिर प्रबंधन पर अविश्वास और सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

समाधान केवल पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं होना चाहिए। मंदिरों के लिए न्यूनतम सुरक्षा मानक निर्धारित किए जाएं। बड़े मंदिरों में आधुनिक निगरानी प्रणाली, नियंत्रित प्रवेश, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल प्रबंधन अनिवार्य हों, जबकि छोटे मंदिरों में स्थानीय पुलिस, ग्राम समितियों और नागरिकों के सहयोग से प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए। सीसीटीवी, क्लाउड रिकॉर्डिंग, स्मार्ट लॉक, अलार्म सिस्टम और बायोमेट्रिक व्यवस्था जैसी तकनीक सुरक्षा को मजबूत बना सकती है। दानपेटियों की पारदर्शी गणना, वीडियो रिकॉर्डिंग और बैंक में तत्काल जमा की व्यवस्था भी आवश्यक है। डिजिटल दान प्रणाली, जैसे यूपीआई, क्यूआर कोड और ऑनलाइन भुगतान, नकदी पर निर्भरता कम कर सकती है। साथ ही मंदिर समितियों को नियमित ऑडिट, संपत्तियों का डिजिटलीकरण और आय-व्यय का सार्वजनिक विवरण जारी करना चाहिए।

पारदर्शिता से श्रद्धालुओं का विश्वास भी मजबूत होगा। मंदिरों की सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मंदिरों में चोरी केवल ताले टूटने की घटना नहीं, बल्कि समाज के विश्वास में दरार का संकेत है। इस दरार को भरने के लिए आधुनिक सुरक्षा, पारदर्शी प्रबंधन, प्रभावी कानून, नैतिक शिक्षा और सामाजिक सहभागिता-सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# नशा करने वाले दोस्तों से सावधान रहें, सही संगति से ही भविष्य सुरक्षित

नशा करने वाले दोस्त केवल आपकी खुशियां ही नहीं छीनते, बल्कि आपके सपनों, भविष्य और व्यक्तित्व को भी धीरे-धीरे अंधकार की ओर ले जाते हैं। नशा व्यक्ति, परिवार और पूरे समाज को भीतर से खोखला कर देता है। यह केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि ऐसा सामाजिक संकट है जिस पर गंभीर चिंतन, मनन, शोध और व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता है। विशेष रूप से युवाओं को यह समझना होगा कि जीवन में सही संगति का चुनाव ही उनके उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी नींव है।



डॉ. राजकुमारी
साइकोलॉजिस्ट

सबसे पहला और सबसे प्रभावी कदम है कि स्वयं को नशे के माहौल से दूर रखा जाए। यदि आपके आसपास ऐसे लोग हैं जो बार-बार नशा करने के लिए दबाव बनाते हैं, तो समझदारी इसी में है कि उस स्थान और ऐसी संगति को तुरंत छोड़ दें। किसी भी क्षणिक दोस्ती या दिखावे के लिए अपने स्वास्थ्य, चरित्र और भविष्य को जोखिम में डालना कभी भी उचित निर्णय नहीं हो सकता। सच्ची समझदारी वही है जो समय रहते गलत रास्ते से स्वयं को दूर कर ले। यदि कोई मित्र आपको नशा करने के लिए बार-बार कहता है और आपको असहज महसूस होता है, तो बिना झिझक स्पष्ट रूप से मना करें। यदि आवश्यक हो तो कोई ठोस कारण भी बता सकते हैं, जैसे- 'मेरे माता-पिता मेरा इंतजार कर रहे हैं', 'मुझे घर जाना है' या 'मैं अपनी सेहत कभी खराब नहीं करना चाहता।' यह याद रखना चाहिए कि अपने स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा करना किसी भी दोस्ती से अधिक महत्वपूर्ण है। अपने निर्णय पर दृढ़ रहना ही आत्मविश्वास की पहचान है।

युवाओं को असली और नकली दोस्त के बीच का अंतर भी समझना चाहिए। जो मित्र स्वयं नशा करते हैं और आपको भी उसी रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं, वे आपके शुभचिंतक नहीं हो सकते। ऐसे लोग केवल अपनी गलत आदतों को सामान्य साबित करने के लिए दूसरों को भी अपने साथ जोड़ना चाहते हैं। इसके विपरीत, सच्चे मित्र वही होते हैं जो आपकी



सेहत, शिक्षा, सफलता और तरक्की की चिंता करते हैं। वे आपके निर्णयों का सम्मान करते हैं और कभी भी आपको किसी गलत काम के लिए मजबूर नहीं करते। यदि नशा करने वाले मित्र बार-बार इस विषय पर बात शुरू करें, तो बातचीत का रुख बदल देना भी एक अच्छा उपाय है। हर चर्चा में शामिल होना आवश्यक नहीं होता। कई बार विषय बदलकर या वहां से हटकर आप स्वयं को अनावश्यक दबाव से बचा सकते हैं। जो व्यक्ति आपकी इच्छा और सम्मान की परवाह नहीं करता, वह सच्चा मित्र कहलाने योग्य नहीं है। किसी भी रिश्ते की सबसे बड़ी पहचान आपसी सम्मान और विश्वास होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नशा करने वालों को स्पष्ट और आत्मविश्वास के साथ 'ना' कहना सीखें। बिना किसी डर या संकोच के कहे-'मैं नशा नहीं करता', 'मुझे नशे में कोई रुचि नहीं है' या 'मैं अपने भविष्य से समझौता नहीं कर सकता।' आपका यह स्पष्ट निर्णय सामने वाले को भी यह संदेश देता है कि आपके सिद्धांत अटल हैं और आप किसी भी दबाव में आने वाले नहीं हैं। युवाओं के जीवन का यह सबसे महत्वपूर्ण सबक है कि वे साथियों के दबाव में आकर कोई गलत निर्णय न लें। अनेक युवा अपनी इच्छा से नहीं, बल्कि दोस्तों के बार-बार उकसाने, मजाक उड़ाने या दबाव बनाने के कारण नशा शुरू कर देते हैं।

नशा कभी भी सफलता, आत्मविश्वास या आधुनिकता की पहचान नहीं हो सकता। वास्तविक सफलता स्वस्थ शरीर, स्वच्छ विचार, अच्छे संस्कार और सही मित्रों के साथ आगे बढ़ने में है। हर युवा को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह स्वयं नशे से दूर रहेगा और ऐसी संगति का चयन करेगा जो उसके जीवन को उज्ज्वल, सुरक्षित और सफल बनाए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### तानिया सचदेव का ग्लैमर स्टाइल

**तानिया** सचदेव एक भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंडमास्टर के कई खिताब जीते हैं। वह एक शतरंज प्रस्तोता और कमेंटेटर भी हैं। तानिया भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान, अर्जुन पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं, जो उन्हें 2009 में मिला था।



## फुटबॉल वर्ल्ड कप मैक्सिको ने 40 साल बाद नॉकआउट मैच जीता

# एमबाप्पे के डबल गोल से जीता फ्रांस

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी)**




पिछली बार की फाइनलिस्ट फ्रांस ने बुधवार के पहले मैच में स्वीडन को 3-0 से हराकर फुटबॉल वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। साथ ही सह-मेजबान मैक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराकर 40 साल बाद नॉकआउट राउंड का मैच जीता है। इस जीत के शहर के कई जगह सेलिब्रेशन हुए। इस दौरान 2 फैंस की दम घुटने से मौत हो गई।

न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने दो और ब्रैडली बारकोला ने एक गोल किया। मैक्सिको सिटी स्टेडियम में मैक्सिको के जूलियन क्विन्योनेस ने 22वें और राउल जिमेनेज ने 31वें मिनट में गोल किए। इंजरी टाइम के 5वें मिनट में पिएरो हिनकापिए को रेड कार्ड मिला। अब फ्रांस का सामना पैराग्वे से 5 जुलाई को होगा, जबकि मैक्सिको 6 जुलाई को इंग्लैंड और कांगो डीआर के विजेता से खेलेगी। एमबाप्पे ने 45वें और 74वें मिनट में गोल किए। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में तीसरी बार डबल गोल किए हैं। टूर्नामेंट में उनके छह गोल हो गए हैं। उन्होंने इस एडिशन के टॉप गोल स्कोरर की लिस्ट में अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी की बराबरी कर ली है। एमबाप्पे वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके 10 गोल हो गए हैं। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज लियोनिडास और रोनाल्डो के आठ-आठ गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। एमबाप्पे ने वर्ल्ड कप करियर में 18वां गोल किया है। वे मेसी (19 गोल) के वर्ल्ड रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं।

फ्रांस ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। टीम ने स्वीडन पर 25-7 से शॉट लगाए, जिनमें पहले हाफ में 15-3 की बढ़त रही। पहले एमबाप्पे और फिर माइकल ओलिसे की साइकिल किक पोस्ट से टकराई। इसके बाद एमबाप्पे ने ओलिसे के प्रयास पर मिले मौके को गोल में बदला। 53वें मिनट में गुस्ताफ लागरबिएल्के से गेंद छिनने के बाद ऑरेलियन चुआमेनी ने ओलिसे को पास दिया। ओलिसे ने शानदार मूव बनाते हुए बारकोला को गेंद दी और उन्होंने गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। तीसरा गोल भी ओलिसे और बारकोला की मदद से एमबाप्पे ने किया। (अनंत ज्ञान)

### विश्व कप जीतना लक्ष्य रिकॉर्ड नहीं : एमबाप्पे

**फीफा** विश्व कप में शानदार फॉर्म में चल रहे फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे ने कहा कि उनका लक्ष्य गोलों के रिकॉर्ड या गोल्डन बूट से अधिक विश्व कप ट्रॉफी जीतना है। उन्होंने कहा कि लियोनेल मेसी अभी और गोल करेंगे, लेकिन उनका पूरा फोकस 19 जुलाई को विश्व कप का खिताब जीतने पर है। स्वीडन के खिलाफ राउंड ऑफ-32 मुकाबले में दो गोल कर फ्रांस को 3-0 की जीत दिलाने वाले एमबाप्पे के विश्व कप में कुल 18 गोल हो गए हैं। वह मेसी के 19 विश्व कप गोलों के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में भी दोनों छह-छह गोल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर हैं। मैच के बाद एमबाप्पे ने कहा, 'हमारा लक्ष्य 19 जुलाई को यहां लौटकर विश्व कप ट्रॉफी जीतना है। हम एक-एक कदम आगे बढ़ रहे हैं।' रिकॉर्ड की दौड़ पर उन्होंने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मेसी अभी और गोल करेंगे। मेरा फोकस रिकॉर्ड नहीं, बल्कि हर अगले मुकाबले और विश्व कप फाइनल तक पहुंचने पर है।' फ्रांस का अगला मुकाबला शनिवार को फिलाडेल्फिया में पराग्वे से होगा, जिसने राउंड ऑफ-32 में जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में हराकर बड़ा उलटफेर किया था। एमबाप्पे ने कहा कि फ्रांस पराग्वे को हल्के में नहीं लेगा और टीम मुकाबले से पहले अपनी कमियों पर काम करेगी।

# नॉर्वे प्री-क्वार्टर फाइनल में, आइवरी कोस्ट फुटबॉल विश्व कप से बाहर



**एजेंसी, आर्लिंग्टन (टेक्सास)**

स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड के 86वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की बदौलत नॉर्वे ने फीफा विश्व कप 2026 के नॉकआउट मुकाबले में आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ आइवरी कोस्ट का विश्व कप अभियान समाप्त हो गया। अब नॉर्वे का सामना अंतिम-16 में ब्राजील से होगा। दोनों टीमें न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में आमने-सामने होंगी।

पहले हाफ में नॉर्वे ने 39वें मिनट में बढ़त बनाई। आरबी लाइपजिग के विंगर एंटोनियो नूसा ने शानदार कर्लिंग शॉट लगाकर आइवरी कोस्ट के गोलकीपर याहिया फोफाना को छकाते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में आइवरी कोस्ट ने जोरदार वापसी की। मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर अमाद डियालो ने 74वें मिनट में बेहतरीन व्यक्तिगत प्रयास से गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, पूरे मैच में अपेक्षाकृत शांत रहे एरलिंग हालैंड ने आखिरकार 86वें मिनट में अपना जलवा दिखाया। पैट्रिक बर्ग के पास पर उन्होंने नजदीक से गोल दागकर नॉर्वे को 2-1 की बढ़त दिलाई, जो अंत तक कायम रही। इस गोल के साथ हालैंड ने मौजूदा विश्व कप में अपने गोलों की संख्या पांच कर ली है। वह अब गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेसी से केवल एक गोल पीछे हैं। हालैंड का शानदार फॉर्म भी लगातार जारी है। अक्तूबर 2024 से अब तक उन्होंने नॉर्वे के लिए खेले गए हर प्रतिस्पर्धी मैच में गोल किया है। इस दौरान उन्होंने 13 मुकाबलों में 25 गोल दागे हैं। (अनंत ज्ञान)

# विंबलडन में सेरेना पहले दौर में बाहर

**एजेंसी, लंदन**



लगभग चार साल बाद सिंगल्स कोर्ट पर लौटीं सात बार की विंबलडन चैंपियन सेरेना विलियम्स का वापसी मुकाबला हार के साथ खत्म हुआ। ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया ज्वॉइंट ने पहले दौर में सेरेना को 6-3, 6-7 (6), 6-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। 44 वर्षीय सेरेना ने 2022 यूएस ओपन के बाद पहला सिंगल्स मुकाबला खेला। मौजूदा सिंगल्स रैंकिंग नहीं होने के कारण उन्हें विंबलडन में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला था।

सेरेना ने दमदार सर्विस और आक्रामक खेल की झलक दिखाई, लेकिन दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी माया ज्वॉइंट ने निर्णायक मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच के बाद सेरेना ने कहा कि विंबलडन में वापसी उनके लिए बेहद खास रही और सेंटर कोर्ट पर खेलना अविस्मरणीय अनुभव था। वहीं, माया जॉइंट ने कहा कि वह मुकाबले से पहले पूरी रात सो नहीं सकीं। उन्होंने इसे अपने करियर की सबसे बड़ी जीत बताया। माया ने मुकाबले में 40 विनर्स लगाए, जबकि सेरेना 26 विनर्स ही लगा सकीं। यह विंबलडन में माया की पहली जीत है। अब सेरेना अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ महिला युगल स्पर्धा में खेलती नजर आएंगी। (अनंत ज्ञान)

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

**एजेंसी, वेलिंगटन**



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 11 जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज मैट फिशर को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है, जबकि जैकब डफी की वापसी हुई है। 26 वर्षीय फिशर ने अगस्त 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट और इस साल बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने 25 लिस्ट-ए मैचों में 43 विकेट हासिल किए हैं।

डफी मार्च में खेले गए टी20 विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार न्यूजीलैंड टीम में लौटे हैं। वह पहले बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड टेस्ट दौरे से बाहर रहे थे। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि फिशर और डफी दोनों टीम को मजबूती देंगे। उन्होंने फिशर की तेज गेंदबाजी और विविधताओं की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार वनडे टीम में चयन उनके प्रदर्शन का पुरस्कार है। टीम की कप्तानी मिचेल सेंटनर करेंगे। स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल, जेडन लेनॉक्स और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को भी जगह मिली है। ब्रेसवेल और मार्क चैपमैन की भी टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड ने काइल जैमीसन, मैट हेनरी और विल ओ'रूर्क को व्यस्त कार्यक्रम के कारण आराम दिया है। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि डेवोन कॉनवे और रचिन रवींद्र निजी और पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं के चलते इस दौरे का हिस्सा नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

## मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक

**एजेंसी, मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद की शार्प शूटिंग एकेडमी की कोच अनामिका चौधरी ने बुधवार को बताया कि गोवा में 26 से 30 जून तक आयोजित ऑल इंडिया वाईएसएए नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में जिले की शार्प शूटिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पृथ्वी सिंह तोमर ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में वरुण चौधरी ने रजत पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अश्विनी गुर्जर ने कांस्य पदक हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

## अनंत Classifieds

### नाम दुरूस्ती

**मैं, देविन्द्र कुमार** पुत्र श्री झावे राम निवासी गाँव मरहोलदल डाकघर कंडागई तहसील आनी जिला कुल्लू, हि.प्र. ब्यान करता हूं मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसके नाम की spelling 'PURVI' दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि सही spelling 'POORVI' है। अत: आधार कार्ड में भी सही नाम POORVI दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

**मैं विन्द्रा** पत्नी सेवक राम निवासी गांव नालू डाकघर जयदेवी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश पिन 175031 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम हफसा बेगम से बदलकर विन्द्रा रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

**मैं दौलत राम राव** पुत्र नागराज निवासी गांव भदरोलु डाकघर मलोह तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हि.प्र घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड (8013-0297-9362) में मेरा नाम गलती से दौलत राम दर्ज है, मेरा असली और सही नाम दौलत राम राव है। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

**मैं उर्मला देवी** पत्नी तुलसी राम गांव भुआना बार्ड न 2 डाकघर भरवाना तेहसील पंचरूखी ब्यान करती हूँ कि सभी दस्तावेजों मे मेरा सही नाम उर्मला देवी दर्ज है। परंतु मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम उर्मिला देवी गलत दर्ज है। अत: उर्मला देवी तथा उर्मिला देवी एक ही औरत के नाम हैं इनको एक ही नाम से जाना जाए। संबंधित नोट करें।

### कार्यालय ग्राम पंचायत ढौंटा
विकास खण्ड देहरा तह. डाडा-सीबा जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

#### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत ढौंटा विकास खण्ड देहरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न प्रकार से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं मोहर बन्द लिफाफे में दिनांक 08-07-26 को सायं 5 बजे तक डाक के माध्यम से पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। निविदाएं दिनांक 09-07-2026 को प्रातः 11 बजे सप्लायरों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। पंचायत बिना कारण बताए किसी भी निविदा को रद्द कर सकती है। बिना बैंडर तथा बिना GST नम्बर वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। सप्लायर को निर्धारित x और m फार्म उपलब्ध करवाना होगा अन्यथा सरकार द्वारा तय की गई रॉयल्टी काटी जाएगी।

**सामग्री का विवरण-** रेत क्रशर व डस्ट, रेत करलूही बजरी 20एमएम, बजरा 40एमएम, बजरी क्रशर 20एमएम तथा 40एमएम, पत्थर, सीमेंट ढुलवाई, पक्की इंट, शटरिंग लकड़ी व स्टील, इंटर लाकिंग टाइल्स 40एमएम, 60एमएम, 80एमएम (ISI MARK), मिक्सचर मशीन, पानी टैंकर, जेसी वी, लोकल ट्रिप, सरिया, बैंच आदि निविदादाता को 20 हजार रूपये की धरोहर राशि पंचायत के पास जमा रखनी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत ढौंटा**
**विकास खण्ड देहरा तह. डाडा-सीबा जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

### ग्राम पंचायत हारगुनैण, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी, हि0 प्र0

#### निविदा सूचना

आज की बैठक में सर्वसम्मति से पास किया गया कि पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों हेतु, सामग्री आपूर्ति व ढुलान वर्ष 2026-27 हेतु, निम्न सामग्री व ढुलान हेतु, मुहर बन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10.07.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हारगुनैण पंहुच जानी चाहिए। बन्द निविदाताएं दिनांक 13.07.2026 की पंचायत बैठक में समय सुबह 11:00 बजे सबके समक्ष उपस्थित, अनुपस्थित निविदाता या उनके द्वारा किए गए अधिकृत सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी व निम्न दर निविदाता को वर्ष 2026-27 हेतु सामग्री सप्लाई व ढुलान का आडॅर उसी दिन से प्राप्त हो जाएगा। सामग्री सप्लाई व ढुलान जहां तक सड़क सुविधा होगी वहां तक पहुँचानी होगी व सामग्री व ढुलान दर भी वहीं तक मान्य होगी। **सामग्री का विवरण-** 1 रेत, क्रैशर(10,20,40 एमएम), गटका, बोल्डर 2 पत्थर, ईट-। श्रेणी, ।। श्रेणी - प्रति नंबर 3 सरिया, ऐंगल, पाईप लोहा व प्लास्टिक, चादर, तार आदि- प्रति किलोग्राम, नम्बर व एमएम में 4 जेसीबी कार्य व हैमरिंग - प्रति घंटा 5 शटरिंग आदि -रनिंग फूट/प्रति घन फूट 6 समुधा -प्रति घन फूट/मीटर 7. कार्य बोर्ड (2x3, 3x5) लिखाई सहित 8. ढुलान कार्य- प्रति नम्बर, प्रति घन फूट/मीटर, प्रति किलो **उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न शर्ते लागू होंगी:-** 1. निविदाता पंजीकृत होना चाहिए। 2. सामग्री व ढुलान प्राप्त निविदाता के पास अपना TIN/GST न0 होना चाहिए। 3. सामग्री सप्लाई निविदाता को प्रत्येक सामग्री बिल के साथ M या X फार्म देना अनिवार्य होगा। 4. समग्री व ढुलान प्राप्त निविदाता को पंचायत के पास कम से कम 10000/ रू. धरोहर के रूप में जमा रखने होंगे। 5. निविदा में दिनांक मोबाईल न0 TIN/GST न0 की छायाप्रति, दर with GST/ with out GST स्पष्ट लिखकर बन्द लिफाफे में देनी होगी। 6. बिना TIN/GST न0 के सामग्री सप्लाई व ढुलान की कोई भी निविदा स्वीकृत नहीं होगी। 7. उपरोक्त लिखित शर्तों में यदि कोई शर्त निविदा में कम पाई जाती है तो उस निविदा को स्वीकृत नहीं किया जाऐगा। 8. निविदा रदद करने, निविदा खोलने का दिनांक, समय, स्थान बदलने व अन्य जरूरी संशोधन या कोई विवाद होने पर इसके ऊपर निर्णय लेना इसका सम्पूर्ण अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

*प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत हारगुनैण, विकास खण्ड द्रंग, जिला मण्डी, हि0 प्र0*

### कार्यालय भू-सुधार अधिकारी-सह-तहसीलदार/सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।

#### नोटिस इशतहार

मुकदमाः हिमाचल प्रदेश काशतकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 104(3) सहपठित हि.प्र. काश्तकारी एवं भूमि सुधार नियम, 1975 के नियम 27 के अंतर्गत मालिकाना हक का इंतकाल।
प्रार्थी : राज कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री प्रकाश चंद, निवासी ग्राम भनियार, तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.

**बनाम**

प्रतिवादीगणः श्री वशिष्ट पाल आदि व अन्य कुल 251 व्यक्ति, समस्त निवासी महाल उपरला भनियार, मौजा भनियार, तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0- समस्त प्रतिवादीगण के नाम व पते की पूर्ण सूची उक्त कार्यालय व पटवार खाना सिहुंआ में निरीक्षणार्थ उपलब्ध है।

**विषयः मालिकाना हक प्रदान किए जाने वावत इशतहार नोटिस खाता न0 236, खसरा न0 142 मिन, रकाबा 0-32-72 है0 (किता-4), स्थित महाल उपरला भनियार, मौजा भनियार, तहसील शाहपुर, जिला कांगडा हि0 प्र0 मुताबिक जमाबंदी वर्ष 2020-21**

प्रार्थी राज कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री प्रकाश चंद, निवासी ग्गांम भनियार, तहसील शाहपुर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उपरोक्त वर्णित भूमि जमाबंदी 2020-21 में गैर मौरुसी के रुप में दर्ज है तथा वे एवं उनके पुरखे कई वर्षो से उक्त भूमि पर काशत करते आ रहे हैं। प्राथी ने प्रार्थना की है कि उपरोक्त भूमि में उनका मालिकाना हक स्वीकृत कर उनके इंतकाल दर्ज कर प्रमाणित किया जाए।

अतः महाल उपरला भनियार, मौजा भनियार, तहसील शाहपुर में उपरोक्त वर्णित भूमि में किसी भी प्रकार का हित रखने वाली आमजनता तथा समस्त प्रतिवादीगण को इस इशतहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि में मालिकाना हक का मुकदमा इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त समस्त 251 प्रतिवादीगण को उनके पते पर मुनादी व चस्तानगी के माध्यम से पृथ्क रुप से सूचित किया जा चुका है, जिसकी रिपोर्ट संबंधित पटवारी द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत की जा चुकी है।

जिस किसी भी प्रतिवादी अथवा हित बद्ध व्यक्ति को उक्त इंतकाल दर्ज किए जाने पर कोई एतराज हो, वे असालतन अथवा वकालतन दिनांक 22.07.2026 को दोपहार बार 2 बजे इस न्यायालय में हाजिर होकर अपना एतराज दर्ज करवा सकते हैं, हाजिर न होने के स्थिति में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जांएगे तथा बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 30.06.2026 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

*भू-सुधार अधिकारी सह-तहसीलदार शाहपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.*

# किम जोंग-उन का चीन के साथ मजबूत रिश्ते बनाने का वादा

**एजेंसी, सियोल**



उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग-उन ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की स्थापना की 105वीं सालगिरह पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बधाई संदेश भेजा और बीजिंग के साथ संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से दक्षिण कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी योनहाप न्यूज ने बताया कि किम ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी के बिना नया चीन नहीं बन सकता। यह वह सच है जिसे चीनी लोगों ने कई सालों तक पार्टी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ते हुए महसूस किया है।

केसीएनए के अनुसार, किम ने पिछले महीने प्योंगयांग में जिनपिंग के साथ हुई अपनी शिखर बैठक को याद किया। जिनपिंग ने 8-9 जून को प्योंगयांग का दो दिवसीय राजकीय दौरा किया था, जो लगभग सात वर्षों में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा थी। यात्रा के दौरान, दोनों नेताओं ने राजनीति, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की और उच्च-स्तरीय बातचीत को मजबूत करने तथा द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने का वादा किया। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी नेता को भेजे संदेश में किम ने कहा, 'दोनों देशों के बीच संबंधों की मजबूती की पक्की गारंटी पार्टियों के नेतृत्व से मिलती है।' उत्तर कोरियाई राष्ट्रपति ने कहा कि वह दोनों पार्टियों के साझा लक्ष्य समाजवाद को और मजबूत बनाने के लिए जिनपिंग के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

# जनसांख्यिकीय बदलावों पर समिति जल्द देगी सिफारिशें : अमित शाह



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमेटी से अपनी सिफारिशें जल्द प्रस्तुत करने को कहा है। समिति ने बुधवार को गृह मंत्री के आवास पर उनसे मुलाकात कर अपनी कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में समिति ने बताया कि वह देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा कर जमीनी स्थिति का आकलन करेगी तथा संबंधित मंत्रालयों से भी विचार-विमर्श करेगी। इसके लिए एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है, जिससे राज्यों से पहले ही आवश्यक सूचनाएं जुटाई जा सकें।

गृह मंत्री ने समिति की कार्ययोजना की सराहना करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिए कि इसके कार्यों में हरसंभव प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अध्ययन को समयबद्ध तरीके से पूरा कर जल्द रिपोर्ट सौंपने का सुझाव दिया। यह समिति अवैध प्रवास और अन्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का अध्ययन कर नीतिगत, विधायी और प्रशासनिक उपायों पर सरकार को सिफारिशें देगी। (अनंत ज्ञान)

### कार्यालय ग्राम पंचायत भलाड
विकास खण्ड नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

#### निविदा सूचना

बैठक प्रधान ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने हैं अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाएँ। कोटेशनर के पास GST नंबर व् बिलिंग भुगतान M फार्म प्रस्तुत करना अनिवार्य है। कोटेशने दिनांक 08/07/2026 तक सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए, सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. क्रेशर रेत- प्रति घन मीटर 2. क्रेशर बजरी 10/20 एमए-प्रति घन मीटर 3. क्रेशर बजरी 40 एमएम - प्रति घन मीटर 4. क्रेशर 63/90 एमएम-प्रति घन मीटर 5. पत्थर (बोल्डर) ढूल्वायी पहुंच सहित- प्रति घन मीटर 6. सीमेंट बैग ढूल्वायी पहुंच सहित सिविल सप्लाई फतेहपुर से लेकर कार्यस्थल तक (लोडिंग व् अनलोडिंग सहित)-प्रति बैग 7. शटरिंग किराया (स्टील)- प्रति स्केयर मीटर 8. शटरिंग किराया (लकड़ी)-प्रति स्केयर मीटर 9. कंक्रीट मिक्सचर किराया-प्रति दिन 10. पानी के टैंकर का किराया- प्रति टैंकर 11. ढूल्वायी जी0 आई0 वायर व् स्टील 10एमएम, 12 एमएम जसूर एग्रो (Govt. Firm) से ग्राम पंचायत भलाड तक (लोडिंग व् अनलोडिंग सहित-प्रति फेयर 12. कंक्रीट का बैंच-प्रति यूनिट 13.लोहे का बैंच-प्रति यूनिट 14. खेल सामग्री व् व्यायाम हेतू इक्विपमेंट-प्रति यूनिट 15.जे0 सी0 बी0 मशीन किराया-प्रति घंटा 16. कार्य स्थल बोर्ड लिखवाई-प्रति यूनिट 17. पक्की ईट ढूल्वायी पहुंच सहित ग्रेड A,B,C- प्रति यूनिट 18. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 250 एमएम (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 19. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 300 एमएम(पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 20. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 400 एमएम (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 21. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 600 एमएम (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 22. स्थापना वाटर कूलर 15/40 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 23. स्थापना वाटर कूलर 20/40 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 24. स्थापना वाटर कूलर 40/80 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 25. स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 2000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 26. स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 1000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 27. डस्टबिन क्षमता प्लास्टिक 10 लीटर- प्रति इकाई 28. डस्टबिन क्षमता प्लास्टिक 15 लीटर-प्रति इकाई 29. कार्यालय फर्नीचर : अलमारी, मेज, कुर्सिया पंखे इत्यादि फर्नीचर मुरम्मत सेवा-प्रति नं. /प्रति सर्विस। निविदा लिए आवेदन करते समय जीएसटी सामग्री के अतिरिक्त सम्मिलित किया जाएगा अतः आवेदन प्रति वस्तु बिना जीएसटी दर्शाया जाये ताकि तुलनात्मक सारणी तैयार करने में समस्या ना हो। निविदाएँ इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 09/07/2026 को खोली जाएंगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएंगी। निविदाएँ वर्ष 2026-27 के लिए मान्य होंगी। मेटीरिअल सप्लाई ना करने की दशा में, घटिया मटेरियल सप्लाई करने की दशा, विलम्ब से सप्लाई करने की दशा, कोटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म की अनुपस्थिति में (कोटेशन खोलने के समय) अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएँ रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

*प्रधान/सचिव*
*ग्राम पंचायत भलाड विकास खण्ड नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)*

### कार्यालय ग्राम पंचायत भलाड
विकास खण्ड नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

#### निविदा सूचना

बैठक प्रधान ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने हैं अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाएँ। कोटेशनर के पास GST नंबर व् बिलिंग भुगतान M फार्म प्रस्तुत करना अनिवार्य है। कोटेशने दिनांक 08/07/2026 तक सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए, सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. क्रेशर रेत- प्रति घन मीटर 2. क्रेशर बजरी 10/20 एमए-प्रति घन मीटर 3. क्रेशर बजरी 40 एमएम - प्रति घन मीटर 4. क्रेशर 63/90 एमएम-प्रति घन मीटर 5. पत्थर (बोल्डर) ढूल्वायी पहुंच सहित- प्रति घन मीटर 6. सीमेंट बैग ढूल्वायी पहुंच सहित सिविल सप्लाई फतेहपुर से लेकर कार्यस्थल तक (लोडिंग व् अनलोडिंग सहित)-प्रति बैग 7. शटरिंग किराया (स्टील)- प्रति स्केयर मीटर 8. शटरिंग किराया (लकड़ी)-प्रति स्केयर मीटर 9. कंक्रीट मिक्सचर किराया-प्रति दिन 10. पानी के टैंकर का किराया- प्रति टैंकर 11. ढूल्वायी जी0 आई0 वायर व् स्टील 10एमएम, 12 एमएम जसूर एग्रो (Govt. Firm) से ग्राम पंचायत भलाड तक (लोडिंग व् अनलोडिंग सहित-प्रति फेयर 12. कंक्रीट का बैंच-प्रति यूनिट 13.लोहे का बैंच-प्रति यूनिट 14. खेल सामग्री व् व्यायाम हेतू इक्विपमेंट-प्रति यूनिट 15.जे0 सी0 बी0 मशीन किराया-प्रति घंटा 16. कार्य स्थल बोर्ड लिखवाई-प्रति यूनिट 17. पक्की ईट ढूल्वायी पहुंच सहित ग्रेड A,B,C- प्रति यूनिट 18. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 250 एमएम (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 19. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 300 एमएम(पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 20. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 400 एमएम (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 21. आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 600 एमएम (पहुंच सहित)- प्रति यूनिट 22. स्थापना वाटर कूलर 15/40 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 23. स्थापना वाटर कूलर 20/40 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 24. स्थापना वाटर कूलर 40/80 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 25. स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 2000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 26. स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 1000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित)-प्रति यूनिट 27. डस्टबिन क्षमता प्लास्टिक 10 लीटर- प्रति इकाई 28. डस्टबिन क्षमता प्लास्टिक 15 लीटर-प्रति इकाई 29. कार्यालय फर्नीचर : अलमारी, मेज, कुर्सिया पंखे इत्यादि फर्नीचर मुरम्मत सेवा-प्रति नं. /प्रति सर्विस। निविदा लिए आवेदन करते समय जीएसटी सामग्री के अतिरिक्त सम्मिलित किया जाएगा अतः आवेदन प्रति वस्तु बिना जीएसटी दर्शाया जाये ताकि तुलनात्मक सारणी तैयार करने में समस्या ना हो। निविदाएँ इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 09/07/2026 को खोली जाएंगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएंगी। निविदाएँ वर्ष 2026-27 के लिए मान्य होंगी। मेटीरिअल सप्लाई ना करने की दशा में, घटिया मटेरियल सप्लाई करने की दशा, विलम्ब से सप्लाई करने की दशा, कोटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म की अनुपस्थिति में (कोटेशन खोलने के समय) अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएँ रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

*प्रधान/सचिव*
*ग्राम पंचायत भलाड विकास खण्ड नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)*

### कार्यालय ग्राम पंचायत पुखरी
विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा (हि0 प्र0)

#### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाम पंचायत पुखरी विकास खण्ड चम्बा जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा, VB-GRAM-G तथा अन्य समस्त मदों के अंतर्गत निष्पादित करवाए जा रहे विकास कार्यों की सामग्री क्रय हेतु निविदाएं /कुटेशनें हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम / नियम एवं MGNREGA/VB-G-RAM-G Operational Guldelines के अन्तर्गत आमंत्रित करती है । अतः फर्मों विक्रेताओं से अनुरोध है कि निम्नलिखित सामग्री अनुसार अपनी निविदाएं / कुटेशनें बंद लिफाफे में भरकर दिनांक 28/06/2027 से दिनांक 17/07/2026 समय 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत पुखरी में जमा करवाएं। जोकि दिनाँक 18/07/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत पुखरी में प्रातः 11 बजे कमेटी सम्मुख खोली जाएगी । निर्धारित तिथि / समय के पशचात प्राप्त होने वाली निविदा कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। **शर्ते निम्न प्रकार से होंगी-**1. फर्म/विक्रेताओं का GST नम्बर होना अनिवार्य है। GST नं की कमेटी द्वारा ऑनलाइन जांच की जाएगी यदि GST नं अवैध पाया जाता है तो कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। 2. Over writing/Cutting वाली निविदा/कुटेशन मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री कार्य FOR ली जाएगी तथा समय पर सामग्री उपलब्ध न करवाने की दशा में निविदा/कुटेशन रद्द कर दी जाएगी। 4. तकनीकी कर्मियों द्वारा सामग्री की जांच व मूल्यांकन (MB) उपरान्त ही अदायगी की जाएगी। 5. निविदा/कुटेशन धारक द्वारा पत्थर, बजरी, रेत इत्यादि सामग्री का W, X/ एम फ़ार्म विल के साथ जमा करवाना होगा यदि व्यक्ति/फर्म द्वारा W, X /एम् फार्म विल के साथ जमा नहीं करवाया जाता है तो उस दशा विल की अदायगी नहीं की जाएगी जिसके लिए सम्बंधित व्यक्ति फर्म स्वयं जिम्मेवार होगी। 6. निविदाकर्ता को नियमानुसार TDS भी जमा करवाना होगा । 7. समस्त ओपचारिक्ताएं पूर्ण करने बाली फर्मों को सरकारी दरों (Rate Authorize by HPSR 2009, 2020 and Market rate) पर सामग्री देने हेतु Nego-tiation उपरान्त वार्ड बार प्रत्येक बार्ड में 3 फर्मों को Penal list कर दिया जाएगा । 8. विक्रेताओं की एक ही सामग्री की दरें सामान होने की स्थिति में आपूर्ति same rate पर ग्राम पंचायत की सहमति अनुसार दोनों विक्रेताओं से ली जाएगी। 9. निविदा/कुटेशन के साथ PAN/TAN/GST नम्बर व आधार कार्ड/पहचान पत्र की छायाप्रति देनी होगी। 10. कोई भी GST धारक व्यक्ति / फर्म का मालिक बी पी एल सूची में शामिल नहीं होना चाहिए । 11. निविदाकर्ता/कुटेशन देने वाला व्यक्ति / फर्म हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1994 की धारा 122 (i) व 151 के प्रावधान अनुसार वर्णित प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ के अन्तर्गत परिवार की परिभाषा के तहत पंचायत पदाधिकारी (वार्ड सदस्य, प्रधान, उपप्रधान पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य) कर्मचारी का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रिश्तेदार व सगा सम्बन्धी नहीं होना चाहिए । 12. पंचायत पदाधिकारी स्वयं भी कोई कुटेशन /निविदा प्रस्तुत नहीं करेगा। 13. निविदाकर्ता/कुटेशन देने वाले व्यक्ति/फर्म को ग्राम पंचायत के नाम मु-100000/-(1 lakh) रुपये का बैंक ड्राफ्ट / FDR जो ग्राम पंचायत के नाम pledge हो, जमा करवानी होगी तथा उसका प्रमाण भी कुटेशन /निविदा के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा ऐसा न करने पर कुटेशन /निविदा रद्द कर दी जाएगी। सामग्री की समय वृद्ध आपूर्ति न करने या घटिया सामग्री की आपूर्ति करने की दशा में इस प्रकार की जमानत राशि जब्त हो जाएगी 14) कुटेशन /निविदा का फॉर्म कार्यालय ग्राम पंचायत पुखरी से मु 500 (पांच सौ) रूपये जमा करवा कर के प्राप्त किया जा सकेगा । ग्राम पंचायत द्वारा जारी कुटेशन /निविदा फॉर्म पर ही कुटेशन मान्य होगी। जिसमे सभी मापदंड व् अन्य शर्ते निहित होंगी । यदि कोई व्यक्ति / फर्म उपरोक्त शर्तो अनुसार खरा उतरता है तो ही उसकी कुटेशन /निविदा मान्य होगी । **क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से हैं:-** 1. सरिया 8एमएम, 10एमएम, 12एमएम, 16एमएम-प्रति किलोग्राम 2. ईट, PVC पाईप दो इंच, चार इंच छः इंच, PVC ISU 100 mtr रोल, PVC पाईप आधी इंच, पौनीइंच, 1 इंच, सवाई इंच, डेढ, दो इंच-प्रति पीस 3. टाईल फ्लोर 1*1 फुट, 16 इंच 2 फीट, 2*4 वाल टाइल 8*12, 12*18 इत्यादि-प्रति पीस 4. शौचालय / बाथरूम सामग्री-प्रति पीस 5. रेत, बजरी खरीद with Cost and carriage- प्रति फीट 6. पत्थर तोड़ाई, पत्थर ढुलाई-प्रति क्युविक मीटर 7. सभी प्रकार की भवन निर्माण सामग्री including Shuttering 8. रेत, बजरी, ढुलाई- प्रति फुट 9. सीमेंट ढुलाई with Cost एंड कैरिज and Loading/Unloading-प्रति पीस 10. पत्थर ढुलाई-प्रति Cum 11. ईट, ढुलाई-प्रति ईंट 12. कूड़ेदान प्लास्टिक / लोहा with fixing-प्रति पीस 13.JCB/LNT/Compressor /Stone breaker- प्रति घंटा 14. शोक पिट ड्रम-प्रति पीस 15. दरवाजा /खिड़की लकड़ी / लोहा /Aluminium with Fixing-प्रति पीस 16. कंप्यूटर/लैपटॉप/प्रिंटर, फर्नीचर 17. क्रेट/क्रेट वाईर-प्रति क्रेट -प्रति किलो 18. CGI शीट 63/50एमएम (8 फीट) 63एमएम/50एमएम (10 फीट) 63एमएम/50एमएम (12 फीट) Colour cotted 8feet/10 feet, 12 feet, सिलिंग शीट with Cost and Carriage - प्रति पीस 19. ऐंगल 75एमएम, 65एमएम, 50एमएम, 45एमएम 35एमएम, 25एमएम- प्रति किलोग्राम 21. Paint, Putti etc. 22. बिजली बायरिंग सामग्री

*प्रधान/सचिव*
*ग्राम पंचायत पुखरी विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा (हि0 प्र0)*

# मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिस्पा नाले में बाढ़ से तबाही

## मंगलवार रात फिर आया मलबे का सैलाब: थमी वाहनों की रफ्तार; प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, यात्रा से बचें

- मनाली-लेह और मनाली-जांस्कर मार्ग पूरी तरह ठप सैकड़ों वाहन और पर्यटक फंसे
- बीआरओ की टीमें युद्धस्तर पर सड़क बहाली में जुटीं

अनंत ज्ञान





मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा मलबा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में आपदा का दौर शुरू हो गया है। लाहौल घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिस्पा में मंगलवार देर रात अचानक एक नाले में आई बाढ़ के कारण भारी मात्रा में मलबा और चट्टानें मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गईं। इसके चलते यह सामरिक रूप से महत्वपूर्ण मार्ग एक बार फिर पूरी तरह बंद हो गया है। सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे देश-विदेश से आए पर्यटकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।मौसम के बदले मिजाज और सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एहतियातन केलांग से आगे सभी वाहनों की आवाजाही को रोक दिया है। वहीं, लेह की ओर से आने वाले वाहनों को भी सुरक्षित स्थानों पर पार्क करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। सनद रहे कि घाटी में पिछले कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके कारण ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। यही वजह है कि नदी-नालों का जलस्तर अचानक खतरनाक स्तर तक बढ़ रहा है। जिस्पा नाले में पिछले दो दिनों से लगातार बाढ़ जैसी स्थिति बन रही है। उधर, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लाहौल-स्पीति के उपायुक्त ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। डीसी लाहौल-स्पीति ने कहा है कि यदि जरूरी हो तभी घाटी में सफर करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और सीमा सड़क संगठन के साथ मिलकर मार्ग को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा प्राथमिक उद्देश्य सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### बीआरओ ने संभाला मार्ग बहाली का मोर्चा

**घटना** की सूचना मिलते ही सीमा सड़क संगठन की टीमें भारी मशीनरी और लेबर के साथ मौके पर पहुंच गईं। हाईवे से भारी बोल्डर और मलबे को हटाने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार शाम को भी इसी जिस्पा नाले में बाढ़ आने से मनाली-लेह मार्ग करीब चार घंटे तक बंद रहा था। इसके अलावा, लाहौल घाटी के जाहलमा नाले में भी लगातार मलबा आ रहा है। हालांकि, वहां बीआरओ ने एक अस्थायी पुलिया तैयार की है, जिसके जरिए स्थानीय किसान और ग्रामीण अपनी पीठ पर कृषि उत्पादों को लादकर किसी तरह दूसरी ओर पहुंचा रहे हैं।

### यात्रा करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

**हिमाचल** पुलिस ने लेह पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर केलांग में ट्रैफिक को नियंत्रित किया है। प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती कर लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस ने पर्यटकों और आम जनता के लिए एक सख्त एडवाइजरी जारी की है कि अगली सूचना तक मनाली-लेह और मनाली-जांस्कर मार्गों पर यात्रा करने से पूरी तरह बचें। जिस्पा नाले में बाढ़ की समस्या विशेष रूप से शाम 4:00 बजे से रात 12:00 बजे के बीच अधिक देखी जा रही है। यदि यात्रा बेहद जरूरी हो, तो यह सुनिश्चित करें कि आप इस नाले को सुबह 4:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच पार कर लें, क्योंकि इस दौरान पानी का बहाव कम रहता है। किसी भी अप्रिय स्थिति या आपातकाल में सहायता के लिए तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क करें।

# जहालमा नाला और मयाड़ घाटी की बदहाल सड़कों पर सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान

- डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने दी आंदोलन की चेतावनी

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति विकासशील मंच के अध्यक्ष डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जहालमा नाले पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी, मयाड़ घाटी की जर्जर सड़कों और जोबरंग पुल की बदहाल स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के कारण क्षेत्र के किसान, स्थानीय लोग और विद्यार्थी लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

डॉ. मार्कंडेय ने कहा कि क्षेत्र में मटर, गोभी, ब्रोकली और अन्य नगदी फसलें तैयार हो चुकी हैं, लेकिन जहालमा नाले का कार्य समय पर पूरा न होने से किसानों के सामने अपनी उपज को मंडियों तक पहुंचाने का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने बताया कि 10 जून 2026 को राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से स्पैन (झूला) लगाने की मांग की गई थी, ताकि किसानों को राहत मिल सके, लेकिन बीस दिन बीत जाने के बाद भी न तो झूले की व्यवस्था की गई और न ही कोई वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ जनप्रतिनिधि मीडिया के माध्यम से यह दावा कर रहे हैं कि पुल का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है, जबकि मौके की वास्तविक स्थिति इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि यदि बीस दिनों में यही प्रगति हुई है तो यह किसानों के साथ राजनीति करने जैसा है, जबकि विकास कार्यों की गति बेहद धीमी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जहालमा नाले का कार्य शीघ्र पूरा नहीं किया गया तथा मयाड़ घाटी और जोबरंग क्षेत्र की सड़कों एवं पुलों की स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो विकासशील मंच जनता के साथ मिलकर एक बार फिर व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगा।

# सरकार अधूरे विकास कार्यों को गंभीरता से पूरा करे: रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कहा कि एक बार फिर प्राकृतिक आपदा के कारण जाहलमा नाला में अत्यधिक जल प्रवाह होने से वैकल्पिक मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से बीआरओ की टीमें लगातार युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं तथा कई मशीनें, एलएंडटी और जेसीबी लगाकर मार्ग को शीघ्र बहाल करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि बीआरओ द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार मार्ग जल्द ही पुन: यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने उदयपुर मंडल के लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि बीआरओ पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है तथा पुल निर्माण की आवश्यक सामग्री भी मौके पर पहुंचा दी गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि पूर्व में लोनिवि के माध्यम से रापडिंग से फॉरेस्ट रेस्ट हाउस तक लगभग 2.5 किलोमीटर लंबे वैकल्पिक मार्ग का कार्य शुरू किया गया था, जिसका आधे से अधिक निर्माण पूरा हो चुका था और आगे के कार्य हेतु बजट की प्रक्रिया भी चल रही थी। यदि उस परियोजना को समय पर आगे बढ़ाया जाता, तो आज लोगों को इस प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता। रवि ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार कई विकास कार्यों का केवल उद्घाटन एवं शिलान्यास कर स्वयं का प्रचार कर रही है, जबकि अनेक परियोजनाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि त्रिलोकनाथ सराय, मयाड़ नाला सहित कई परियोजनाओं में स्वीकृत राशि के अनुरूप कार्य धरातल पर दिखाई नहीं देते। किसानों को मिलने वाली राहत राशि के वितरण में भी अपेक्षित पारदर्शिता और गंभीरता नहीं दिखाई गई है।

# मादक पदार्थ निषेध मामले में दोषी को 14 वर्ष का कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सत्र न्यायाधीश कुल्लू प्रकाश चंद राणा की अदालत ने मादक पदार्थ निषेध मामले में धर्म चंद पुत्र सेस राम को दोषी करार देते हुए 14 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर एक लाख हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे तीन वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।जिला न्यायवादी ने बताया कि आरोपी को मादक पदार्थ निषेध अधिनियम की धारा 20 के तहत दोषी ठहराया गया है। मामले के अनुसार 24 नवम्बर 2022 को शाम लगभग 4:25 बजे, कुल्लू जिला की विशेष जांच इकाई ने मुख्य पुलिस अधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में पूर्व सूचना के आधार पर उपरोक्त आरोपी से 3.616 किलोग्राम चरस बरामद की। इस बरामदगी के आधार पर कुल्लू पुलिस स्टेशन, जिला कुल्लू में एफआईआर संख्या 436/22 दर्ज की गई। इसके बाद, पुलिस ने जांच की और जांच पूरी होने पर उपरोक्त आरोपी के खिलाफ चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस मामले में आरोप साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने माननीय न्यायालय के समक्ष 16 गवाहों की गवाही दी। आरोपी ने भी अपना बचाव साबित करने के लिए दो गवाहों की गवाही दी

# श्रीखंड महादेव यात्रा के उल्लंघन पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, आनी।** उतर भारत की सबसे कठिनतम धार्मिक यात्राओं में शामिल कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल की श्रीखंड महादेव यात्रा मार्ग पर सुरक्षा कारणों के चलते प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 163(1) के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उप-मंडलाधिकारी (नागरिक) निरमण्ड जगदीप कंवर द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना एवं आदेशों के अनुसार अगले आदेशों तक इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की ट्रैकिंग, यात्रा अथवा श्रद्धालुओं को ले जाने की गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।जारी आदेश में सभी ट्रैकर्स, श्रद्धालुओं, टूर एवं ट्रैकिंग एजेंसियों से अपील की गई है कि वे अपनी तथा अन्य लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित मार्ग पर प्रवेश या यात्रा का प्रयास न करें और किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई ट्रैकर, श्रद्धालु, टूर-ट्रैकिंग एजेंसी अथवा अन्य व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करते हुए प्रतिबंधित मार्ग पर यात्रा करता या करवाता पाया गया, तो उसके विरुद्ध प्रचलित कानून के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन दंडनीय अपराध माना जाएगा।गौरतलब है कि हाल ही में खराब मौसम और यात्रा मार्ग पर सुरक्षा संबंधी जोखिमों के चलते प्रशासन ने इस वर्ष की श्रीखंड महादेव यात्रा को स्थगित कर दिया था। पअब धारा 163(1) के तहत निषेधाज्ञा लागू होने के बाद प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की आवाजाही पर पूर्ण रोक लगा दी है।

# श्रीखंड यात्रा मार्ग से धारा 163 हटाने की मांग तेज

## चायल-जुआगी के लोगों ने एसडीएम के माध्यम से डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



एसडीएम निरमंड से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

**आनी।** श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा पर लगी रोक के बीच अब स्थानीय लोगों ने यात्रा को पुन: शुरू करने की मांग तेज कर दी है। इसी क्रम में चायल और जुआगी पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने सोमवार को पंचायत प्रधान देवी सिंह ठाकुर और ओम प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमण्ड डॉ. जगदीप सिंह कंवर से मुलाकात कर उपायुक्त कुल्लू के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि बीएनएसएस की धारा 163 लागू होने के बाद श्रीखंड यात्रा मार्ग पर सभी टेंट शिविरों का कारोबार बंद हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। प्रशासन के आदेशों पर पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने भी यात्रा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए टेंट हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोगों ने स्वीकार किया कि भीम डवारी से पार्वतीबाग तक मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण यात्रा स्थगित की गई थी, लेकिन अब स्थानीय लोगों द्वारा वैकल्पिक मार्ग और अस्थायी पुलिया तैयार कर दी गई है। प्रतिनिधिमंडल ने धारा 163 हटाने और नए मार्ग का विशेषज्ञ निरीक्षण करवाने की मांग की। एसडीएम निरमण्ड ने बताया कि ज्ञापन उपायुक्त कुल्लू को ई-मेल के माध्यम से भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर की जाएगी।

# कृषि से पर्यटन तक योजनाओं की समीक्षा, विभागों को दिए सख्त निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** परियोजना सलाहकार समिति की बैठक के सफल आयोजन एवं एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा के लिए एक तैयारी बैठक का आयोजन उपमंडलाधिकारी केलांग कुनिका एकर्स की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित सभी एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभागीय अधिकारियों से संबंधित परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई।बैठक में जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि विभाग से संबंधित विषयों में गुणवत्तायुक्त बीजों की उपलब्धता, कोल्ड स्टोरेज निर्माण तथा किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं पर चर्चा की गई। शिक्षा विभाग के तहत विद्यालयी अधोसंरचना, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल परियोजनाओं, करियर काउंसलिंग तथा शिक्षण सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं, क्षेत्रीय अस्पताल केलंग में उपलब्ध सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनानेव लोक निर्माण विभाग से जुड़े सड़क एवं अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जल शक्ति विभाग की विभिन्न पेयजल एवं सीवरेज परियोजनाओं, विशेषकर केलंग एवं बिलिंग क्षेत्र की प्रस्तावित योजनाओं पर भी विचार किया गया। इसके अतिरिक्त पशुपालन, मत्स्य, वन, पर्यटन, तकनीकी शिक्षा, पुलिस, परिवहन, तथा खाद्य आपूर्ति विभाग से गैस आपूर्ति से संबंधित सभी एजेंडा बिंदुओं पर विभागवार चर्चा की गई।

# कुल्लू में धरना-प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने खुद को बताया असुरक्षित

## सीएम, एडीएम और एएसपी को ज्ञापन भेजकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान



अस्पताल के बाहर प्रदर्शन करते डॉक्टर व स्टाफ। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू (ढालपुर) में बीते दो दिनों से चले आ रहे हंगामे और प्रदर्शन के बाद अब मेडिकल स्टाफ पूरी तरह लामबंद हो गया है। डॉक्टरों के खिलाफ हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान कथित अभद्रता और सुरक्षा व्यवस्था में कमी को लेकर डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों ने गहरी नाराजगी जताई है।

प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन और स्टाफ नर्सों ने अस्पताल परिसर में असुरक्षित माहौल को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। इस संबंध में एडीसी कुल्लू के माध्यम से प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य सचिव को ज्ञापन भेजा गया, जबकि प्रतिनिधिमंडल ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एएसपी कुल्लू को भी मांग पत्र सौंपा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डॉ. राजेंद्र कोहली ने कहा कि अस्पताल परिसर में भीड़ उग्र हो गई थी, जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका बनी रही। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सोशल मीडिया के माध्यम से डॉक्टरों की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पूरा मेडिकल स्टाफ मानसिक रूप से प्रभावित है। स्टाफ नर्सों ने भी अलग से ज्ञापन देकर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित वातावरण के बिना स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो सकतीं। मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने प्रशासन से असामाजिक तत्वों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।

> **प्रदर्शन** के दौरान अस्पताल परिसर में सुरक्षा का माहौल पूरी तरह खत्म हो चुका था। डॉक्टरों, नर्सों सहित समूचा स्टाफ खुद को बेहद असुरक्षित महसूस कर रहा था। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल परिसर में जबरन प्रवेश कर न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि कार्य वातावरण को भी बुरी तरह प्रभावित किया जो कि बेहद निंदनीय है।
>
> **-डॉ. राजेंद्र कोहली, जिला अध्यक्ष, मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन कुल्लू।**

# मक्की व धान की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला कुल्लू में खरीफ सीजन 2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिले के किसान मक्की एवं धान की फसलों का बीमा करवा सकते हैं।उपनिदेशक कृषि कुल्लू, रितु गुप्ता ने बताया कि योजना के तहत जिला कुल्लू में मक्की और धान दोनों फसलों के लिए 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की बीमित राशि निर्धारित की गई है।

इसके लिए किसानों को मात्र 96 रुपए प्रति बीघा की दर से प्रीमियम देना होगा। दोनों फसलों का बीमा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से किया जाएगा तथा बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से अपील की कि वे मौसम की अनिश्चितताओं से होने वाले संभावित नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि से पहले अपनी मक्की एवं धान की फसलों का बीमा अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी अथवा बीमा करवाने के लिए किसान अपने क्षेत्र के खंड स्तरीय विषयवाद विशेषज्ञ, कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी या कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं। किसान कंपनी के प्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर 70188-06168 एवं 86298-02474 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# रिक्त पद भरने और नए पद सृजित करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

- नई भवन निर्माण के लिए सीएम व शिक्षा मंत्री से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**आनी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में विद्यालय प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक एसएमसी अध्यक्ष चमन शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर के साथ स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्य व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा.बैठक में विद्यालय के विकास, शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, रिक्त पदों को भरने तथा नए पद सृजित करने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मधु शर्मा को विद्यालय प्रबंधन समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, मनोनीत सदस्यों के रूप में ग्राम पंचायत सदर आनी की प्रधान सुनीता शर्मा तथा वार्ड सदस्य छविंद्र शर्मा को समिति में पदेन सदस्य शामिल किया गया। एसएमसी अध्यक्ष चमन शर्मा ने बताया कि पूर्व में यह विद्यालय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के रूप में संचालित था, लेकिन वर्तमान में इसे सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को-एजुकेशन के रूप में संचालित किया गया है, जबकि आनी में ही पूर्व में संचालित पीएम श्री राजकीय जमा दो विद्यालय को अब सीबीएसई का दर्जा दिया गया। नई गाइडलाईन के अनुसार प्रत्येक संकाय में सीमित सीटें होने से. अब नए अधिसूचित राजकीय जमा दो को - एजूकेशन विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**रिक्त पद :** टीजीटी (कला), वाणिज्य प्रवक्ता (लेक्चरर कॉमर्स), नए सृजित किए जाने वाले पद, अंग्रेजी प्रवक्ता - 1, संगीत प्रवक्ता - 1, डीपीई - 1, अधीक्षक - 1, लिपिक - 1, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी) - 2।

**जायजा** उपायुक्त भड़ाना ने अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण, तत्काल राहत के दिए निर्देश

# जोबरंग पुल समस्या पर प्रशासन हुआ सक्रिय

अनंत ज्ञान



जोबरंग पुल के पास स्थिति का जायजा लेती हुईं डीसी किरण भड़ाना व अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बुधवार को जोबरंग पुल क्षेत्र का दौरा कर पुल की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया तथा स्थानीय ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) इंद्रजीत सिरा, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रश्मि शर्मा तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अश्वनी गुलेरिया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि प्रत्येक वर्ष ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में जोबरंग पुल के ऊपर से पानी बहने लगता है, जिससे पंचायत जोबरंग के निवासियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान समय में क्षेत्र में सब्जियों तथा अन्य नगदी फसलों की फसल तैयार है और कटाई का कार्य भी शुरू हो चुका है। ऐसे में किसानों के सामने अपनी उपज को समय पर बाजार तक पहुंचाने की गंभीर चुनौती उत्पन्न हो गई है।

उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं और चिंताओं को गंभीरता से सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी कठिनाइयों के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत से तैयार फसल को किसी भी स्थिति में नुकसान नहीं होने दिया जाएगा तथा लोगों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।मौके पर ही उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को किसानों की सब्जियों एवं अन्य कृषि उत्पादों को सुरक्षित रूप से बाजार तक पहुंचाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर दो स्पैन कैरियर (झूले) की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधित विभागों को वैकल्पिक लिंगर मार्ग को तत्काल प्रभाव से खोलने और उसके लिए अतिरिक्त मशीनरी एवं कामगारों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने अधिकारियों को इस समस्या के दीर्घकालिक एवं स्थायी समाधान के लिए भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जोबरंग क्षेत्र की यह समस्या लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है और जिला प्रशासन इसके स्थायी समाधान के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाएगा।


उपायुक्त किरण भड़ाना ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा, सुविधा और किसानों के हित जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रशासन न केवल तात्कालिक राहत उपाय सुनिश्चित करेगा, बल्कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी और स्थायी समाधान भी विकसित करेगा, ताकि क्षेत्र के लोगों को बार-बार इस प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# अनावश्यक यात्रा से बचें और अत्यंत आवश्यक होने पर ही लाहौल-स्पीति आएं: किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** वर्तमान मानसून अवधि के दौरान अत्यंत आवश्यक होने पर ही जिला लाहौल-स्पीति की यात्रा करें। यह बात जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने कही। उन्होंने आम जनता तथा देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को सलाह दी है कि लाहुल स्पीति की यात्रा पर निकलने से पूर्व मौसम पूर्वानुमान तथा सड़कों की ताज़ा स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

उपायुक्त ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस वर्ष जिले में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति का भौगोलिक स्वरूप, संवेदनशील पारिस्थितिकी तथा पर्वतीय पर्यावरण इसे प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील बनाते हैं। थोड़ी-सी अधिक वर्षा अथवा बादल फटने जैसी घटनाओं क कारण नदी-नाले अचानक उफान पर आ सकते हैं, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों सहित विभिन्न संपर्क सड़कें अवरुद्ध हो सकती हैं। ऐसी परिस्थितियों में यात्रियों को यातायात बाधित होने तथा अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है व संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से सुनिश्चित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले की अधिकांश सड़कें यातायात के लिए खुली हैं, लेकिन मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए यात्रा केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही की जानी चाहिए। उन्होंने वाहन चालकों को सलाह दी कि लाहौल-स्पीति की यात्रा की योजना बनाते समय मौसम पूर्वानुमान, जिला प्रशासन द्वारा जारी परामर्श तथा सड़क की वास्तविक स्थिति का अवश्य ध्यान रखें।उपायुक्त ने कहा कि यदि जिले में सामान्य से अधिक वर्षा होती है तो भूस्खलन, फ्लैश फ्लड, नदी-नालों के जलस्तर में अचानक वृद्धि तथा सड़क अवरोध जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, सीमा सड़क संगठन, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग एवं एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ लगातार कार्य कर रही हैं। वाहनों की संख्या कम होने से स्थानीय किसानों और बागवानों को राहत मिलेगी तथा आवश्यक सेवाओं का संचालन भी सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जा सकेगा। उपायुक्त किरण भड़ाना ने सभी वाहन चालकों के लिए भी सलाह दी कि वे यात्रा के दौरान निर्धारित गति सीमा का पालन करें, नदी-नालों को पार करते समय तथा भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें और मौसम एवं सड़क संबंधी नवीनतम अपडेट से स्वयं को लगातार अवगत रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति, सहायता अथवा जानकारी के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1077 पर तत्काल संपर्क किया जा सकता है।



## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान तीन दिवसीय सिरमौर प्रवास पर, सुनेंगे जन समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान आगामी तीन दिन सिरमौर जिला के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 2 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय नाहन में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 4 जुलाई को शिलाई विधानसभा क्षेत्र के रोनहाट में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के उपरांत दोपहर बाद शिलाई में भी लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बताया कि उद्योग मंत्री 5 जुलाई को प्रातः ग्राम पंचायत नाया में जन समस्याओं की सुनवाई करेंगे तथा दोपहर बाद कफोटा में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

### दाड़लाघाट में स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) कार्यकारिणी का गठन प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। समिति का गठन बाल वाटिका से लेकर जमा दो कक्षाओं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों की भागीदारी से किया गया। गठन प्रक्रिया में 170 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से ओम प्रकाश शर्मा को एसएमसी अध्यक्ष, पूजा को उपाध्यक्ष तथा दीपक गजपति को मुख्य सलाहकार चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यकारिणी के गठन के उपरांत आयोजित बैठक में विद्यालय से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। एसएमसी अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि विद्यालय में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए समिति विद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर पूर्ण सहयोग करेगी तथा शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने नवनिर्वाचित समिति को बधाई देते हुए भविष्य में विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान तथा शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में सीएचटी श्रीनिवास सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आज आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिमला लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप करेंगे। बैठक उपायुक्त कार्यालय सोलन के बैठक कक्ष में प्रातः 11.00 बजे आरंभ होगी।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत गतिविधि के अंतर्गत फूड फेस्टिवल का आयोजन



कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र छात्राएं। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दानोघाट में प्रधानाचार्या मंजू राणा के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत गतिविधि के अंतर्गत फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के तीनों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा हिमाचल प्रदेश और केरल के पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन एवं प्रस्तुतीकरण किया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों का चयन भी किया गया। इस प्रक्रिया की अध्यक्षता प्रधानाचार्या मंजू राणा ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मंजू राणा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास में अध्यापकों तथा अभिभावकों दोनों की समान भूमिका होती है। उन्होंने सभी अभिभावकों से विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राजेश कुमार, उपप्रधान उमा देवी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### धर्मेंद्र वर्मा बने एसएमसी राजगढ़ स्कूल के अध्यक्ष और सीमा चुनी गईं उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ की स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें धर्मेंद्र वर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया तथा सीमा को उपाध्यक्ष चुना गया। इस समिति का गठन प्रधानाचार्य प्रेमचंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विक्रम जैलदार को स्थानीय निकाय का अध्यक्ष होने के नाते इस प्रबंधन समिति का सदस्य चुना गया तथा रीना चौहान जी को वार्ड नंबर 5 का पार्षद होने पर इस समिति का सदस्य चुना गया। प्रबंधन समिति में अन्य सदस्य अरुण शर्मा , विवेक प्लाह, अशोक कुमार, संदीप छींटा, अजय वर्मा, कविता ठाकुर, अर्चना, सुभाष ठाकुर, वंदना, सीमा, नरेंद्र चौहान आदि को इस प्रबंधन समिति का सदस्य चुना गया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, अनिल पुंडीर, विक्रम ठाकुर तथा अन्य समाजसेवी व एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सोलन में मेयर चुनाव की सरगर्मी के बीच वार्डों की समस्याएं बढ़ीं

# कूड़ा, जाम नालियां व खराब स्ट्रीट लाइट से जनता परेशान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक गतिविधियों के बीच शहर के विभिन्न वार्डों की मूलभूत समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। नगर निगम चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद करीब एक महीने तक पार्षदों के शपथ ग्रहण में हुई देरी और अब मेयर-डिप्टी मेयर के चुनावी समीकरणों में पार्षदों की व्यस्तता का असर सीधे आम जनता पर पड़ रहा है। शहर के कई वार्डों में शूलिनी मेले के समापन के बाद भी कूड़े के ढेर पड़े हुए हैं।


सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर

### कूड़े से फैली दुर्गंध संक्रमण का खतरा

**लोगों** का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार समय पर कूड़ा नहीं उठा रहा, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। इसके अलावा कई वार्डों में नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। टूटी हुई सड़कें और रास्ते लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं, जबकि कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं, जिससे रात के समय आवागमन मुश्किल हो रहा है।

### सीवरेज व्यवस्था भी बदहाल

**सीवरेज** व्यवस्था भी कई स्थानों पर बदहाल बनी हुई है। जगह-जगह सीवरेज ओवरफ्लो होने की शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन मरम्मत कार्य समय पर नहीं हो पा रहा। वहीं आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से भी लोग खासे परेशान हैं। सुबह और शाम के समय राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों को आवारा कुत्तों के कारण भय का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्षद फिलहाल मेयर और डिप्टी मेयर के चुनावी समीकरणों में व्यस्त हैं, जिसके चलते वार्डों की समस्याओं की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### मांग

### सुविधाओं पर प्राथमिकता के आधार पर हो काम

**लोगों** ने नगर निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ शहर की सफाई, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप

# डीसीएम अर्की के खिलाड़ियों का जलवा, 6 ने जीते पदक

अनंत ज्ञान

**अर्की।** डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल, अर्की ने राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल प्रिंसिपल रीना पांटा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिमला के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप में स्कूल के 6 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के 49 किलोग्राम भार वर्ग में प्रणय ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 27 किलोग्राम भार वर्ग में काव्यांश और 59 किलोग्राम भार वर्ग में विनायक ने रजत पदक जीते। इसके अलावा 38 किलोग्राम भार वर्ग में शौर्य, 41 किलोग्राम भार वर्ग में मोक्षिता और 31 किलोग्राम भार वर्ग में मिनल ने कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रिंसिपल ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों के समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम है।

◆ **डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल के जूडो खिलाड़ियों ने बढ़ाया संस्थान का मान**

उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। भविष्य में भी विद्यालय के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सोलन में बरसात से निपटने के इंतजाम नाकाफी

## नालियां बंद होने के कारण सड़कों पर जमा हो रहा बारिश का पानी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** मानसून की दस्तक के बावजूद शहर में बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर में नगर निगम और प्रशासन के आपदा प्रबंधन की पोल खुल गई। सोलन में हुई मानसून की पहली बारिश से शहर की मुख्य सड़कों पर पानी जमा हो गया। इससे राहगीरों सहित वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर सड़कों को गंदा पानी रिहायशी क्षेत्रों की तरफ बह जाने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं वार्ड क्षेत्रों नालियां बंद होने के कारण सड़कों पर पानी एकत्र हो गया। भारी बारिश की स्थिति में लोगों को नुकसान की आशंका भी सताने लगी है। बारिश के कारण बंद पड़े नालों के आपपास पानी व मलबा एकत्र हो रहा है जोकि खतरे की दस्तक है। आपात के खास इंतजाम नहीं होने के चलते लोगों को अपने स्तर पर भी नालियों को साफ करना पड़ रहा है।


सड़कों पर जमा बारिश के पानी से परेशानी।

### अवैध डंपिंग से रहता है खतरा

**बरसात** की स्थिति में अवैध डंपिंग से नालों के रास्ते आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में मिट्टी एकत्र हो जाती है। इससे कई बार नाले के पानी का रुख घरों की तरफ हो जाता है। आमतौर पर बारिश के कारण नगर निगम के वार्ड 7, 8, 10, 12, 14, वार्ड 15, 16 और वार्ड 17 में सड़कों व नालों को खासा नुकसान झेलना पड़ता है। बावजूद इसके इन क्षेत्रों में बरसात से निपटने के इंतजाम नहीं है। शहर के कथेड़ व न्यू कथेड़ में भी सड़क से निचली तरफ बने मकानों में बारिश का पानी घुसने का खतरा रहता है। वहीं वार्ड 14 की हाऊसिंग कॉलोनी की सड़कों में निकासी नालियां बंद होने से बारिश का पानी सड़कों पर एकत्र हो रहा है। यदि समय रहते नालियों की सफाई नहीं की हुई तो आने वाली बरसात में सड़कों को खासा नुकसान होगा।

### बारिश में बंद हो जाते हैं नाले

**शहर** में रेलवे लाइन व हाईवे की तरफ बहते नाले हमेशा गंदगी से अटे रहते हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से बारिश की स्थिति में नाले ब्लॉक हो जाते हैं। इसके चलते नालों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। बावजूद इसके नालों के चैनेलाइज के लिए आज तक ठोस योजना नहीं बन पाई। शहर में इस समय करीब एक दर्जन से अधिक नाले बह रहे हैं। इसमें अधिकांश खुले पड़े है। योजना के तहत नालों को कवर कर आसपास के घरों तक सड़क व पार्किंग की सुविधा प्रदान की जानी है।

### पेयजल पाइपों में घुलता है नालों का गंदा पानी

**आवासीय** कॉलोनियों के आसपास खुले में बह रहे नाले लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। साथ ही इसके आसपास के गुजारी पेयजल की पाइप लाइनों में भी गंदा पानी घुलने का खतरा रहता है। धोबीघाट, ओल्ड डीसी ऑफ से सरदार मौहल्ला की तरफ जाता नाला, माल रोड से कथेड़ की तरफ बहता नाला, मोहन कॉलोनी का नाला, गंज बाजार का नाला, चंबाघाट का नाला, माल रोड से कलीन, सन्नी साइड से कलीन का नाला, लक्कड़ बाजार का नाला, शूलिनी कॉलोनी का नाला, चौक बाजार का नाला, रेलवे स्टेशन से बस स्टेंड तक जाता नाला इस समय काफी प्रदूषित हो चुका है।

.......................

## सोलन नगर निगम में भाजपा का मेयर-डिप्टी मेयर बनना लगभग तय

# उम्मीदवारों के नाम पर सस्पेंस कायम, चुनाव आज

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन के मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए 2 जुलाई वीरवार दोपहर 3 बजे होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। संख्या बल के आधार पर भाजपा का मेयर और डिप्टी मेयर बनना लगभग तय माना जा रहा है, हालांकि पार्टी ने अभी तक अपने अधिकृत उम्मीदवारों के नाम की औपचारिक घोषणा नहीं की है। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में अंतिम दौर का मंथन जारी है। सूत्रों के अनुसार भाजपा अपने पार्षदों को एकजुट रखने के लिए व्हिप भी जारी कर सकती है। पार्टी नेतृत्व चुनाव को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, चुनाव प्रभारी संजीव कटवाल, सहप्रभारी एवं विधायक बलबीर वर्मा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा लगातार चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं कांग्रेस भी सीमित संख्या बल के बावजूद चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है।

नगर निगम के कुल 17 पार्षदों में भाजपा के 10 पार्षद हैं और उसे एक निर्दलीय पार्षद का भी समर्थन प्राप्त है। इस तरह भाजपा के पास 11 मत होने का दावा किया जा रहा है, जबकि कांग्रेस के पास 6 पार्षद हैं। ऐसे में गणित भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है। हालांकि सरकारी भूमि अतिक्रमण के आरोपों में घिरे भाजपा के दो पार्षदों की सदस्यता को लेकर स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, जिससे राजनीतिक चर्चाओं का दौर भी जारी है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा मेयर पद के लिए सुषमा शर्मा और डिप्टी मेयर पद के लिए आजाद गौरव राजपूत को उम्मीदवार बना सकती है। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से मेयर पद के लिए मीनाक्षी शर्मा और डिप्टी मेयर पद के लिए नीटू के नाम चर्चा में हैं, हालांकि पार्टी ने भी अधिकृत घोषणा नहीं की है।

अब सभी की निगाहें वीरवार दोपहर 3 बजे होने वाले चुनाव पर टिकी हैं, जहां औपचारिक मतदान के बाद नगर निगम सोलन को नया मेयर और डिप्टी मेयर मिल जाएगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि अंतिम समय में कोई अप्रत्याशित घटनाक्रम नहीं हुआ तो संख्या बल के आधार पर भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही है।

## संगड़ाह पंचायत समिति पर भाजपा का कब्जा, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने


बीडीसी संगड़ाह में निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर की पंचायत समिति संगड़ाह में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी ने कब्जा जमाया है। बुधवार को हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने दोनों प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की। आधिकारिक परिणामों के अनुसार अनीता कुमारी पत्नी दीप राम, ग्राम जगोग, डाकघर बड़गा, तहसील संगड़ाह को पंचायत समिति संगड़ाह का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं दिनेश, पुत्र चैन सिंह, ग्राम एवं डाकघर नोहराधार, तहसील नोहराधार को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन परिणामों की घोषणा उप-मंडलाधिकारी (ना.) एवं विहित प्राधिकारी संगड़ाह सुनील कुमार द्वारा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के तहत की गई। भाजपा समर्थकों ने दोनों पदों पर जीत को संगठन की एकजुटता और क्षेत्र की जनता के विश्वास की जीत बताया। प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि पंचायत समिति में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद भाजपा के खाते में जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने अरुण पंवर

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पीएम श्री पंडित दुर्गा दत्त राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नारग में आगामी दो वर्षों के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अरुण पंवर को अध्यक्ष तथा सोनिका कंवर को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित वर्मा ने नवगठित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को नई जिम्मेदारियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने समिति के कार्यों, दायित्वों एवं अधिकारों की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय के सफल संचालन, शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन तथा समुदाय व विद्यालय के मध्य सुदृढ़ समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सदस्य सचिव द्वारा पूर्ववर्ती विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यकाल के दौरान मिले अमूल्य सहयोग एवं समर्पण के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## सोलन-सुबाथू मार्ग, शामती बाइपास की बदहाली पर भाजपा का सरकार पर हमला

# बहाने बनाकर जनता को गुमराह कर रही है सुक्खू सरकार : शैलेंद्र गुप्ता

अनंत ज्ञान



**सोलन।** सोलन-सुबाथू मार्ग एवं शांति बायपास की जर्जर हालत को लेकर भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि सरकार सड़क निर्माण को लेकर लगातार बहाने बनाकर जनता को गुमराह कर रही है और अब यह स्थिति स्वीकार नहीं की जाएगी।

शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा शहरी मंडल लंबे समय से इस महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करता आ रहा है। इसी क्रम में 23 फरवरी, 2026 को भाजपा ने विशाल धरना-प्रदर्शन किया था। उन्होंने बताया कि धरने के दिन सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया, लेकिन मात्र दो दिन बाद ही इसे बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद सरकार और विभाग ने लगातार अलग-अलग कारण बताए। पहले सर्दियों और मौसम का हवाला दिया गया, फिर तारकोल की कमी और अब डीजल उपलब्ध न होने का बहाना बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार झूठे तर्क देकर सड़क निर्माण में देरी कर रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सोलन-सुबाथू मार्ग और शांति बायपास की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि हल्की बारिश में भी पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह सड़क चार विधानसभा क्षेत्रों और दो जिलों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, इसके बावजूद संबंधित जनप्रतिनिधि और विधायक मौन हैं। शैलेंद्र गुप्ता ने सरकार के उस दावे को भी खारिज किया, जिसमें डीजल आपूर्ति पर 200 लीटर की सीमा का हवाला दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 11 जून, 2026 को भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में बड़े सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक छूट का स्पष्ट प्रावधान है। ऐसे में समस्या डीजल की नहीं, बल्कि सरकार की इच्छाशक्ति की है।

भाजपा सोलन शहरी मंडल ने प्रदेश सरकार से सड़क निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्य शुरू नहीं किया गया तो जनता के हित में व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## संस्कृति

## ऐतिहासिक मेला धोबटन में परंपरा, खेल और संस्कृति का उत्सव

# कबड्डी, रस्साकशी के रोमांचक मुकाबलों ने भरा जोश

अनंत ज्ञान

**सोलन।** ऐतिहासिक मेला धोबटन में इस वर्ष उत्साह, परंपरा और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। मेले में सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तरसेम भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके आगमन पर मेला

◆ **तरसेम भारती रहे मुख्य अतिथि, ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ भव्य स्वागत**

आयोजन समिति और स्थानीय ग्रामीणों ने फूल-मालाओं तथा ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं, जिससे पूरे मेला परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। मेले के दौरान कबड्डी और रस्साकशी सहित विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार


मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक। अनंत ज्ञान

खेल कौशल और रणनीति का प्रदर्शन किया, जबकि रस्साकशी प्रतियोगिता में टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इन प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और मेले में उत्साह का संचार किया।

मुख्य अतिथि तरसेम भारती ने क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मेले सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई देते हुए भविष्य में मेले को और अधिक भव्य स्वरूप देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला कमेटी के प्रधान एवं भाजपा सोलन ग्रामीण मंडल के महामंत्री सुनील ठाकुर ने की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक कमल शर्मा, संजीव सूद, राजेश ठाकुर, यादवेन्द्र ठाकुर, पवन मेहता सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि लोगों को उच्च गुणवत्ता तथा स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो, यह खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 का मुख्य उद्देश्य है। खाद्य व्यापारी को इस अधिनियम के तहत पंजीकृत होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान जिला सिरमौर में 5963 खाद्य व्यापारियों का पंजीकरण हुआ है, जोकि वित्त वर्ष 2024-25 की अपेक्षा 8 प्रतिशत अधिक है। उपायुक्त ने शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि वह स्कूलों में मिड-डे-मिल व आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत खाद्यान्नों का उचित भंडारण करवाना सुनिश्चित करें तथा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिड-डे-मिल व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को इस संबंध में प्रशिक्षित भी किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### बेंगलुरु में हुई मजदूरों के मुद्दों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय इंटक की 316वीं बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय इंटक के अध्यक्ष डॉ. जी. संजीव रेड्डी ने की। इस संबंध में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय इंटक के सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने बताया कि बैठक में देशभर से 200 से अधिक इंटक नेताओं एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने किसान, सैनिक, मजदूर, कर्मचारी और शिक्षा को समाज निर्माण के प्रमुख स्तंभ बताते हुए इनके सशक्तिकरण पर बल दिया। डॉ. जी. संजीव रेड्डी ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों, महंगाई तथा मजदूर-कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संगठन का पक्ष रखा। बैठक में आरसी खुटिया, संजय सिंह, रघु भैया, चंद्रशेखर, चंद्र प्रकाश सिंह तथा हिमाचल प्रदेश से जगत राम शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। हिमाचल इंटक के अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह और इंदर सिंह भी बैठक में उपस्थित रहे। कामरेड जगत राम शर्मा ने बताया कि बैठक में पिछली बैठक के सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए तथा कई नए प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए। राजनीतिक प्रस्ताव में इंटक के इंडियन नेशनल कांग्रेस के साथ ऐतिहासिक एवं वैचारिक संबंधों, संवैधानिक मूल्यों तथा सामाजिक न्याय के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई। प्रस्ताव में कांग्रेस के समर्थन का भी उल्लेख किया गया।

### पवन सैनी ने संभाला नायब तहसीलदार का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** उपतहसील भरवाईं में बुधवार को पवन कुमार सैनी ने नए नायब तहसीलदार के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेककर माता रानी का आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचने पर मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने उन्हें माता की पावन चुनरी भेंट कर सम्मानित किया और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पवन कुमार सैनी ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले वह माता रानी के चरणों में आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी दायित्वों का ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'उप तहसील भरवाईं में बतौर नायब तहसीलदार कार्यभार संभालने के बाद मेरा प्रयास रहेगा कि जनता के सभी लंबित राजस्व संबंधी कार्यों का शीघ्र निपटारा किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।' नवनियुक्त नायब तहसीलदार के इस आश्वासन से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि राजस्व संबंधी लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी और आम लोगों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### शिकायत के दो सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर ड्रग विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जनहित से जुड़े एक गंभीर मामले में शिकायत दिए जाने के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ड्रग विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। आरोप है कि नगर निगम ऊना क्षेत्र के अंतर्गत एक मेडिकल स्टोर कथित रूप से एक अयोग्य व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो न केवल दवाइयों का वितरण कर रहा है बल्कि लोगों का उपचार भी कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जून को ड्रग विभाग ऊना को पुख्ता साक्ष्यों सहित एक शिकायत सौंपी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि संबंधित व्यक्ति के पास न तो फार्मेसी से संबंधित कोई योग्यता है और न ही चिकित्सा क्षेत्र में उपचार करने का कोई अधिकार या प्रमाणपत्र है। आरोपों के अनुसार संबंधित व्यक्ति केवल 12वीं (आर्ट्स) पास है, बावजूद इसके वह लोगों को दवाइयां देने और इलाज करने का कार्य कर रहा है।

# अब सहकारी सभाओं में भी ऑनलाइन होगा वित्तीय लेन-देन : अश्विनी कुमार

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह पर भंजाल में आयोजित सम्मेलन में दी जानकारी

अनंत ज्ञान



सम्मेलन को संबोधित करते पदाधिकारी।

**भंजाल (ऊना)।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के तहत मंगलवार को भंजाल में अंब और गगरेट उपमंडल की सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। 29 जून से 7 जुलाई तक मनाए जा रहे इस सप्ताह का आयोजन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सहकारी से समृद्धि' रखी गई है। सम्मेलन में ऊना जिला सहकारी विकास संघ के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, सहकारिता विभाग के जिला निरीक्षक कुशल कुमार, निरीक्षक अश्विनी कुमार, अशोक कुमार, नरेंद्र सिंह, विपिन कुमार तथा कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के सहायक प्रबंधक गुलशन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने किया। उन्होंने केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सहकारी सभाओं को मॉडल सेवा केंद्र के रूप में विकसित कर आम लोगों तक अधिक से अधिक सुविधाएं पहुंचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं से जुड़े लोगों और आम जनता को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

जिला की सहकारी सभाओं के कंप्यूटरीकरण के मास्टर ट्रेनर एवं निरीक्षक अश्विनी कुमार ने सहकारी समितियों में लागू किए जा रहे नए सॉफ्टवेयर की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब सहकारी सभाओं के सभी वित्तीय लेन-देन ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे, जिनकी निगरानी सहकारिता विभाग करेगा। साथ ही वार्षिक ऑडिट भी ऑनलाइन होगा। इस नई व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए सचिवों को विभाग की ओर से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्नति मल्टी स्टेट प्रोसेसिंग सहकारी सभा, तलवाड़ा के प्रतिनिधि विनय कालिया ने अपनी संस्था की प्रोसेसिंग, भंडारण और खाद्यान्न विपणन गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी सहकारी सभा राष्ट्रीय स्तर पर सफलतापूर्वक कार्य कर रही है तथा ऊना जिले की सहकारी सभाएं भी इससे जुड़कर लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिला निरीक्षक कुशल कुमार ने कहा कि सहकारी सभाओं को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को अपनाकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उनका लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

# अनुराग ने क्षेत्र को विकास की नई दिशा दी : विनोद शर्मा

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने 20 वर्षों के संसदीय कार्यकाल के दौरान हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में विकास के अनेक महत्वपूर्ण कार्य करवाए हैं। उन्होंने दावा किया कि खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों से पूरे संसदीय क्षेत्र की तस्वीर बदली है। विनोद शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर के प्रयासों से क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ, जिससे युवाओं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिले। उन्होंने हमीरपुर में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) केंद्र और मेडिकल कॉलेज की स्थापना को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि कांगड़ा-शिमला फोरलेन परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अनेक ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उन्नयन किया गया, जिससे गांवों की संपर्क व्यवस्था मजबूत हुई है। शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर के प्रयासों से ऊना से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए कई रेल सेवाएं शुरू हुई हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि देहरा में केंद्रीय विद्यालय का आधुनिक परिसर तैयार हो चुका है, जबकि नादौन में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के साथ पीएम श्री भवन परियोजना का भी निर्माण और लोकार्पण हुआ है। उन्होंने धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे हिमाचल प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। विनोद शर्मा ने कहा कि ये केवल कुछ प्रमुख विकास कार्यों की झलक हैं और अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में विकास के कई नए आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का निर्माण करना है तथा इसी उद्देश्य के साथ विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

# कोलका में सड़क के दोबारा बंद होने की आशंका : राहुल शर्मा

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की थानाकलां-भाखड़ा सड़क के मध्य कोलका में पिछले वर्ष हुए भूस्खलन स्थल पर अब तक स्थायी समाधान न होने से एक बार फिर क्षेत्र के हजारों लोगों की चिंता बढ़ गई है। बरसात शुरू होते ही सड़क के दोबारा बंद होने की आशंका गहरा गई है। यदि यह मार्ग बंद होता है तो भाखड़ा क्षेत्र की करीब 3000 परिवारों की आबादी का बंगाणा से सीधा सड़क संपर्क टूट जाएगा। ऐसे में लोगों को रायपुर से मोटरबोट अथवा किश्ती के माध्यम से गोबिंदसागर झील में लगभग सात किलो मीटर का सफर तय कर बंगाणा पहुंचना पड़ेगा, ताकि वे खंड विकास कार्यालय, तहसील, राजस्व, बैंक, अस्पताल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों में अपने जरूरी कार्य निपटा सकें। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ऊना के सोशल मीडिया संयोजक राहुल शर्मा ने प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान कोलका के पास हुए भूस्खलन से सड़क को भारी नुकसान पहुंचा था। उस समय स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग को बार-बार समस्या से अवगत कराया, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो सड़क का स्थायी उपचार किया गया और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। राहुल शर्मा ने कहा कि बरसात का मौसम दोबारा शुरू हो चुका है, लेकिन भूस्खलन प्रभावित स्थल की स्थिति आज भी चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के कारण लोगों की जान जोखिम में है। उनका कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो। यदि समय रहते आवश्यक सुरक्षा कार्य नहीं किए गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# दो-दो बेटों को देश के नाम समर्पित करने वाले माता-पिता को नमन : विवेक शर्मा

## शहीद विशंभर सिंह के घर पहुंचे कुटलैहड़ के विधायक, परिजनों को बंधाया ढांढस

अनंत ज्ञान



विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर कदम पर शहीद के परिवार के साथ खड़ी है।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बुधवार बंगाणा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत मलांगड़ के गांव मलांगड़ मियां पहुंचकर शहीद विशंभर सिंह उर्फ मिंटू के परिजनों से मुलाकात की। विधायक विवेक शर्मा ने शहीद के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि शहीद विशंभर सिंह की शहादत पर पूरे प्रदेश और देश को गर्व है।

उन्होंने कहा कि यह दुख की घड़ी जरूर है, लेकिन देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवान हमेशा राष्ट्र की स्मृतियों में अमर रहते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि शहीद विशंभर सिंह का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने शहीद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके उनकी शहादत को नमन एवं श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। विधायक विवेक शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि धन्य हैं वे माता-पिता, जिन्होंने अपने दोनों पुत्रों को देश सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार पूरे समाज और राष्ट्र के लिए गर्व का विषय हैं। उनका त्याग और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधायक विवेक शर्मा ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार शहीद परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

# 151 छात्रों ने सीखे जीवन कौशल



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाना में 27 से 29 जून तक तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 151 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखे।

शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय के महत्व तथा टीम भावना के साथ प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने स्काउट-गाइड के सिद्धांतों को अपनाकर जिम्मेदार, अनुशासित एवं सेवा-भाव से युक्त नागरिक बनने का संदेश दिया। तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी कौशल, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना तथा सामाजिक मूल्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिदिन कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना से की गई, जिससे विद्यार्थियों में एकता, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों की भावना को मजबूत किया जा सके।

शिविर के दौरान रस्सियों की गांठें बांधना, प्राथमिक उपचार की जानकारी, तंबू लगाना, ध्वज के प्रति सम्मान और अनुशासन, विभिन्न खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। शिविर के समापन अवसर पर सांस्कृतिक संध्या एवं अलाव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त सुमन लता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

# भूस्खलन से नम्होल-राजघाटी मार्ग बंद, वैकल्पिक रूट जारी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** शिमला-मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग-205 पर क्वारड़ (जिला सोलन) के समीप हुए भूस्खलन के कारण नम्होल (राजघाटी) मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही अगले आदेशों तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बिलासपुर ने जन-सूचना जारी कर लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। जारी सूचना के अनुसार बिलासपुर, हमीरपुर और शिमला की ओर जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग ब्रह्मपुखर-जुखाला-जबल पुल-रानीकोटला-खारसी-दाडलामोड़-शिमला निर्धारित किया गया है।

वहीं शिमला से मंडी जाने वाले वाहनों को शिमला-दाडलामोड़-नवगांव-खारसी-रानीकोटला-बैरी-मंडी मार्ग से जाने की सलाह दी गई है। जबकि शिमला से बिलासपुर और हमीरपुर आने वाले वाहन शिमला-दाडलामोड़-खारसी-रानीकोटला-जबल पुल-घाघस /ब्रह्मपुखर-बिलासपुर मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करने, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने तथा आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देने की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि सुरक्षित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए

# जीसी बिलासपुर ने जीती वाद-विवाद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में एम्स बिलासपुर द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'नशे की लत : अपराध या उपचार योग्य बीमारी' रहा, जिसमें आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की छात्राओं श्रेयसी और गौरी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रशासन ने टीम प्रभारी प्रो. अंजु शर्मा, प्रो. पुनीत तथा दोनों छात्राओं का मिठाई खिलाकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।



# घुमारवीं पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई चोरी 10 लाख के आभूषण बरामद, 4 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं पुलिस ने बस अड्डा क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए करीब 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अभिषेक धीमान ने बताया कि तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर चोरी का सफल खुलासा किया गया। आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य संभावित संलिप्तताओं की जांच जारी है।

# श्रद्धालु को एक हफ्ते बाद लौटाया नकदी और दस्तावेजों से भरा पर्स, ईमानदारी बनी मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में मंदिर सुरक्षा कर्मियों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक श्रद्धालु का खोया हुआ पर्स एक सप्ताह बाद सुरक्षित लौटाया। 21 जून को गश्त के दौरान गुफा के पास मिले पर्स में 13,873 रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज थे। जांच के बाद पर्स के मालिक धर्मेंद्र छपरा निवासी नवांशहर (पंजाब) से संपर्क किया गया। सात दिन बाद मंदिर पहुंचने पर मंदिर न्यास कर्मचारियों और पुजारियों की मौजूदगी में उन्हें पर्स सौंप दिया गया। श्रद्धालु परिवार ने सुरक्षा कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# जिला कल्याण अधिकारी सहित परिवार के छह सदस्यों ने लिया देहदान का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला कल्याण अधिकारी रमेश चंद बंसल ने अपनी माता, पत्नी, पुत्र, पुत्री और पुत्रवधू सहित परिवार के छह सदस्यों के साथ एम्स बिलासपुर में देहदान की स्वैच्छिक प्रतिज्ञा की। उन्होंने कहा कि अंगदान और देहदान से मृत्यु के बाद भी कई लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है तथा चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को भी महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। उन्होंने लोगों से अंगदान और देहदान के प्रति जागरूक होकर मानवता की इस पुनीत सेवा से जुड़ने का आह्वान किया।

# ऋषिकेश स्कूल में अछरी देवी बनीं एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऋषिकेश में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की प्रथम बैठक प्रधानाचार्य निर्मल सिंह चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से श्रीमती अछरी देवी को एसएमसी अध्यक्ष तथा श्रीमती नीता देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिया। बैठक में नामांकन बढ़ाने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, अनुशासन बनाए रखने, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने तथा अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

ग्राम पंचायत डमली के प्रधान गुरमीत सिंह ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के विकास में सभी के सामूहिक सहयोग का आह्वान किया। प्रधानाचार्य ने एसएमसी को विद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत सेतु बताया।

# शिक्षिका नागेंद्री ठाकुर को दी भावभीनी विदाई



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरनोडा निवासी शिक्षिका नागेंद्री ठाकुर शिक्षा विभाग में लगभग 34 वर्षों की सराहनीय सेवाएं देने के बाद केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला घागस से सीएचटी पद से सेवानिवृत्त हो गईं। निजी होटल पंचवटी में आयोजित विदाई समारोह में उनके पुत्र इंजीनियर सुमित ठाकुर और अंकेश ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर उनके पति एवं सेवानिवृत्त शिक्षक शिवराम ठाकुर ने उनकी शिक्षा और समाज सेवा की सराहना की। नागेंद्री ठाकुर ने अपने संबोधन में शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान मदन ठाकुर सहित विद्यालय स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए सुखद, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# मनोज ठाकुर भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के हेड कोच बने

- चीन में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में करेंगे टीम का नेतृत्व

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में उल्लेखनीय उपलब्धियों के बीच बिलासपुर के हैंडबॉल कोच मनोज ठाकुर को एक और बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें चीन में आयोजित होने वाली 19वीं एशियाई पुरुष जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का मुख्य प्रशिक्षक (हेड कोच) नियुक्त किया गया है।

इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हैंडबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर 3 से 13 जुलाई तक टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित होगा, जिसकी जिम्मेदारी भी मनोज ठाकुर संभालेंगे। वर्तमान में मनोज ठाकुर युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, बिलासपुर में हैंडबॉल कोच तथा राज्य खेल छात्रावास के प्रभारी हैं। वे अब तक 15 बार हिमाचल प्रदेश की टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं और कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कोच एवं रेफरी की भूमिका निभा चुके हैं। इससे पहले वे उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित सेंट्रल एशियन ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भी भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं।

बिलासपुर के साईं गांव (नम्होल क्षेत्र) से आने वाले मनोज ठाकुर ने शिक्षा के साथ-साथ खेल और कानूनी क्षेत्र में भी कार्य किया है। वे एनआईएस प्रशिक्षित कोच हैं और लंबे समय से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# राष्ट्रीय कोर्फबॉल चैंपियनशिप के स्वर्ण विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय में किया भव्य स्वागत



राष्ट्रीय कोर्फबॉल स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय में स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**दधोल।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर में आयोजित अंडर-19 राष्ट्रीय कोर्फबॉल चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस विजेता टीम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के चार छात्र-छात्राएँ—किंसक, अपूर्व, साक्षी एवं ऋद्धिमा—शामिल रहे। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हिमाचल प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाकर विद्यालय तथा प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया।

मंगलवार, 1 जुलाई को विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का प्रधानाचार्य, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों एवं समस्त स्टाफ द्वारा गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों अश्विनी कुमार (डीपीई), जगतपाल (पीईटी) तथा बालकृष्ण को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अब इन खिलाड़ियों का 16 जुलाई से 25 जुलाई तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर में विशेष प्रशिक्षण शिविर (कोचिंग कैंप) आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद खिलाड़ी सीधे वहीं से थाईलैंड के लिए रवाना होंगे, जहाँ वे भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम की सराहना की।

उन्होंने प्रशिक्षकों अश्विनी कुमार, जगतपाल तथा बालकृष्ण के समर्पित प्रयासों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह गौरवपूर्ण सफलता अर्जित की है। प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे थाईलैंड में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, हिमाचल प्रदेश और पूरे देश का नाम रोशन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### लंबित मामलों को आपसी सुलह से निपटाने का मौका

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, चंबा के सचिव एकांश कपिल ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह एवं मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने का अवसर दिया जा रहा है। इसके तहत वर्षों से चल रहे मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जा सकता है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु एक सरल गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि समाधान समारोह 2026 के तहत 21 से 23 अगस्त 2026 तक सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिससे न्याय प्रक्रिया को नई गति मिलेगी।

### खैर गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय वायु सेना स्टेशन डलहौजी की ओर से काहरी पंचायत के खैर गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों से आए 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र परीक्षण सहित विभिन्न जांचें कीं और जरूरतमंद मरीजों को परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध करवाईं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी बताया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रस्तावित होली दौरे को लेकर प्रशासन ने तेज की तैयारियां

## एडीएम विकास शर्मा की अध्यक्षता में हुई अधिकारियों की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

अनंत ज्ञान

**भरमौर/होली।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रस्तावित होली घाटी दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में होली में कार्यकारी अतिरिक्त दंडाधिकारी (एडीएम) भरमौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत, सड़क, स्वास्थ्य तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से तैयारियां पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यकारी अतिरिक्त दंडाधिकारी विकास शर्मा ने बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सड़कों की स्थिति, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार मुख्यमंत्री का प्रस्तावित होली दौरा केवल प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजातीय क्षेत्र में विकास के प्रति प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं का भी महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है।



सीएम के होली घाटी दौरे के लिए प्रशासन अलर्ट। अनंत ज्ञान

### सीएम के दौरे से विकास को मिलेगी नई दिशा: ललित

एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित होली घाटी दौरा क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक साबित हो सकता है। लंबे समय से दुर्गम होली घाटी के लोग सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, बिजली एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की मांग करते रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री का दौरा क्षेत्र के विकास को नई गति देने के साथ-साथ कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात लेकर आ सकता है। प्रदेश सरकार दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा इस दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी विकास संबंधी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जा सकते हैं।

# मणिमहेश यात्रा से पहले पूरा हो एनएच-154 का कार्य

अनंत ज्ञान

◆ **चंबा में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर सुरेश ठाकुर ने सौंपा ज्ञापन**

**भरमौर।** चंबा जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं तथा आगामी श्री मणिमहेश यात्रा के मद्देनजर सेब फल उत्पादक संगठन भरमौर के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुरेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू के नाम एक ज्ञापन प्रेषित कर चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-154) के शीघ्र सुधार की मांग उठाई है। यह ज्ञापन अतिरिक्त दंडाधिकारी भरमौर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया।

ज्ञापन में सुरेश ठाकुर ने कहा कि जिला चंबा में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा का वातावरण बन गया है। जिले का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र बचा हो, जहां सड़क हादसे न हो रहे हों। लगातार हो रही दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाने से आम जनता में चिंता व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आगामी सितंबर माह में विश्व प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा आरंभ होने वाली है, जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालु सड़क मार्ग से भरमौर पहुंचते हैं। ऐसे में चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग की सुरक्षित एवं सुचारू स्थिति सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण यह मार्ग गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। वर्तमान में सड़क मरम्मत एवं सुधार कार्य जारी है, लेकिन कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी होने के कारण समय पर इसके पूरा होने को लेकर चिंता बनी हुई है।

सुरेश ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी कर मणिमहेश यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सड़क सुधार कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों की यात्रा सुरक्षित, सुगम और दुर्घटनामुक्त हो सके।

## डलहौजी हिलटॉप स्कूल में 'सी लर्निंग' पर विशेष संवाद सत्र आयोजित

**अनंत ज्ञान, अजीत सिंह, डलहौजी।** डलहौजी हिलटॉप स्कूल में परम पावन 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में तथा वैश्विक स्तर पर करुणा एवं नैतिकता आधारित 'सी लर्निंग' (सोशल, इमोशनल एंड एथिकल लर्निंग) कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. कैलाश चंद्र बौद्ध, जो एक प्रतिष्ठित बौद्ध विद्वान और दलाई लामा के हिंदी अनुवादक हैं, ने 'सी लर्निंग' के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहानुभूति, आंतरिक मूल्य और नैतिक जागरूकता जीवन की चुनौतियों से निपटने में सहायक हैं। स्कूल की प्रेसिडेंट डॉ. पूनम राय धवन ने समग्र शिक्षा में करुणा और संवेदनशीलता के महत्व पर बल दिया। तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधियों फुर्बु दमदुल और केलासांग तेनजिन ने भी कार्यक्रम की सराहना की। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा और उन्हें माइंडफुलनेस तथा भावनात्मक संतुलन के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए।

# नप चंबा अध्यक्ष भुवनेश्वरी गुलाटी ने किया सुल्तानपुर वार्ड का किया दौरा

अनंत ज्ञान



◆ **जल निकासी व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश**

**चंबा।** नगर परिषद चंबा की नवनियुक्त अध्यक्ष भुवनेश्वरी गुलाटी ने पदभार संभालते ही स्पष्ट कर दिया है कि उनकी कार्यशैली केवल कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वह स्वयं मौके पर पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगी।

इसी क्रम में उन्होंने सुल्तानपुर वार्ड का दौरा किया और बारिश के बाद सड़कों तथा बंद पड़ी नालियों की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि अभी सभी वार्डों की जमीनी स्थिति का पूरा आकलन नहीं हुआ है, इसलिए वह स्वयं हर क्षेत्र में जाकर वास्तविक हालात का अध्ययन कर रही हैं। खजियार चौक सहित कई स्थानों पर नालियां बंद मिलने पर गंदा पानी सड़कों पर बहता पाया गया। इस पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को तुरंत सफाई और नालियों की मरम्मत के निर्देश दिए, जिसके बाद सफाई कार्य शुरू कर दिया गया।

भुवनेश्वरी ने लोगों से अपील की कि कूड़ा नालियों में न डालें और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर वे स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगी और जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

## मौसम की मार से बचाएगा फसल बीमा बागवान उठाएं योजना का लाभ: डॉ. प्रमोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिले के बागवानों के लिए राहत भरी खबर है। बदलते मौसम और प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाव के लिए उद्यान विभाग ने मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उद्यान उपनिदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने कहा कि यह योजना बागवानों की मेहनत और निवेश को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि, भारी बारिश सहित अन्य प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों के कारण यदि बागवानी फसलों को नुकसान पहुंचता है, तो योजना के तहत बीमित बागवानों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है। ऐसे में मौसम की अनिश्चितता के दौर में फसल बीमा हर बागवान के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित हो सकता है। डॉ. प्रमोद शाह ने जिले के सेब सहित अन्य फल उत्पादक किसानों से समय रहते अपनी फसल का बीमा करवाने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार की इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर किसान आर्थिक जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मौसम की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए फसल बीमा अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने बागवानों से अपील की कि वे अपनी वर्षों की मेहनत और पूंजी की सुरक्षा के लिए इस योजना से अवश्य जुड़ें। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी उद्यान विकास कार्यालय अथवा संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# 5 साल बाद फिर गुलजार होगा बतोट स्कूल का खेल मैदान

## 'अनंत ज्ञान' में छपी खबर का असर: 10 दिन में हटेगा मैदान से मलबा

अनंत ज्ञान




◆ **पंचायत प्रधान लतीफ ने किया मैदान का निरीक्षण**

**देशराज कश्यप, धरवाला।** शिक्षा खंड गैहरा के तहत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट का पिछले लगभग पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा खेल मैदान अब जल्द ही बच्चों की खेल गतिविधियों के लिए फिर से तैयार होगा। स्थानीय लोगों और अभिभावकों द्वारा इस गंभीर समस्या को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासनिक और पंचायत स्तर पर तत्काल पहल शुरू हो गई है।

खुंदेल पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान लतीफ मोहम्मद और उपप्रधान कुशल कुमार ने ग्रामीणों एवं अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचकर खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि पहाड़ी से गिरी बड़ी-बड़ी चट्टानों और लाखों टन मलबे के कारण मैदान पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है, जिससे पिछले कई वर्षों से बच्चे खेल गतिविधियों से वंचित हैं और उनके शारीरिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रधान लतीफ मोहम्मद ने मौके पर ही आश्वस्त किया कि अगले 10 दिनों के भीतर युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर मैदान से मलबा हटाकर उसे खेल योग्य बनाया जाएगा, ताकि छात्र-छात्राएं फिर से खेल गतिविधियों में भाग ले सकें। उन्होंने बताया कि पंचायत की ओर से प्रस्ताव पारित कर विकास खंड अधिकारी तथा उपायुक्त चंबा को भेजा जाएगा, ताकि मैदान के स्थायी सुधार और सुरक्षित एवं आधुनिक खेल मैदान के निर्माण के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराया जा सके।

# राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आकाश एजुकेशनल ने भविष्य के डॉक्टरों को किया सम्मानित




अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर, आकाश एजुकेशनल ने बुधवार को यहां अपने 10 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया, जो डॉक्टर के रूप में अपना करियर बना चुके हैं और वे भी जो प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में एमबीबीएस की पढ़ाई के अंतिम चरणों में हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, डिप्टी रीजनल डायरेक्टर, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, 'हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 37 वर्षों से अधिक समय से हम छात्रों को डॉक्टर बनने के उनके सपने को साकार करने में मदद करके भारत के हेल्थकेयर इकोसिस्टम में योगदान दे रहे हैं। यह कार्यक्रम हमारे पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को सराहने और चिकित्सा पेशेवरों की भावी पीढ़ियों को तैयार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का एक तरीका है।'

पिछले 10 वर्षों में, आकाश के छात्रों ने नीट में 13 बार ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है, जो भारत के टेस्ट प्रिपरेशन के क्षेत्र में एक बेजोड़ उपलब्धि है। इसी अवधि के दौरान, आकाश के छात्रों ने लगातार एआईआर टॉप 10 रैंकों में 64% और एआईआर टॉप 100 रैंकों में 50% स्थान हासिल किए हैं।

## गुरुग्राम: मां की दूसरी शादी से नाराज बेटे ने की सौतेले पिता की हत्या

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** जिला के खंड पटौदी क्षेत्र में एक युवक ने अपने सौतेले पिता की हत्या कर दी। उसने नुकीली वस्तु से कई वार किए, जिससे उसके पिता की मौत हो गई। पुलिस प्रवकता संदीप कुमार ने बुधवार को बताया कि वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मनोज के रूप में हुई है। मनोज मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के हसलपुर गांव का रहने वाला था। फिलहाल मनोज पटौदी में अपने परिवार के साथ रह रहा था। मनोज ने करीब 13 साल पहले आरोपी शिवम शिवा की मां से शादी की थी।

बताया जा रहा है कि शिवम इस रिश्ते से शुरू से ही खुश नहीं था। वह अपनी मां की दूसरी शादी को लेकर मनोज से नाराज रहता था। परिवार के लोगों ने बताया कि इसी रिश्ते को लेकर मनोज और शिवम के बीच अक्सर कहासुनी और झगड़ा होता रहता था। दोनों में तनातनी रहती थी। घर का माहौल कई बार तनावपूर्ण हो जाता था। इस घटना मे शिकायतकर्ता प्रेमपाल ने पुलिस को बताया कि बीती रात मनोज और उसके सौतेले बेटे शिवम के बीच फिर से विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि आधी रात को गुस्से में आकर शिवम ने घर में रखी कुदाल उठा ली और मनोज पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खून ज्यादा बहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# सीपीडीएल ने मानसून में बिजली सुरक्षा को लेकर जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान

◆ **चंडीगढ़ में उपभोक्ताओं से सावधानी बरतने की अपील, हेल्पलाइन नंबर भी जारी**

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर तथा मानसून के आगमन को देखते हुए चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत उपकरणों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

सीपीडीएल अधिकारियों ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे विशेष रूप से बारिश के दौरान और उसके बाद बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों तथा खुले या क्षतिग्रस्त बिजली के तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उपभोक्ताओं को यह भी सलाह दी गई है कि वे गीले हाथों से किसी भी विद्युत उपकरण या स्विच को न छुएं। यदि घर के अंदर पानी का रिसाव हो जाए, तो बिजली के झटके के खतरे से बचने के लिए तुरंत मुख्य बिजली आपूर्ति (मेन पावर सप्लाई) बंद कर दें।

अधिकारियों ने यह भी आगाह किया है कि बिजली के तारों पर कपड़े सुखाना अत्यंत खतरनाक है और इससे हर हाल में बचना चाहिए। साथ ही, उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे बिजली के सॉकेट और एक्सटेंशन बोर्ड पर आवश्यकता से अधिक विद्युत भार (ओवरलोड) न डालें।

सीपीडीएल ने नागरिकों से अपील की है कि यदि सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर कोई बिजली का तार टूटा हुआ या क्षतिग्रस्त दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत सीपीडीएल के हेल्पलाइन नंबर पर दें, ताकि तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अभिभावकों से भी आग्रह किया गया है कि वे मानसून के दौरान बच्चों को जलभराव वाले क्षेत्रों, बिजली से संबंधित प्रतिष्ठानों तथा विद्युत उपकरणों से दूर रखें। अधिकारियों ने सभी उपभोक्ताओं से इस सुरक्षा एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय घटना से बचा जा सके।

विद्युत सुरक्षा से संबंधित किसी भी समस्या या सूचना के लिए उपभोक्ता सीपीडीएल के हेल्पलाइन नंबर 9240216666 पर संपर्क कर सकते हैं।

## फरीदाबाद: चार टोल टैक्सों से लोगों को अभी नहीं मिलेगी मुक्ति

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोहना आने-जाने वाले लोगों को चार टोल पर अभी टैक्स देना होगा। इससे पहले चारों टोल पर टैक्स वसूली की अंतिम तिथि दो जुलाई तय की थी लेकिन अब सरकार ने इसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है, यानी आगामी आदेश तक यहां टोल टैक्स लिया जाता रहेगा। इससे फरीदाबाद-गुरुग्राम ही नहीं बल्कि पलवल व दिल्ली से आने-जाने वाले एक लाख से अधिक वाहन चालकों को झटका लगा है। याद रहे यहां चारों टोल प्लाजा का संचालन सबसे पहले 12 जून की मध्यरात्रि तक निर्धारित था, लेकिन सरकार के नए आदेश के बाद इसे दो जुलाई तक कर दिया गया था।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन संचालित दोनों टोल प्लाजा का अनुबंध समाप्त होने के चलते इनके बंद होने की चर्चा तेज थी। विशेष रूप से बंधवाड़ी टोल प्लाजा को लेकर स्थानीय निवासी, उद्योगपति और जनप्रतिनिधि लंबे समय से इसे हटाने की मांग कर रहे हैं। बड़खल से विधायक धनेश अदलखा ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर टोल समाप्त करने का आग्रह किया था। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर वर्ष 2009 के आसपास स्थापित बंधवाड़ी टोल प्लाजा सडक़ निर्माण और रखरखाव की लागत वसूलने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। हालांकि, समय के साथ यह टोल आम लोगों की परेशानी का कारण बन गया। सुबह और शाम के समय यहां लंबी कतारें लगना आम बात है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी चरणदीप सिंह ने बताया कि सरकार का आदेश आ गया है। इसलिए अब दो जुलाई को वसूली बंद नहीं होगी।

# चलते ट्रक में लगी भीषण आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



अनंत ज्ञान

**गुरुग्राम।** राजीव चौक से सुभाष चौक रोड पर बुधवार दोपहर एक रेडी मिक्स कंक्रीट मिक्सर ट्रक में अचानक आग लग गई। इस्लामपुर गांव के पास हुए इस हादसे में ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, ट्रक में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक धुआं और चिंगारियां उठने लगीं। ड्राइवर सौरव गुर्जर ने स्थिति भांपते ही वाहन रोक दिया और तुरंत बाहर कूद गया। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एयरफोर्स स्टेशन की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रक का अधिकांश हिस्सा जल चुका था।

बीच सड़क पर हादसा होने से राजीव चौक-सुभाष चौक मार्ग पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से जला हुआ ट्रक हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिरसा: बिजली और पानी संकट से जूझ रहा प्रदेश: सैलजा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में बिजली, पेयजल, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं की गंभीर स्थिति को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य, विशेषकर सिरसा और राजस्थान सीमा से लगे गांवों में लोग पीने के पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं, जो सरकार की विफल जल प्रबंधन नीति को दर्शाता है।

सैलजा ने आरोप लगाया कि सरकार बड़े-बड़े वादे और योजनाओं का प्रचार तो करती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को राहत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि नहरों, ड्रेनों और नालों की सफाई समय पर पूरी नहीं हुई है और घग्गर सहित अन्य नदियों के तटबंध भी कमजोर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले बरसात के मौसम में जलभराव और बाढ़ जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# नूंह में कर्मचारियों की मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान




**नूंह।** भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के बैनर तले बुधवार को नूंह जिला सचिवालय पर प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के जिला मंत्री अनिल भारद्वाज ने बताया कि 26 अप्रैल 2026 को गुरुग्राम में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह के दौरान भारतीय मजदूर संघ की ओर से मुख्यमंत्री को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था। उस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक मंच से घोषणा की थी कि 15 जून 2026 तक सेवा सुरक्षा के पात्र सभी योग्य कर्मचारियों को ऑफर लेटर जारी कर दिए जाएंगे। साथ ही अन्य मांगों के समाधान के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करने का भी आश्वासन दिया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद अब तक न तो कोई उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई और न ही कर्मचारी संगठनों को वार्ता के लिए बुलाया गया। इसके अलावा 15 जून तक ऑफर लेटर जारी करने का वादा भी पूरा नहीं किया गया। इससे प्रदेशभर के कच्चे कर्मचारियों में भारी निराशा और रोष है।

अनिल भारद्वाज ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों से किए गए अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। इसी क्रम में नूंह जिला सचिवालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## सीएम सैनी ने नूंह में 16 अमृत सरोवरों व जिला अस्पताल के नवीनीकरण का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान



**नूंह।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रदेशभर के विकसित 325 अमृत सरोवरों का ऑनलाइन लोकार्पण किया। वहीं, नूंह जिले के 16 अमृत सरोवरों व जिला अस्पताल के नवीनीकरण का ऑनलाइन लोकार्पण किया। नूंह जिला सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें फिरोजपुर झिरका से पूर्व विधायक एवं प्रदेश मंत्री भाजपा नसीम अहमद ने लोकार्पण किया।

भाजपा प्रदेश मंत्री नसीम अहमद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सैनी के द्वारा नारायणगढ़ में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा नूंह जिले में लगभग 8 करोड़ 72 लाख 78 हजार रुपए की लागत से विकसित 16 अमृत सरोवरों का भी ऑनलाइन लोकार्पण किया गया। नसीम अहमद ने बताया कि अमृत सरोवर योजना के तहत जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन सरोवरों का विकास किया गया है।

उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों का संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन को मजबूती मिलेगी। वही उन्होंने कहा कि नूंह के जिला नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण उपरांत उसका भी ऑनलाइन लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के आधिकारिक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# करुणामूलक नौकरियों के लिए बनेगी नई नीति

## आय सीमा से बाहर हुए अभ्यर्थियों को मिलेगा दोबारा आवेदन का अवसर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति ने लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विभिन्न विभागों से जुड़ी याचिकाओं की विस्तृत समीक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष एवं याचिका समिति के सभापति कुलदीप सिंह पठानियां की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत तथा कार्मिक विभाग से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान करुणामूलक नियुक्तियों से जुड़े अभ्यर्थियों के लिए भी राहत भरी जानकारी सामने आई। विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित बैठक में समिति सदस्य एवं विधायक चंद्रशेखर भी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित याचिकाओं को विषयवार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की तीन तथा कार्मिक विभाग की एक याचिका पर सचिव स्तर के अधिकारियों का मौखिक साक्ष्य लिया गया। समिति ने इन सभी मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग से संबंधित आठ याचिकाओं पर भी विस्तार से सुनवाई हुई। शिक्षा सचिव ने समिति को सभी मामलों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। समिति ने आठ में से छह मामलों का पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए, जबकि एक मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने तथा दूसरे मामले में विभागीय उत्तर लंबित होने के कारण उन्हें फिलहाल लंबित रखा गया। बैठक के दौरान शिक्षा सचिव ने समिति को बताया कि आय सीमा अधिक होने के कारण जिन अभ्यर्थियों के करुणामूलक नियुक्ति के आवेदन पहले निरस्त किए गए थे, उनके लिए राज्य सरकार ने नई नीति को मंजूरी दे दी है। यह नीति एक-दो दिन के भीतर अधिसूचित कर दी जाएगी। समिति के सभापति कुलदीप सिंह पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी पात्र अभ्यर्थियों को शीघ्र सूचित किया जाए ताकि वे अधिसूचना जारी होने के बाद एक माह के भीतर अपने-अपने विभागों में दोबारा आवेदन कर सकें और नई नीति का लाभ प्राप्त कर सकें। विद्युत विभाग से संबंधित छह याचिकाओं पर भी समिति ने सुनवाई की। इनमें से दो याचिकाओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, दो मामलों में पुनः परीक्षण के आदेश दिए गए, जबकि शेष दो मामलों में विभागीय उत्तर लंबित होने के कारण उन्हें अगली सुनवाई तक स्थगित रखा गया।



विधानसभा की याचिका समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सभापति कुलदीप सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

### 118 याचिकाओं में से 55 का सफलतापूर्वक निपटारा

बैठक के बाद कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि समिति को अब तक कुल 118 याचिकाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 55 का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है। चार याचिकाएं पर्याप्त आधार नहीं मिलने के कारण वापस कर दी गई हैं। 32 मामलों में विभागों से उत्तर की प्रतीक्षा है, जबकि 24 मामलों में विभागीय जवाब प्राप्त हो चुके हैं, जिन पर अगली बैठक में सुनवाई होगी। तीन मामलों में विभागाध्यक्षों को मौखिक साक्ष्य के लिए तलब किया जाएगा।

# पूर्व मंत्री विजेंद्र सिंह के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान

◆सीएम सुक्खू व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने अपूरणीय क्षति दिया करार

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री तथा नालागढ़ के पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा विजेंद्र सिंह का प्रदेश, विशेषकर सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान रहा है और समाज कल्याण के क्षेत्र में उनके कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विनय कुमार ने कहा कि राजा विजेंद्र सिंह के निधन से कांग्रेस पार्टी ने एक कर्मठ, समर्पित और अनुभवी नेता को खो दिया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को सदैव याद किया जाएगा तथा उनकी कमी कांग्रेस परिवार को हमेशा खलेगी।

80 वर्षीय राजा विजेंद्र सिंह का बुधवार प्रातः दिल्ली में निधन हो गया। वे वर्ष 1977, 1982, 1985, 1990 और 1993 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे तथा मई 1982 से अप्रैल 1983 तक मुख्य संसदीय सचिव और वर्ष 1983-84 व 1988-89 के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल जेल की सजा

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिले के झाकड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (पॉक्सो/रेप), किन्नौर डिवीजन, रामपुर बुशहर ने सुनाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच और न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध हुए। पुलिस के अनुसार थाना झाकड़ी में 19 अक्टूबर 2025 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दर्ज की गई थी। मामले में आरोपी किशोरी लाल (43) निवासी गांव झागोरी, तहसील रामपुर पर एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्य एकत्र किए और जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अपना पक्ष रखा। इसके बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (पॉक्सो/रेप), किन्नौर डिवीजन, रामपुर बुशहर ने आरोपी को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने आदेश दिया है कि जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बुधवार को बताया कि बच्चों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में सख्त रुख अपनाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार ऐसे मामलों की त्वरित, निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच की जाती है तथा न्यायालय के समक्ष ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए जाते हैं, जिससे दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए आगे भी इसी तरह कार्य जारी रहेगा।

# टीजीटी मेडिकल के 166 अभ्यर्थियों की मिली नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा निदेशालय ने टीजीटी मेडिकल के 166 चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य चयन आयोग हमीरपुर की सिफारिश के आधार पर इन अभ्यर्थियों को प्रदेश के विभिन्न सरकारी स्कूलों में ट्रेनी आधार पर नियुक्त किया गया है। सभी चयनित उम्मीदवारों को आदेश जारी होने के 10 दिनों के भीतर संबंधित विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करना होगा। ट्रेनी अवधि के दौरान उन्हें 22,860 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा, जो नियमित पद के प्रथम वेतन स्तर का 60 प्रतिशत है। प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी, जिसे संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकेगा। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि ज्वाइनिंग से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी को न्यायिक स्टांप पेपर पर बांड निष्पादित करना होगा तथा प्रधानाचार्य या मुख्याध्यापक की ओर से शैक्षणिक, व्यावसायिक, आयु, चरित्र एवं आरक्षण संबंधी सभी प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर गैर उप-कैडर क्षेत्र में नियुक्त अभ्यर्थियों को उप-कैडर क्षेत्रों में भी सेवाएं देनी पड़ सकती हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित 10 दिन की अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति बिना किसी अलग सूचना के स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

◆10 दिन में देनी होगी ज्वाइनिंग, ट्रेनी आधार पर होगी नियुक्ति

◆समय पर ज्वाइनिंग नहीं करने पर नियुक्ति होगी निरस्त

# हिमाचल में जारी रहेगी पुरानी पेंशन योजना

## नई पेंशन स्कीम नहीं होगी लागू, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए बनेगी नई नीति

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों से जुड़े दो बड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) पहले की तरह जारी रहेगी और नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) लागू नहीं की जाएगी। वहीं, वर्षों से सेवा दे रहे आउटसोर्स और पैरा वर्करों के हितों की सुरक्षा के लिए नई व्यापक नीति तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित वित्त विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना को किसी भी स्थिति में समाप्त नहीं किया जाएगा। सरकार का कहना है कि ओपीएस को बहाल करना कांग्रेस की प्रमुख चुनावी गारंटियों में शामिल था और इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कर्मचारियों के हित सर्वोपरि हैं और ओपीएस जारी रहने से राज्य पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। सरकार का यह रुख ऐसे समय सामने आया है जब देश के कई राज्यों में पेंशन व्यवस्था को लेकर लगातार बहस चल रही है। सरकार के इस फैसले को प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। खासकर ओपीएस को लेकर लंबे समय से बनी हुई चर्चाओं के बीच सरकार की ओर से एनपीएस लागू नहीं करने की स्पष्ट घोषणा ने कर्मचारियों में भरोसा और संतोष का माहौल पैदा किया है। बैठक में आउटसोर्स और पैरा वर्करों के भविष्य को लेकर भी गंभीर मंथन हुआ। वित्त विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि इन कर्मचारियों की सेवा शर्तों, सामाजिक सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक एवं व्यावहारिक नीति तैयार की जाए। सरकार का मानना है कि लंबे समय से विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराना आवश्यक है। प्रस्तावित नीति के माध्यम से उनकी सेवाओं को अधिक व्यवस्थित बनाने और रोजगार संबंधी अनिश्चितताओं को कम करने का प्रयास किया जाएगा।



◆पैरा वर्कर्स के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भी बनेगी व्यापक नीति

### पीपीपी परियोजनाओं की समीक्षा पर भी सरकार का फोकस

इस बीच प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार की अध्यक्षता में सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर संचालित परियोजनाओं की भी अलग से समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लंबित परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## एसएफआई ने निष्पक्ष जांच और विवि के पूर्व कुलसचिव पर एफआईआर की उठाई मांग

# एचपीयू में भर्ती प्रक्रिया में हेराफेरी का मामला फिर गरमाया

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा कथित अनियमितताओं का मामला एक बार फिर गर्मा गया है। पिछले कुछ समय से विश्वविद्यालय की भर्ती प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों के बीच बुधवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने इस पूरे प्रकरण को नया मोड़ देते हुए तत्कालीन कुलसचिव के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

संगठन ने थाना बालूगंज में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के तहत औपचारिक शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया कि कार्यकारी परिषद के स्पष्ट निर्देशों की अनदेखी कर भर्ती की पात्रता शर्तों में कथित तौर पर बदलाव किया गया, जिससे पूरी चयन प्रक्रिया विवादों के घेरे में आ गई।

एसएफआई का आरोप है कि वर्ष 2014 में कार्यकारी परिषद की बैठक में अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर के पद के लिए पांच वर्ष के शोध अनुभव को अतिरिक्त पात्रता के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन परिषद ने इसे तत्काल मंजूरी नहीं दी थी। परिषद ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रस्ताव को पहले बोर्ड ऑफ स्टडीज, संकाय और अकादमिक परिषद से स्वीकृति दिलाई जाए। संगठन का दावा है कि इन निर्देशों के बावजूद सितंबर 2014 में जारी विज्ञापन में पांच वर्ष के शोध अनुभव की शर्त जोड़ दी गई, जबकि उस समय तक इसे किसी भी वैधानिक शैक्षणिक निकाय की मंजूरी प्राप्त नहीं हुई थी।

एसएफआई ने अपनी शिकायत में कहा है कि यदि आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि वैधानिक प्रक्रियाओं की अवहेलना, सार्वजनिक पद के दुरुपयोग और भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता का मामला बनता है। संगठन ने पुलिस से तत्काल एफआईआर दर्ज कर समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही, यदि विश्वविद्यालय को किसी प्रकार की वित्तीय क्षति हुई हो तो उसकी भरपाई संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से कराए जाने की भी मांग उठाई गई है। संगठन ने यह भी कहा कि शिकायत आधिकारिक अभिलेखों, कार्यकारी परिषद, बोर्ड ऑफ स्टडीज, संकाय तथा अकादमिक परिषद के निर्णयों के अध्ययन पर आधारित है और किसी राजनीतिक आरोप या अफवाह पर नहीं।

एसएफआई ने शिमला के चनाहटी स्थित संस्कृति स्कूल में आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा के दौरान चार अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिए जाने की भी कड़ी निंदा की है। एसएफआई का कहना है कि प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन सहित चार अभ्यर्थी निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। संगठन ने कहा कि यदि यह तथ्य सही पाया जाता है तो यह परीक्षा संचालन में गंभीर लापरवाही का मामला है, जिसकी निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### भर्ती प्रक्रिया के दौरान स्क्रीनिंग समिति की बैठक भी निर्धारित व्यवस्था से हटकर विभाग स्तर पर हुई

छात्र संगठन का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान स्क्रीनिंग समिति की बैठक भी निर्धारित व्यवस्था से हटकर विभाग स्तर पर आयोजित की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विज्ञापन में शोध अनुभव को अनिवार्य पात्रता बनाए जाने के बावजूद ऐसे अभ्यर्थियों को भी शॉर्टलिस्ट किया गया, जो इस शर्त को पूरा नहीं करते थे। एसएफआई के अनुसार अंततः चयन उसी अभ्यर्थी का हुआ, जिसके पास पांच वर्ष का शोध अनुभव था। संगठन का दावा है कि यह पूरी प्रक्रिया इस अतिरिक्त पात्रता के आधार पर संचालित की गई, जबकि बाद में बोर्ड ऑफ स्टडीज, संकाय व अकादमिक परिषद ने इस शर्त को स्वीकार ही नहीं किया और यूजीसी के निर्धारित मानकों को ही लागू रखने का निर्णय लिया।

# इनर व्हील क्लब ऊना ने सम्मानित किए डॉक्टर्स

## डॉक्टर्स डे पर जरूरतमंद मरीज को दी 5100 रुपए की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान

**ऊना।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऊना द्वारा बुधवार को मातृ मेडिसिटी अस्पताल, ऊना में सम्मान समारोह एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब ने अस्पताल के प्रबंध निदेशक एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल चंदेल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. वर्णिता रस्तोगी चंदेल, डॉ. सुमित दुबे, डॉ. अंकिता, डॉ. विनीता, डॉ. साक्षी, डॉ. शालू सैनी, डॉ. धर्म चंद चंदेल तथा डॉ. जागृति दत्ता को स्वास्थ्य सेवाओं में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्लब ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए ग्राम नगनोली के एक जरूरतमंद किडनी मरीज को 5100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं मातृ मेडिसिटी अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. अतुल चंदेल ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए उसी मरीज की सहायता के लिए अपनी ओर से 11,000 रुपए का सहयोग दिया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। क्लब की अध्यक्ष अमरजीत बबली ने कहा कि चिकित्सक मानवता की सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। वे दिन-रात लोगों के जीवन की रक्षा के लिए समर्पित रहते हैं और उनका सम्मान करना समाज का दायित्व है। उन्होंने क्लब द्वारा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

क्लब की सचिव रजिता कसाना ने सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष शोभा सोनी ने डॉक्टर्स डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस चिकित्सकों के निस्वार्थ योगदान के प्रति समाज की कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अतुल चंदेल ने सम्मान के लिए इनर व्हील क्लब का आभार व्यक्त किया तथा क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन क्लब की संपादक अनूपा ठाकुर ने किया, जबकि सुमन पुरी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस मौके पर अस्पताल की निदेशक कांता चंदेल,क्लब की अध्यक्ष अमरजीत बबली, सचिव रजिता कसाना, उपाध्यक्ष रंजना जसवाल, कोषाध्यक्ष निरूपमा महाजन, संपादक अनूपा ठाकुर, सदस्य शोभा सोनी, सुमन पुरी, रमा कंवर, रमा कालिया, डॉ. जागृति दत्ता, रंजना बख्शी, कमला कंवर, रेखा शर्मा, मीरा मेहता सहित क्लब की अनेक सदस्याएं एवं लोग उपस्थित रहे।



इनर व्हील क्लब ऊना की ओर से सम्मानित किए गए डॉक्टर्स। अनंत ज्ञान

# चताड़ा के वार्ड 1 को संपर्क मार्ग की सौगात

## विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से 10 लाख मंजूर

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र की ग्राम पंचायत चताड़ा के वार्ड नंबर-1 के लोगों के लिए विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से बड़ी सौगात मिली है। इस क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। वार्ड में खुशी राम के घर से कमल सिंह के घर तक संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस घोषणा को मिली स्वीकृति से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संपर्क मार्ग की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। बरसात के दिनों में कच्चे रास्ते के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं स्कूली बच्चों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क बनने के बाद लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस कार्य के लिए लोकनिर्माण मंत्री राजा विक्रमादित्य सिंह से कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने के प्रयासों से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके।

लोगों का कहना है कि सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि ग्रामीणों की दैनिक गतिविधियों, कृषि कार्यों तथा आपातकालीन सेवाओं को भी सुविधा मिलेगी। किसी भी बीमारी या अन्य आपात स्थिति में वाहनों की आवाजाही आसान होने से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही गांव के विकास को भी नई गति मिलेगी। ग्राम पंचायत चताड़ा के निवासियों ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क वर्षों से उनकी प्राथमिक मांगों में शामिल थी। अब बजट स्वीकृत होने से लोगों की उम्मीदें पूरी होती दिखाई दे रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए इस प्रकार की योजनाएं आगे भी जारी रहनी चाहिए, ताकि हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंच सकें।

ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग का धन्यवाद करते हुए कहा कि विकास कार्यों से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाएगा। ग्राम पंचायत चताड़ा के समस्त निवासियों ने इस सौगात के लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## नुकसान | हिमाचल प्रदेश में प्री-मानसून के कहर के बाद अब मानसून बना बड़ी चुनौती

# चार माह में 29.84 करोड़ की क्षति, 128 लोगों की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की औपचारिक दस्तक के साथ ही बारिश का दौर तेज हो गया है और कई जिलों में सड़कें व बिजली व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। इसी बीच राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ताजा संचयी रिपोर्ट ने प्री-मानसून सीजन के दौरान हुए नुकसान की गंभीर तस्वीर भी सामने रखी है। एक मार्च से 30 जून 2026 तक प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश को 29.84 करोड़ रुपए की क्षति हुई, जबकि 128 लोगों की मौत और 667 लोग घायल हुए।

रिपोर्ट बताती है कि मानसून शुरू होने से पहले ही प्रदेश आपदाओं की बड़ी मार झेल चुका है और अब लगातार हो रही बारिश ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार प्री-मानसून अवधि में 398 पशुओं की भी मौत हुई। इसके अलावा 1,592 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए, 354 गोशालाएं, 21 दुकानें, आठ श्रमिक शेड, 22 घराट एवं श्मशान घाट तथा 47 स्थानों पर फसलों को नुकसान पहुंचा। आर्थिक दृष्टि से शिमला सबसे अधिक प्रभावित जिला रहा, जहां 7.32 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति दर्ज की गई। इसके बाद सोलन, कुल्लू, चंबा और मंडी जिलों में भी भारी नुकसान हुआ। मौतों में सबसे अधिक 75 लोगों की जान पेड़ या चट्टान गिरने की घटनाओं में गई, जबकि आग, करंट, सांप के काटने, बिजली गिरने और अन्य कारणों से भी कई लोगों की मौत हुई। अलग आंकड़ों के अनुसार इसी अवधि में सड़क हादसों में 270 लोगों ने भी जान गंवाई।



◆मानसून के पहले ही दिन बढ़ीं मुश्किलें, कई सड़कें और ट्रांसफार्मर प्रभावित

मानसून की शुरुआत के साथ प्रदेश में जनजीवन पर असर साफ दिखाई देने लगा है। एक जुलाई शाम छह बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल में 44 सड़कें और 254 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। सबसे अधिक असर मंडी जिले में है, जहां 28 सड़कें और 198 ट्रांसफार्मर ठप पड़े हैं। कुल्लू में 12, लाहौल-स्पीति में दो तथा ऊना में दो सड़कें बंद हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि प्रदेश में फिलहाल किसी भी पेयजल योजना के बाधित होने की सूचना नहीं है।

### भारी बारिश की चेतावनी जारी

राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा प्रशासन की ओर से जारी मौसम संबंधी एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग की आगामी दिनों में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने सभी जिलों को सतर्क रहने और राहत एवं बचाव दलों को तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।